CMYK

तापमान अधिकतम :36°C न्यूनतम: 22°C

सेंसेक्स 79,801.43 निफ्टी 24,246.70

सोना 98,900 चांदी 1,00,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 262 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**पाकिस्तान से इजरायल जैसा बदला ले भारत: माइकिल रुबिन**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**भारत पाक के खिलाफ द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा: राजीव शुक्ला**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो टूक

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का आ गया है समय



मधुबनी, वार्ता

■ कहा : आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया और देश की 140 करोड़ आबादी की इच्छाशक्ति के संबल से दहाड़ते हुए गुरुवार को कहा कि अब आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है और आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी।

पीएम मोदी ने गुरुवार को यहां झंझारपुर के लोहना पंचायत में पंचायती राज स्थापना दिवस पर आयोजित सभा में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है। देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

### पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी वीजा सेवाएं बंद

**नई दिल्ली।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध होंगे। वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित समयसीमा के हिसाब से वीजा की समाप्ति से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है।

## सर्वदलीय बैठक में मोदी के साथ एकसुर हुआ पूरा विपक्ष

■ सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने चूक स्वीकार की

■ राहुल बोले- विपक्ष का केंद्र सरकार के हर एक्शन को समर्थन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। सर्वदलीय बैठक में सरकार ने यह बात मानी है। गुरुवार को पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीटिंग के बाद कहा कि आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक के बारे में जानकारी दी। गुरुवार की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने भी माना कि चूक हुई। उन्होंने कहा कि अगर कुछ नहीं हुआ होता, तो हम यहां क्यों बैठे होते। बैठक में सभी दलों ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं और आतंकवाद के खिलाफ हैं। बैठक में विपक्ष के सांसदों ने आतंकी कैंपों को नष्ट करने की मांग की। साथ ही कहा कि सरकार सरकार आतंक के खिलाफ कड़े कदम उठाए। सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इंटेलिजेंस फेलियर और वहां पर प्रॉपर -शेष पृष्ठ दो पर

## पर्यटकों के हत्यारे आतंकियों पर 20 लाख का इनाम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम हमले के आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। आतंकवादियों की पहचान अनंतनाग के निवासी आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई उर्फ तलहा भाई के रूप में हुई है। पुलिस ने इन फरार आतंकवादियों के बारे में जानकारी देने पर 20 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। एनआईए की टीम भी जांच में शामिल हो गई है। गृह मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें हमले पर चर्चा की गई।

## यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम आज

**प्रयागराज।** एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा कराने वाली संस्था उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार (आज) को घोषित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-यूपीएमएसपी-ईडीयू-इन तथा डिजीलॉकर की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-रिजल्ट्स-डिजीलॉकर-जीओवी-इन पर देखा जा सकता है।

## बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-केवल तीन तलाक पर रोक

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि केवल तत्काल तीन तलाक पर रोक है, तलाक-ए-अहसन पर नहीं। हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच के जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस संजय देशमुख ने कहा कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत तलाक की परिभाषा में तलाक के वे रूप शामिल हैं, जिनका प्रभाव तत्काल होता है, या जिन्हें बदला नहीं जा सकता है। इस कमेंट के साथ ही कोर्ट ने जलगांव के एक शख्स और उसके माता-पिता के खिलाफ दर्ज शिकायत पर मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम की धारा 4 के तहत 2024 में दर्ज मामले को खारिज कर दिया। इस धारा के तहत कोई भी मुस्लिम व्यक्ति जो अपनी पत्नी को तीन तलाक देता है, जिसे तलाक-ए-बिद्दत कहा जाता है, उसे तीन साल तक की जेल की सजा दी जाएगी।

## उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उधमपुर के डुडू-बसंतगढ़ इलाके में लट्टी के वन क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में विशेष सूचना मिलने पर जब तलाशी अभियान शुरू किया गया, तब सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त संपर्क स्थापित हुआ। आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसका जवाब दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट में गोधरा कांड पर सुनवाई 6 व 7 मई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा।

## शिमला समझौता स्थगित करने की पाकिस्तान ने दी धमकी

इस्लामाबाद, वार्ता

■ कहा: अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर जंग की तरह माना जाएगा

**पहलगाम हमले** के बाद भारत के कड़े फैसलों के जवाब में पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित करने की बात कही है। इसमें 1972 का शिमला समझौता भी शामिल है।

पाकिस्तान की नेशनल सिक्योरिटी कमेटी (एनएससी) में गुरुवार को ये फैसले लिए गए। इसकी अध्यक्षता पीएम शहबाज शरीफ ने की। एक दिन पहले भारत ने भी सिंधु जल समझौता स्थगित करने समेत 5 बड़े फैसले लिए थे। पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पाकिस्तान ने कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा। हम किसी भी आतंकवादी गतिविधि की निंदा करते हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक एनसीएस की बैठक में कहा गया कि भारत में वक्फ विधेयक को जबरन पारित कराया गया, यह मुसलमानों को हाशिए पर डालने का प्रयास है। मीटिंग में पीएम शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हुए। उधर भारत सरकार ने बुधवार देर रात पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद वराइच को दिल्ली में तलब किया और उनके सैन्य राजनयिकों के खिलाफ पर्सोना नॉन ग्राटा का आधिकारिक नोट सौंपा। उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ना होगा। पर्सोना नॉन ग्राटा का मतलब अवांछनीय व्यक्ति है। यह एक लैटिन शब्द है। इसका उपयोग ऐसे व्यक्ति के लिए किया जाता है, जिसे किसी देश में रहने या आने की अनुमति नहीं है। यह आमतौर पर डिप्लोमेटिक मामलों में इस्तेमाल किया जाता है।

### आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है। आईएनएस आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वारशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डाक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया।

## अटारी बॉर्डर पर पाक के साथ सभी रस्म खत्म

■ न खोले जाएंगे गेट और न होगी कोई सेरेमनी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर से तनाव का माहौल बन गया है। भारत के एक्शन के बाद पाकिस्तान ने भी कई फैसले लिए। इसके बाद भारत ने अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तान के साथ सभी रस्म को खत्म करने का ऐलान किया।

अटारी बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट परेड के दौरान भारत की तरफ के गेट नहीं खोले जाएंगे और ना ही पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की सेरेमनी होगी। एक और शांति और दूसरी तरफ उकसाने के लिए इस तरह की आतंकी हरकतें एक साथ नहीं चल सकती। अटारी बॉर्डर, हुसैनीवाला बॉर्डर और सदकी बॉर्डर पर झंडा उतारने की रस्म के दौरान ना तो गेट खोले जाएंगे और ना ही झंडा उतारने के बाद पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की रस्म होगी।

### गलती से सीमा पार करने वाला BSF का जवान पाक हिरासत में

**नई दिल्ली।** पंजाब के फिरोजपुर में तैनात सीमा सुरक्षा बल का एक जवान बुधवार को गलती से सीमा पार चला गया, जहां उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। सीमा सुरक्षा बल के अनुसार इस जवान को वापस लाने के लिए पाकिस्तान के अधिकारियों के साथ फ्लैग मीटिंग हुई। दोनों देशों की सीमाओं पर इस तरह की घटनाएं पहले भी हुई हैं जब जवान गलती से दूसरे देश की सीमा में प्रवेश कर गए थे।

## पाक का कॉपी-पेस्ट एक्शन

इस्लामाबाद, वार्ता

■ पाक ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम की, 30 तक भारतीय राजनयिकों को लौटना होगा

**पहलगाम आतंकी** हमले के बाद भारत के एक्शन पर पाकिस्तान सरकार ने बड़ा फैसला किया है। एनएससी की बैठक के बाद पाकिस्तान सरकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि भारत ने पाकिस्तान पर एकतरफा कार्रवाई की है।

भारत की यह कार्रवाई गैरकानूनी है। भारत ने हमारे खिलाफ जो एक्शन लिया है, हमने उसका एक-एक कर जवाब दिया है। पाकिस्तान ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम कर दी है। 30 अप्रैल तक भारतीय राजनयिकों को यहां से लौटना होगा। भारत के लिए एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। भारत ने अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया, हम भी बाघा बॉर्डर बंद कर रहे हैं। पाक ने कहा कि सिख तीर्थयात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। सिंधु जल समझौते को लेकर पाकिस्तान ने कहा कि हम भी समझौतों पर प्रतिबंध लगा सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पांच नक्सली ढेर

■ 100 से अधिक सुरंगों को किया निष्क्रिय

**बीजापुर/बस्तर।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पिछले 48 घंटों से नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा संयुक्त अभियान चल रहा है।

अब तक पांच नक्सली मारे गए हैं और आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बारूदी सुरंगों का पता लगाया और उन्हें निष्क्रिय किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया है, जिसमें केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा बटालियन, जिला रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और महाराष्ट्र एवं तेलंगाना की कुलीन सी-शॉट कमांडर इकाइयों सहित कई बलों के लगभग 5,000 कर्मी शामिल हैं।

## कश्मीरी छात्रों के लिए दून पुलिस पूरी तरह सतर्क

मयूर गुप्ता



■ एसएसपी ने दिए विशेष निर्देश

■ विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत

**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना के बाद देहरादून में रह रहे कश्मीरी मूल के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस सक्रिय हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निवासरत एवं अध्ययनरत कश्मीरी छात्रों के सतत संपर्क में रहें तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

वर्तमान में देहरादून जनपद में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जनपद पुलिस द्वारा इन सभी छात्रों का विवरण प्राप्त कर उनका सत्यापन पहले ही किया जा चुका है। एसएसपी अजय सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि बिधौली चौकी क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों एवं पीजी संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित पक्षों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्हें यह भी कहा गया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सुरक्षा संबंधी चिंता की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, साथ ही छात्रों को भरोसे में लेकर उन्हें सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया जाए। एसएसपी ने बताया कि ऐसे सभी स्थान जहां कश्मीरी छात्र-छात्राएं निवासरत हैं, वहां अतिरिक्त पीएसी बल की तैनाती की गई है, जो निरंतर गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, पहलगाम घटना के संदर्भ में सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक पोस्ट्स पर जनपद की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। अब तक 25 आपत्तिजनक पोस्ट्स को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटवाया गया है। साथ ही, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले भड़काऊ भाषण के एक मामले में संबंधित संस्था के खिलाफ 'हेट स्पीच' और अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी नागरिक की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और पुलिस हर स्थिति में सतर्क व तैयार है।


nirf Ranking 2024 RANKED AMONG TOP 50 UNIVERSITIES IN INDIA | THE World University Rankings 2025 RANKED 7TH IN INDIA

UPES UNIVERSITY OF TOMORROW

100+ UG, PG and PhD Programs in

Engineering | Computer Science | Business | Law
Design | Health Sciences | Liberal Studies and Media

- B.Tech.
- MBA
- BBA
- LL.B.
- B.Des.
- B.Pharm.
- B.Sc. (Hons.)
- BA (Hons.)
- BA
- B.Com.
- BCA
- M.Tech.

and more...

#1 IN ACADEMIC REPUTATION*
LIFETIME PLACEMENT^
START-UP SUPPORT
46 FACULTY AMONG TOP 2% RESEARCHERS GLOBALLY**

25% fee concession for bonafide Uttarakhand students^

LAST DATE TO APPLY APRIL 28, 2025

Unlock Tomorrow!

UPES Dehradun | upes.ac.in | 040 68440685 (10 am to 7 pm)

^T&C apply *Among private universities in India by QS World Rankings 2025 **As per Stanford University List

# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के स्कैच जारी किए

श्रीनगर, वार्ता



■ 1500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में कथित रूप से शामिल दो पाकिस्तानी नागरिकों सहित तीन आतंकवादियों के स्केच जारी कर दिए हैं और 1500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को यहां बताया कि तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए है और जारी जांच के तहत 1,500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

गौरतलब है कि प्रदेश के सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन मैदान में 22 अप्रैल को सबसे बर्बर आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। जिनमें से 25 पर्यटक और एक स्थानीय निवासी तथा एक नेपाली युवक को आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस बीच पुलिस ने आज यहां तीन हमलावरों के स्केच जारी किए और उनकी पहचान अनंतनाग के आदिल हुसैन थोकर और दो पाकिस्तानियों अली बही उर्फ तल्हा बही तथा हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान के रूप में की। पुलिस ने हमले के बारे में जानकारी या सुराग साझा करने वाले को 20-20 लाख रुपए का इनाम देने की भी घोषणा की। पुलिस ने बताया कि तीनों आतंकवादी बैसरन पहलगाम में नागरिकों पर आतंकवादी हमले में शामिल हैं। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन वाले 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' नामक आतंकी संगठन (टीआरएफ) ने पर्यटकों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। इस बीच पहलगाम हमले की जांच के दौरान घाटी के कई जिलों से करीब 1,500 संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में संदिग्ध तौर पर आतंकियों की मदद करने वाले और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े पूर्व रिकॉर्ड वाले लोग शामिल हैं। इस मामले की जांच अभी राज्य पुलिस कर रही है और उसने इस बाबत पहलगाम पुलिस थाने में मामला दर्ज भी कर लिया है। हालांकि आने वाले दिनों में यह मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपे जाने की संभावना है।

## जम्मू-कश्मीर से बाहर रहने वाले कश्मीरियों को सुरक्षा मिले, उमर व महबूबा ने उठाई मांग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम में हुए सबसे घातक आतंकी हमले के बाद कश्मीरियों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच गुरुवार को कहा कि सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अन्य राज्यों के अधिकारियों के संपर्क में है। पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और उनसे देश भर में धमकियों और उत्पीड़न का सामना कर रहे कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की जान जाने के बाद कई राज्यों में कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों को धमकी और दुर्व्यवहार का सामना करने की खबरें सामने आई हैं। देहरादून में हिंदू रक्षा दल ने कथित तौर पर एक अल्टीमेटम जारी किया है, जिसमें कश्मीरियों को दस दिनों के भीतर शहर छोड़ने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार उनकी सुरक्षा के लिए अन्य राज्यों की सरकारों के संपर्क में है। उमर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार उन राज्यों की सरकारों के संपर्क में है, जहां से ये रिपोर्ट आ रही हैं। मैं इन राज्यों के अपने समकक्ष मुख्यमंत्रियों के भी संपर्क में हूं और उनसे अतिरिक्त सावधानी बरतने का अनुरोध किया है।

# पाक से इजरायल जैसा बदला ले भारत

वाशिंगटन, वार्ता

■ पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल बोले- अब कोई रास्ता नहीं, पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में गुस्सा है। सभी पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं। इस बीच, पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने इस हमले को लेकर सीधे तौर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि इस हमले के बाद साफ है कि भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरत है। इसमें कोई शक या संदेह नहीं होना चाहिए। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि हम जानते हैं कि पाकिस्तान कई आतंकवादी समूहों का घर है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा भी शामिल है। दुर्भाग्य से, पाकिस्तानी राजनयिकों द्वारा पश्चिम को मूर्ख बनाने के कारण आतंकवाद विरोधी कार्रवाई की कमी के कारण, अब हमारे पास न केवल पाकिस्तान में बल्कि बांग्लादेश में भी ऐसी ही समस्या का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में खुफिया जानकारी सामने आएगी। मुझे यकीन है कि कुछ संकेत मिलेंगे। वैचारिक दलदल के आधार पर कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की आईएसआई है, तथा वे ही तार्किक और वैचारिक रूप से एकमात्र देश हैं जो इस समय संदिग्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह वैसा ही है जैस 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया था। वह हमला खास तौर पर यहूदियों के खिलाफ था और सिर्फ यहूदियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि उन सबसे उदार यहूदियों के खिलाफ था जो गाजा पट्टी के साथ शांति और सामान्य स्थिति चाहते थे। अब छुट्टी मनाने वाले रिसार्ट पर मध्यम वर्ग के हिंदुओं को निशाना बनाने से साफ है कि पाकिस्तानी अब वही रणनीति अपना रहे हैं। ऐसे में अब भारत का कर्तव्य है कि वह पाक और पाक की आईएसआई के साथ वैसा ही करे जैसा इजरायल ने हमास के साथ किया था। अब समय आ गया है कि आईएसआई के नेतृत्व को खत्म कर दिया जाए और उन्हें एक नामित आतंकी समूह के रूप में माना जाए और मांग की जाए कि भारत का सहयोगी हर देश, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सहयोगी हर देश ऐसा ही करे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन दिन चलेगी लू, फिर पड़ सकती हैं बौछारें

**लखनऊ।** भीषण गर्मी की चपेट में आए उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में अगले तीन दिनो तक 'लू' चलने के आसार है, जबकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश और 29 अप्रैल से समूचे राज्य में तेज आंधी और बौछार पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घटों में राज्य के अधिकतर इलाकों में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने का अनुमान है। इस अवधि में उष्ण लहर (लू) लोगों को परेशान करेगी। हालांकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बूंदाबांदी से तापमान में मामूली गिरावट के आसार है। मौसम में फौरी परिवर्तन का दौर 30 अप्रैल तक जारी रहने का अनुमान है और 29 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को भी बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं। इस बीच भीषण गर्मी को देखते हुए लखनऊ जिला प्रशासन ने आठवीं तक की कक्षाओं को सुबह सात बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि अगले आदेश तक स्कूलों में छात्रों के लिए बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगाई जाए।

### तुर्की में आ सकता है 7.2 तीव्रता का भूकंप

**इस्तांबुल।** तुर्की में हाल ही में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप को 7-7.2 की तीव्रता वाले भूकंप के पूर्व संकेत के रूप में देखा जा रहा है जिसकी वर्ष 2045-2075 के बीच आने की आशंका है। तुर्की के भूकंप विज्ञानी अहमत एरकन ने गुरुवार को रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि इस्तांबुल में हाल ही में आया 6.2 तीव्रता का भूकंप 2045-2075 में आने वाले 7-7.2 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप का पूर्व संकेत था। उन्होंने कहा, बुधवार को आया भूकंप पूर्वी थ्रेस क्षेत्र में आने वाले 7-7.2 तीव्रता के भूकंप की चेतावनी थी या उससे पहले एक तरह का वार्म-अप था। नए भूकंप का केंद्र जमीन से सात से 13 किलोमीटर हो सकता है, लेकिन लेकिन झटके 22 गुना अधिक शक्तिशाली होंगे। मेरे शोध के अनुसार, इस शक्तिशाली भूकंप के 2045 और 2075 के बीच आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस्तांबुल के वे निवासी जिनके घर 1999 के बाद बने हैं, जब सख्त निर्माण नियम लागू किए गए थे, और जो ठोस जमीन पर स्थित हैं, उन्हें बहुत चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

# यूपी में एडेड विद्यालयों के शिक्षकों का मानदेय बढ़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक हटी, रोक हटी, परिवहन निगम में होगी 1164 भर्ती

**लखनऊ।** उप्र कैबिनेट बाई सर्कुलेशन द्वारा कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई। इन फैसलों में कानपुर बनारस, बाराबंकी की कई सड़कों के लिए बजट मंजूर किया गया। अयोध्या एयरपोर्ट की भूमि पर स्टांप शुल्क पर सरकार ने छूट दी है। हाईकोर्ट के सेवारत और सेवानिवृत्त जजों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।

प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों में मानदेय पर तैनात 1020 से अधिक शिक्षकों को बड़ी राहत दी गई है। कैबिनेट ने बाई सर्कुलेशन इनका मानदेय बढ़ाने और दो सत्र का कार्यकाल बढ़ाने को सहमति दे दी है। इसके तहत पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) में पढ़ा रहे शिक्षकों का मानदेय 12 से बढ़ाकर 20 हजार और उत्तर मध्यमा (इंटर) में पढ़ा रहे शिक्षकों का मानदेय 15 से बढ़ाकर 20 हजार करने पर कैबिनेट ने सहमति दे दी है। वहीं एडेड व राजकीय संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और छात्रों की पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए, नियमित नियुक्ति न होने के कारण 2021 व 2023 में रखे गए व वर्तमान में काम कर रहे मानदेय शिक्षकों का कार्यकाल शैक्षिक सत्र 2025-26 व 2026-27 के लिए बढ़ाने पर भी सहमति दी गई है। इस निर्णय से राजकीय संस्कृत विद्यालयों में पढ़ाई करा रहे मानदेय शिक्षक भी लाभांवित होंगे। उनका भी कार्यकाल दो सत्र के लिए बढ़ जाएगा। परिवहन निगम में 1164 मृतक आश्रितों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। निगम के इस प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई है। सार्वजनिक उद्यम विभाग ने 11 जुलाई 2003 को उपक्रमों एवं निगमों में मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर रोक लगा दी गई थी। इसके विरोध में कई बार कर्मचारी संगठनों ने निगम मुख्यालय पर धरना- प्रदर्शन भी किया। ऐसे में परिवहन निगम ने सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों में मृतक आश्रित के सेवायोजन पर लगे प्रतिबंध को शिथिल करने और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में मृतक आश्रितों की नियुक्ति की अनुमति मांगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के मंजूर होने के बाद निगम में 1164 मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिल सकेगी। निगम की ओर से तय किए गए इन मृतक आश्रितों में अलग-अलग कैडर के आश्रित हैं।

## आतंकवादियों और उनके आकाओं को मिलेगी कृत्य की सजा: योगी

# साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा

कानपुर, वार्ता



■ शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद योगी ने परिजनों को ढांढस बंधाया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हे इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द मिलेगी।

पहलगाम में आतंकवादी हमले के शिकार शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को श्रद्धाजंलि अर्पित करने के बाद योगी ने परिजनों को ढांढस बंधाया और विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचाएगी। योगी ने बाद में एक संक्षिप्त प्रेस वार्ता में कहा कि पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। बहन बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी। देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा है। केंद्र सरकार ने कल ही महत्वपूर्ण फैसले लिए है।

आतंकवाद और उग्रवाद पर भाजपा सरकार जीरो टालरेंस नीति पर कायम है। इस कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने पहलगाम के आतंकवादी हमले की निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया है। योगी ने शुभम के पिता, पत्नी और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार और प्रदेश के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि महाराजपुर क्षेत्र के हाथीगांव निवासी शुभम की पहलगाम में उनकी पत्नी के सामने हत्या कर दी गयी थी। उनका पार्थिव शरीर बुधवार देर रात यहां लाया गया। पार्थिव शरीर के साथ एमएसएमई मंत्री राकेश सचान साथ आए।

## कश्मीर में पर्यटन से मिलती है अल जेहाद को मजबूती: राजा भैया

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कहा कि कश्मीर में पर्यटन आतंकवाद को आर्थिक मदद प्रदान कर रहा है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक भावुक और कठोर संदेश साझा करते हुए कश्मीर में पर्यटन को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। राजा भइया ने लिखा कि हिंदू पहले ही कश्मीर में मारे जा चुके हैं और जो बच गए, वे आज भी अपने ही देश में शरणार्थी की तरह जीवन बिता रहे हैं। उन्होंने पर्यटकों से अपील करते हुए कहा कि जब हम अपने परिवार को गर्मी की छुट्टियों में कश्मीर घुमाने ले जाते हैं, तो न केवल अपने परिजनों की जान को खतरे में डालते हैं, बल्कि अलगाववादी, आतंकवादी और जिहादी ताक़तों को आर्थिक रूप से भी मजबूत करते हैं। कश्मीर में पर्यटन करने से आतंक वाद को मजबूती मिलती है पूर्व मंत्री ने कहा कि डल झील में नाव की सैर करते हुए ली गई तस्वीरें यह झूठा संदेश देती हैं कि कश्मीर में शांति है, जबकि सच बार-बार आतंकी हमलों के ज़रिए सामने आता है।

## पर्यटकों की सुरक्षा में विफल रही सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी घटना की भर्त्सना करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा में विफल रही केंद्र सरकार को इन आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, उनका धर्म डर फैलाना होता है, ताकि स्थानीय कारोबार को प्रभावित किया जा सके। अब सरकार ने इस बारे में सर्वदलीय बैठक बुलायी है, तो उनकी पार्टी अपना पक्ष सर्वदलीय बैठक में रखेगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव सपा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यादव ने कहा कि किसी भी दल को ऐसी वीभत्स घटना से राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहिए, क्योंकि यह देश हित का मामला है। सरकार की यह भी जिम्मेदारी है कि किसी भी तरह की फेक न्यूज जो हमारी आतंरिक और बाह्य सुरक्षा को ठेस पहुंचाती है, उस पर तुरंत रोक लगाए और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखे। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में सरकार ने अपने विवेक के अनुसार निर्णय लिए और अब सरकार की जिम्मेदारी थी कि कश्मीर जा रहे पर्यटकों की सुरक्षा का ध्यान रखे। पहलगाम में जिस स्थान पर आतंकवादियों ने निरीह पर्यटकों पर गोली बरसाई, वह निर्जन स्थान नहीं था, मगर पर्यटकों की सुरक्षा के लिए वहां कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। सरकार को यह जिम्मेदारी लेनी ही होगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आतंकवाद की घटना के बाद सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों का उनकी पार्टी स्वागत करती है।

## अर्थ व्यापार

# दिग्गज कंपनियों में मुनाफावसूली से शेयर बाजार ढेर

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल समेत 16 दिग्गज कंपनियों में हुई मुनाफावसूली से शेयर बाजार पिछले लगातार सात कारोबारी सत्र की तेजी गंवाकर आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 315.06 अंक लुढ़ककर 80 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,801.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 24246.70 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.16 प्रतिशत उतरकर 43,590.49 अंक और स्मॉलकैप 0.01 प्रतिशत टूटकर 49,267.43 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1920 में लिवाली जबकि 2015 में बिकवाली हुई, वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2930 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1441 में गिरावट जबकि 1404 में तेजी रही वहीं 85 में टिकाव रहा। बीएसई में सर्विसेज, धातु, हेल्थकेयर और कमोडिटीज में 0.63 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों में मुनाफावसूली का दबाव रहा। इस दौरान सीडी 0.33, ऊर्जा 0.06, एफएमसीजी 0.82, वित्तीय सेवाएं 0.40, इंडस्ट्रियल्स 0.18, आईटी 0.11, दूरसंचार 0.28, यूटिलिटीज 0.28, ऑटो 0.22, बैंकिंग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.04, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.19, तेल एवं गैस 0.17, पावर 0.17, रियल्टी 1.39, टेक 0.59 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10, जर्मनी का डैक्स 0.36 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.74 प्रतिशत गिर गया, जबकि जापान का निक्केई 0.49 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.03 प्रतिशत की तेजी रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 58 अंक की गिरावट लेकर 80,058.43 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,173.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं मुनाफावसूली होने से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 79,724.55 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,116.49 अंक के मुकाबले 0.39 प्रतिशत गिरकर 79,801.43 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 51 अंक उतरकर 24,277.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,347.85 अंक के उच्चतम जबकि 24,216.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,328.95 अंक की तुलना में 0.34 प्रतिशत कमजोर रहकर 24,246.70 अंक पर बंद हुआ। टाइटन 0.83, एशियन पेंट 0.47, बजाज फिनसर्व 0.29, टाटा स्टील 0.28, रिलायंस 0.13, एक्सिस बैंक 0.07, एलटी 0.03 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, चावल महंगा

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से चावल महंगा हो गया, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 4134 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.26 सेंट की बढ़त लेकर 48-60 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850- 5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 19047 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आतंकियों को...** कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। श्री मोदी ने बिहार की धरती से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत हर उस आतंकवादी और उसके संरक्षक को पहचानेगा, ढूंढ़ेगा और सजा देगा, जो देश की शांति और सुरक्षा को चुनौती देता है। भारत आतंकवादियों को धरती के अंतिम कोने तक खदेड़ेगा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी और आतंकियों को उचित दंड मिलेगा। उन्होंने कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों की जनता और नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जो इस मुश्किल घड़ी में हमारे साथ खड़े हैं। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं।

**सर्वदलीय बैठक...** सुरक्षा डेप्लॉयमेंट की बात उठाई। राहुल गांधी ने भी पूछा कि ऊपर जहां घटना हुई वहां सुरक्षाकर्मी क्यों नहीं थे, जिस पर सरकार का कहना था कि जनरली इस रूट को जून के महीने में खोला जाता है। जब अमरनाथ यात्रा शुरू होती है, क्योंकि अमरनाथ यात्रा के यात्री इस जगह पर रेस्ट करते हैं, लेकिन इस बार लोकल टूर ऑपरेटर्स ने सरकार को बिना जानकारी दिए हुए वहां पर टूरिस्ट की बुकिंग लेनी शुरू कर दी और 20 अप्रैल से वहां पर टूरिस्ट को ले जाना शुरू कर दिया। जिस बात की जानकारी लोकल अथॉरिटीज को नहीं थी। इस वजह से वहां पर डेप्लॉयमेंट नहीं किया गया, क्योंकि इस जगह पर डेप्लायमेंट हर साल जून के महीने में अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से पहले होता है। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि केंद्र सरकार उस देश के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है, जो आतंकवादी समूहों को पनाह देता है। अंतर्राष्ट्रीय कानून हमें पाकिस्तान के खिलाफ आत्मरक्षा में हवाई और नौसैनिक नाकाबंदी करने और हथियारों की बिक्री पर पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की भी अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ को बैसरन मैदान में क्यों नहीं तैनात किया गया, त्वरित प्रतिक्रिया दल को वहां पहुंचने में एक घंटा क्यों लगा और उन्होंने लोगों का धर्म पूछकर उन्हें गोली क्यों मारी। कश्मीरियों और कश्मीरी छात्रों के खिलाफ झूठा प्रचार बंद होना चाहिए। जिस तरह से आतंकवादियों ने लोगों का धर्म पूछकर उनकी हत्या की निंदा करता हूं। यह बहुत अच्छी बात है कि सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया गया है, लेकिन हम पानी कहां रखेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जो भी फैसला लेगी हम उसका समर्थन करेंगे। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। इस अवसर पर डायरेक्टर इंटेलिजेंस ब्यूरो ने 15 मिनट का प्रजेंटेशन दिया।

# डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता में आई गिरावट

## सर्वे में खुलासा- केवल 41 फीसदी लोगों की पसंद हैं राष्ट्रपति

वाशिंगटन, वार्ता



अमेरिकीयों का विश्वास घटा

राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता में लगातार गिरावट आ रही है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था, टैरिफ और आव्रजन मुद्दों को लेकर अमेरिकियों का विश्वास ट्रम्प पर से कम हो रहा है।

हाल ही में हुए सर्वे में खुलासा हुआ है कि केवल 41 फीसदी अमेरिकी ही ट्रम्प के समर्थन में हैं। जबकि चुनाव के दौरान यह आंकड़ा कहीं ज्यादा था। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे में ट्रम्प की रेटिंग में गिरावट सामने आई। अब केवल 41 प्रतिशत अमेरिकी उनके समर्थन में हैं। जबकि जनवरी में यह संख्या लगभग आधे से ज्यादा थी। वहीं प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए एक अन्य सर्वे में सामने आया कि ट्रम्प के काम की रेटिंग फरवरी में 47 प्रतिशत से गिरकर 40 प्रतिशत हो गई है। यह पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के 59 फीसदी से काफी कम है। वहीं गैलप ने पिछले सप्ताह कहा था कि कुल मिलाकर राष्ट्रपति बनने के पहले तीन महीनों में ट्रम्प की औसत अनुमोदन रेटिंग 45 प्रतिशत रही है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में निर्वाचित सभी अन्य राष्

ट्रपतियों से कम है। इससे साफ है कि अमेरिकियों का ट्रम्प की अर्थव्यवस्था जैसे प्रमुख मुद्दों को संभालने की क्षमता पर विश्वास कम हो रहा है। पिछले वर्ष मतदाताओं ने 78 वर्षीय अरबपति को अर्थव्यवस्था के मामले में मजबूत माना था, लेकिन इस महीने लगाए गए व्यापक टैरिफ ने वैश्विक बाजारों को हिलाकर रख दिया है। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे के अनुसार अब 54 प्रतिशत अमेरिकियों का मानना है कि अर्थव्यवस्था खराब हो रही है, जबकि जनवरी में यह आंकड़ा 37 प्रतिशत था। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे में पाया गया कि 45 प्रतिशत अमेरिकी लोग ट्रम्प के आव्रजन संबंधी प्रबंधन के तरीके से सहमत हैं, जबकि दो सप्ताह पहले यह आंकड़ा 50 प्रतिशत था। रायटर्स/इप्सोस सर्वे के मुताबिक जीवन-यापन की लागत के मामले में ट्रम्प की रेटिंग काफी कम है। केवल 31 प्रतिशत अमेरिकी ही इस मुद्दे पर उनके प्रदर्शन को मंजूरी देते हैं।

### ईरान यूरेनियम संवर्धन छोड़े, तभी समझौता संभव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका और ईरान में कोई भी समझौता तभी होगा, जब ईरान यूरेनियम संवर्धन बंद करेगा। बुधवार को जारी हुए एक इंटरव्यू में मार्को रूबियो ने ए बात कही। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। एक तरफ अमेरिका के विदेश मंत्री ईरान के यूरेनियम संवर्धन के काम का पूरी तरह से बंद करने की मांग कर रहे हैं, वहीं ईरान का कहना है कि उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए यूरेनियम संवर्धन की जरूरत है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK



# शिक्षा में बेमिसाल है नैनीताल

## अनूठा वातावरण, स्वच्छ पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता से बना नैनीताल शिक्षा का हब



150 सालों से भी अधिक समय से चले आ रहे नैनीताल की स्कूली शिक्षा का कोई जवाब नहीं। जिसके चलते नगर के कई स्कूल देशभर की स्कूलिंग में टॉप टेन में स्थान बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। उत्कृष्ट शिक्षा के कारण देश विदेश के बच्चे अपना भविष्य संवारने के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं।

वर्तमान परिवेश में सामाजिक वातावरण बदला है तो शिक्षा का स्वरूप भी बदल गया है, जो वैश्विक स्तर पर की हो चली है। जिसके अनुरूप खुद को स्थापित्त कर पाना शिक्षण संस्थानों की मजबूरी हो चली है। इस वजह ने नैनीताल के स्कूलों को बदल डाला है। जिस कारण नगर के रानाम स्कूल हाईटेक बन गए हैं। बोलचाल से लेकर खानपान और व्यवहार कुशलता ने यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों की अलग पहचान बनादी है। बच्चों की उत ष्ट शिक्षा के चलते देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मान सम्मान के साथ स्थान दिया जाता है। दरअसल नैनीताल की आबोहवा ही कुछ ऐसी है, जो शिक्षण कार्य के अनुकूल है। यह कुदरत का ऐसा वरदान है, जो बच्चों का बौद्धिक व शारीरिक विकास में सहायक है तो स्वास्थ्य के लिए भी बेहद अनुकूल हैं। प्रदूषणमुक्त साफ सुथरा शांत वातावरण इस नगर को शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया के चुनिंदा स्थानों में शामिल करता है। अनूठा वातावरण, सुंदर पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता के कारण ही अंग्रेजों ने इस नगर को छोटी विलायत नाम दे डाला और शिक्षा का हब बना दिया। यहां अत्याधुनिक आवासीय विद्यालयों की भरमार है तो छोटे छोटे प्ले स्कूल नन्हे मन्नों को

समाजिक समरराता में ढालकर जीवन की डगर को आसान बनाते हैं। नैनीताल उत्तर भारत के अलावा पूर्वी प्रांतों की पहली पसंद है। इन प्रदेशों से हजारों की संख्या में प्रति वर्ष बच्चे इरा नगर में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और भविष्य संवारते हैं।

प्रसतुति :
दिग्विजय सिंह बिष्ट
अकांशी मेवाड़ी

### आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा पाइन क्रस्ट स्कूल



आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरूरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है। विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।







### शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहा रामा मॉन्टेसरी



शिक्षा के क्षेत्र में रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की भूमिका अद्वितीय रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8वीं के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। बच्चों का बौद्धिक का शारीरिक विकास के साथ प्रतियोगात्मक विकास पर विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान देता है। जिस कारण यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नीलू एलहंस कहती हैं कि बच्चों की चहुमुखी विकास को लेकर उन्होंने विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू किया था और इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर प्रयासरत रहती हैं।

### नए अवतार में सीआरएसटी इंटर कॉलेज



मनोज पांडे
प्रधानाचार्य



दीपा बिष्ट,
प्रधानाचार्य
जूनियर विंग।


वर्ष 1858 में स्थापित सीआरएसटी इंटर कॉलेज अब नए अवतार में नजर आएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विद्यालय कक्षा छः से 12वीं तक सीनियर विंग के रूप मे विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहा है तो दूसरी ओर जूनियर विंग नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के नन्हे मुन्नों के सर्वांगीण विकास में जुटा हुआ है। आधुनिक कक्षाएं व विज्ञान लैब के साथ अत्याधुनिक ऑडिटोरियम ने विद्यालय की कायाकल्प किया कर दिया गया है। साथ ही रंगों कीकलाकृति से सजी दीवारों ने विद्यालय की सूरत बदल डाली है। सीनियर विंग के प्रधानाचार्य मनोज पांडे कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा के दौर में खुद को स्थापित करने व विद्यालय के ऐतिहासिक गौरव को बरकरार रखने के लिए विद्यालय को आधुनिक रंग में ढालने का प्रयास किया गया है। साथ ही अंग्रेजी माध्यम से संचालित जूनियर विंग को इस सत्र से जोड़ा गया है। जूनियर विंग पूर्व में अमेरिकन किड्स के नाम से संचालित की जाती थी, अब सीआरएसटी जूनियर विंग के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। जुनियर विंग की प्रधानाचार्य दीपा बिष्ट कहती हैं कि बच्चों के चहुमुखी विकास को लेकर जीवन समर्पित किया है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से वह अपना दायित्व निभा रही हैं। जिसके फलस्वरूप उनका शैक्षणिक मार्ग अग्रसर है। वर्तमान में विद्यालय का कुशल प्रबंधन पद्मश्री अनूप साह द्वारा किया जा रहा है।




### बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा सेंट जॉन्स स्कूल



सेंट जॉन्स स्कूल की शुरुआत वर्ष 1982 में एक प्लेस्कूल के रूप में की गई थी। वर्ष 1989 में इसे श्रीमती ई.थॉमस और श्री एस.ए.थॉमस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, जिन्होंने कक्षा 8 तक अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू किया। वर्तमान में श्रीमती विनीता रावत के रूप में वर्तमान प्राचार्या पद पर कार्य कर रही हैं। इस विद्यालय का वातावरण नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नगर में विशेष स्थान रखता है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित सेंट जॉन्स स्कूल बेहतर ढंग से बच्चों के चहुमुखी विकास में जुटा हुआ है। अनिवार्य विषयों के अलावा अतिरिक्त विषय भी चला रहा है। जिसके चलते इस विद्यालय के प्रति नगर में लोगों का विश्वास गहराता जा रहा है, जो कक्षा आठवीं तक संचालित की जा रही है।




### VRINDAVAN PUBLIC SCHOOL



Vrindavan Public School was established in 2009 under the aegis of C.L. Sah Memorial Education Society with the aim of fostering the holistic development of young learners. As a Playway and Preparatory School, it has successfully nurtured students in both academics and extracurricular activities.The school's clean, green, sunny and spacious environment provides excellent facilities for the physical and mental growth of children, ensuring they develop into bright and confident individuals.This English-medium school is efficiently managed by a team of dedicated staff members under the guidance of the Principal, Mrs. Rakhee Sah. She emphasizes the school's commitment to providing the best possible atmosphere for the all-round development of her beloved students. The school has also introduced smart classes and projectors, enhancing engagement and making learning more interactive for young minds. These advancements help create a dynamic learning environment. Additionally, the school promotes activities that develop gross motor skills, such as Origami, Dance, Taekwondo, and games, which serve as valuable components of a well-rounded physical education program. The school also has a centralized heating and cooling system for the covinence of the children.

### छात्राओं की विशेष पहचान बनाने में इतिहास रचा है ऑलसेंट्स कालेज ने

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश–विदेश में अपना भविष्य सवार चुके हैं। इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब से लेकर आज तक यह विद्यालय निंरतर प्रगति की ओर अग्रसर है। देश विदेश के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते है। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर दर्जनों छात्राएं विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने में कामयाब हुई हैं। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।




### नगर का अग्रणी विद्यालय है बिशप शॉ इंटर कॉलेज




नीलम दानी
(प्रबन्धक)



वीना मैसी
(प्रधानाचार्य)

बिशप शॉ इंटर कॉलेज उत्तराखंड बोर्ड से सम्बद्ध अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के अग्रणी विद्यालयों में स्थान रखता है और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन की विशेषता है कि बेहद कम शुल्क में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व बखूबी निभाता आ रहा है। तल्लीताल क्षेत्र में झील के समीप विद्यालय का वातावरण शिक्षा के माकूल है। विद्यालय प्रबंधक नीलम दानी कहती है कि उनका प्रयास विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य बनाना है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा। प्रधानाचार्य वीना मैसी कहती हैं कि वह वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में जुटी हुई हैं।




CMYK

# मॉकड्रिल के जरिए जानी आपदा राहत एवं बचाव की तैयारी

■ केदारनाथ धाम सहित पैदल मार्ग और केदारनाथ हाईवे पर किया गया अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ यात्रा के दृष्टिगत आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन की ओर से एक वृहद मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में विभिन्न विभागों की समन्वित भागीदारी रही, जिसमें रिकॉर्ड समय में राहत एवं बचाव कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ड्रिल के अंतर्गत जनपद के तीन प्रमुख स्थानों केदारनाथ हेलीपैड, केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर स्थित चीरबासा और फाटा डोलिया देवी में दैवीय आपदा की कृत्रिम स्थितियां तैयार की गईं।

जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र रुद्रप्रयाग को समय प्रातः 9 बजकर 55 मिनट पर कॉलर द्वारा सूचित किया गया कि फाटा डोलिया देवी क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा के कारण भूस्खलन होने से एक टेंपो ट्रैवलर मलबे में दब गया है। वाहन में 13 यात्री सवार थे, जो सोनप्रयाग की ओर जा रहे थे। सूचना मिलते ही आपदा राहत टीमें त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। विपरीत मौसम परिस्थितियों के बावजूद आपदा राहत एवं बचाव दल ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी 13 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

दूसरे घटनाक्रम में प्रातः 10 बजकर 2 मिनट पर केदारनाथ यात्रा मार्ग के चीरबासा क्षेत्र से कॉल प्राप्त हुई कि अतिवृष्टि एवं संभावित बादल फटने की घटना के चलते चट्टानें गिर गई हैं, जिससे कुछ तीर्थयात्री मलबे में दब गए हैं। इसके बाद राहत एवं बचाव दल सक्रिय हो गया और घटनास्थल पर पहुंचकर दबे लोगों को निकालने का कार्य शुरू किया गया। राहत एवं बचाव दल ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी यात्रियों को मलबे से बाहर निकाल दिया है। तीसरे घटनाक्रम में एक हेलीकाप्टर फाटा से 6 यात्रियों को लेकर श्री केदारनाथ जा रहा था, जिसमें लैंडिंग के दौरान तकनीकी खराबी होने के कारण रोटर की तेज हवाओं से एक ढीली तिरपाल टकराने के कारण हेली का संतुलन बिगड़ गया, जिससे हेलीकाप्टर को हेलीपैड़ से इतर इमरजेंसी लेंडिंग करानी पड़ी।



हेलीकाप्टर में 6 यात्री तथा 2 क्रू मेंबर सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही चिकित्सा दल सहित अन्य राहत इकाईयां घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को रेस्क्यू कर निकटवर्ती अस्पतालों में पहुंचाया गया। इस संपूर्ण मॉक ड्रिल के संचालन के लिए स्टेजिंग एरिया सोनप्रयाग पार्किंग को केंद्र बनाया गया था। ऑपरेशन सेक्शन की कमान पुलिस उपाधीक्षक विकास पुंडीर के हाथों में थी, जबकि स्टेजिंग एरिया मैनेजर की भूमिका लोक निर्माण विभाग ऊखीमठ के अधिशासी अभियंता आरपी नैथानी ने निभाई। ट्रांसपोर्टेशन ब्रांच का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कर रहे थे। योजना निर्माण अनुभाग के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र बिष्ट को नियुक्त किया गया था, वहीं डॉक्यूमेंटेशन यूनिट की जिम्मेदारी जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट को दी गई थी। चिकित्सा सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश के पास रही। रेस्क्यू टीमों में जिला आपदा प्रतिक्रिया बल और युवा मंगल दल के 10-10 जवान, 6 सदस्यीय पुलिस बल तथा एनडीआरएफ की एक सब-टीम शामिल रही। इंसीडेंट साइट चीफ उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि आपदा प्रबंधन की तैयारियों के क्रम में समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाती हैं, जिससे प्रशासनिक तैयारियों की सटीकता एवं तत्परता का परीक्षण किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में यह संपूर्ण ड्रिल संपन्न हुई और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली का गहन मूल्यांकन किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक दिवस पर मतदाता जागरूकता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक दिवस के अवसर पर बुधवार को श्रीदेव सुमन राजकीय जिला पुस्तकालय बौराड़ी में मतदाता जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों को निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाते हुए आगामी चुनावों में जिम्मेदार नागरिक के रूप में भागीदारी निभाने की अपील की।

साथ ही बच्चों को पुस्तकों के महत्व और चुनाव प्रक्रिया की उपयोगिता से भी अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता नागरिकों की जागरूकता पर निर्भर करती है, और जब देश का युवा वर्ग वोटिंग के महत्व को समझता है तो मजबूत लो. कतंत्र की नींव और अधिक सुदृढ़ होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकों से जुड़ने और ज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी ने मतदाता जागरूकता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति में कुछ न कुछ कमियां होती हैं, लेकिन लोकतंत्र में अपने मत का सही प्रयोग करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत राष्ट्र की नींव सशक्त लो. कतंत्र है, और इसके लिए जिम्मेदार नागरिकों का सही प्रतिनिधि चुनना अनिवार्य है।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला सभागार नई टिहरी में "सशक्त पंचायत, सशक्त उत्तराखण्ड, सशक्त राष्ट्र" विषय पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए केवल कार्यक्रम आयोजित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर मौजूद कमियों की पहचान कर, जनसहभागिता से समाधान खोजने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाने चाहिए।



■ सशक्त पंचायतों के लिए नई टिहरी में मंथन, टिहरी की 15 ग्राम पंचायतों ने हासिल की विशेष पहचान

विधायक उपाध्याय ने कहा कि ग्रामीण विकास की रीढ़ पंचायती व्यवस्था को मजबूत कर ही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों से आह्वान किया कि वे सुझावों को गंभीरता से लें और उन्हें नीतिगत निर्णयों में स्थान दें, जिससे पंचायतों का संचालन और प्रभावी हो सके। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि यदि पंचायतें आत्मनिर्भर बनेंगी तो स्थानीय विकास में तेजी आएगी और पंचायतीराज व्यवस्था को आदर्श रूप दिया जा सकेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सहायता का पूरा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुं. चना चाहिए। जिला पंचायती राज अधिकारी एम.एम. खान ने पंचायती राज व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख किया और बताया कि सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के तहत टिहरी जनपद की 15 ग्राम पंचायतों ने विभिन्न विकास की थीमों पर उत्कृष्ट कार्य करते हुए उच्च स्थान प्राप्त किया है। इनमें गरीबी मुक्त गांव, स्वस्थ्य गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और हरा-भरा गांव, सुशासन युक्त गांव जैसे विविध आयाम शामिल हैं। इस अवसर पर डीडीओ मो. असलम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पंचायतों की उपलब्धियों को साझा करते हुए आगे की दिशा में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई।

# पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में केदारघाटी में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में केदारघाटी के लोगों ने पाकिस्तान का पुतला जलाकर जमकर विरोध किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पहलगाम की घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को चुन-चुनकर मारने की मांग की। इसके अलावा केदारघाटी के लोगों ने उत्तराखंण्ड की चारधाम यात्रा में भी बाहरी समुदाय के लोगों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाहरी समुदाय के लोगों से उत्तराखण्ड के चारो धामों को भी खतरा पैदा हो गया है।

गुरूवार को केदारघाटी के गुप्तकाशी में पहलगाम में हुई घटना के विरोध में गौ रक्षा विभाग, भैरव सेना, बजरंग सेना संगठन रुद्रप्रयाग के अलावा केदारघाटी के स्थानीय लोगों और अन्य सामाजिक संगठनों ने जमकर विरोध किया और पाकिस्तान का पुतला दहन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आतंकवादियों ने इतने बड़े जघन्य अपराध को अंजाम दिया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने धर्म पूछकर निर्दोश लोगों को गोलियां मारी है। यह एक कायराना हरकत है और किसी भी हाल में ऐसे कायर लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिये। शीघ्र ही घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों और इसमें शामिल अन्य लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।

## एक नजर.....

### एसएसबी गुरिल्ला संगठन की बैठक 27 को

**श्रीनगर।** पेंशन, नौकरी और आश्रित हितों के लाभ दिए जाने की मांग को लेकर एसएसबी गुरिल्ला संगठन की 27 अप्रैल को देहरादून में बैठक आहुत की जायेगी। गुरिल्ला संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल प्रसाद भट्ट ने बताया कि विगत 19 सालों से तीन सूत्रियां मांग को लेकर एसएसबी गुरिल्ला संघर्षरत है, बावजूद भी सरकार अए ओर से कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है। बताया कि मांगों को लेकर 27 अप्रैल को देहरादून में बैठक आहुत की जायेगी। जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तैयार कि जायेगी। उन्होंने बैठक में सभी ब्लाकों, जिलाध्यक्षों को बैठक में पहुंचने की ओर पील की है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री पासवान आज श्रीनगर में

**श्रीनगर।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान आज (कल) शुक्रवार को श्रीनगर के अदिति स्मृति न्यास में संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। भाजपा पौड़ी के जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में इस सप्ताह को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर्व के रूप में मना रही है। कहा कि इसी क्रम में शुक्रवार को श्रीनगर के आदिति पैलेस में भी संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सम्मान अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। बताया कि कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान और गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी बतौर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। साथ कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं जिला प्रभारी ऋषि कंडवाल भी मौजूद रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत ने बताया कि इससे पहले वह एसएसबी में एक विभागीय बैठक भी लेंगे।

# पोस्टर के माध्यम से छात्रों का रचनात्मकता का जीवंत प्रदर्शन

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के इंस्टीटिउशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस के अवसर पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नवाचार और विभागीय रचनात्मकता का एक जीवंत प्रदर्शन था। इस मौके पर आईआईसी के समन्वयक डॉ. वरुण बड़थ्वाल के सभी अतिथियों का स्वागत किया।आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. राम साहू ने प्रतियोगिता का अवलोकन प्रस्तुत किया और आईआईसी के विजन और मिशन पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को उत्पादों में नया मूल्य जोड़ने के लिए रचनात्मक और नवीन विचार विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि चौरास परिसर के निदेशक प्रो. आरएस नेगी ने रचनात्मकता और नवाचार के बीच के अंतर को वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से प्रभावशाली तरीके से समझाया। कार्यक्रम के डॉ. बृजेश गांगिल, डॉ. मुकेश मैठाणी और डॉ. रिशिका वर्मा निर्णायक की भूमिका में रहें। पोस्टर प्रतियोगिता में श्वेता राय, सहेज मल्होत्रा, भानु सिरोही, वन्दना भारती, सूरज कुमार, प्रीत आनंद तथा रितिक बोघल को उनके अभिनव विचार प्रस्तुति के लिए उत्कृष्ट प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर आईआईसी सेल के उपाध्यक्ष डॉ. विनीत मौर्य सहित आदि मौजूद रहें।

# चारधाम यात्रा से पहले सड़कों को दुरुस्त करने की चुनौती

■ 30 अप्रैल तक सभी गड्ढे और मलबा हटाने के आदेश, डाबरी बॉटल नेक बना यात्रा में बाधा, मुआवजा विवाद सुलझने की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** चारधाम यात्रा शुरू होने में अब गिनती के दिन बचे हैं, लेकिन यात्रा मार्गों की बदहाल सड़कों को लेकर निर्माण एजेंसियों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी है। यात्रियों की सुरक्षित और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने लोनिवि, एनएच, बीआरओ सहित सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 30 अप्रैल से पहले सभी सड़कों को पूरी तरह गड्ढा मुक्त और व्यवस्थित किया जाए।

ऋषिकेश-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर डाबरी गांव के पास किमी 80 पर बना बॉटल नेक इस बार भी सुगम यात्रा में बड़ी रुकावट बन सकता है। यहां बीआरओ और स्थानीय ग्रामीणों के बीच भूमि प्रतिकर को लेकर चल रहा विवाद अभी तक पूरी तरह नहीं सुलझ पाया है, हालांकि बीआरओ के सहायक अभियंता सुशील गड़ाकोटी ने बताया कि ग्रामीणों से वार्ता के बाद समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रगति हुई है और जल्द ही डाबरी के समीप सड़क सुधार कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग के कई स्थानों पर पिछले दिनों की सड़क कटिंग का मलबा अभी भी जमा है। अलेरू, रत्नौगाड़, शंकर बैंड, स्यांसू, कंडीसौड़, रिखोलीखाल, पनियाली जैसे क्षेत्रों में मलबे के कारण आवाजाही में दिक्कत आ रही है। इन स्थानों पर हल्की बारिश के बाद मलबा सड़कों पर फैलकर यातायात को और जटिल बना देता है, जिससे लंबे जाम लगने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों, जिनमें ललित खंडूड़ी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयवीर रावत, आनंद सिंह और विजयलक्ष्मी शामिल हैं, ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने और मलबा हटवाने की मांग की है। डीएम ने भी चारधाम यात्रा से पहले न केवल सड़क मरम्मत, बल्कि अन्य नागरिक सुविधाओं को भी सुव्यवस्थित करने के आदेश अधिकारियों को जारी किए हैं ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# पहलगाम हमले पर किया रोष व्यक्त

**कोटद्वार ।** गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट स्पेशल फोर्स संगठन ने पहलगाम हमले पर रोष व्यक्त करते हुए भारत सरकार से आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। कहा कि केंद्र सरकार को इस संबध में शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। इस संबध में संगठन कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पड़ोसी देश प्रायोजित आतंकवादियों के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाए, कम है। यह पहली बार नहीं है जब पड़ोसी देश द्वारा आतंकवादियों को ट्रेनिंग देकर भारत भेजा गया है। इसलिए अब समय आ गया है कि आतंकियों के खिलाफ एक बार फिर सर्जिकल स्ट्राइक की जाए।

# बाल विकास विभाग ने नाबालिग लड़की की रुकवाई सगाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग जनपद में बाल विवाह और नाबालिग बच्चों की सगाई गंभीर समस्या बन गई है। एक तरह हम 21वीं सदी और विकास की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अभी भी समाज में बाल विवाह जैसा गंभीर अपराध फैलता ही जा रहा है। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास द्वारा लगतार जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं और लोगों को समझाया भी जा रहा है, लेकिन बाल विवाह और नाबालिग बच्चों की सगाई कराने के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं।

जनपद में इस वर्ष अब तक महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से 18 ऐसे मामले रुकवाए जा चुके हैं। इसी क्रम में मिली जानकारी के अनुसार तिलवाड़ा में एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका की सगाई दिल्ली निवासी 24 साल के युवक के साथ होने की सूचना मिलते ही जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अखिलेश मिश्रा के निर्देशों के क्रम में वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक रंजना गैरोला भट्ट, मिशन शक्ति से जेंडर स्पेशलिस्ट प्रियंका तथा चाइल्ड हेल्पलाइन से समन्वयक अरविंद सिंह ने तत्काल नाबालिग के घर पर जाकर सगाई रूकवाई और परिजनों को सख्त हिदायत दी गई कि जब तक बालिका की उम्र 18 वर्ष नहीं हो जाती है तब तक वह न बालिका की सगाई करेंगे और ना ही उसके विवाह के बारे में सोचेंगे। टीम द्वारा परिजनों को बताया गया कि यदि उनके द्वारा जबरन यह कार्य किया जाता है तो वह कानूनी शिकंजे में फंस सकते हैं

# स्टाप टीयर्स संस्था ने विद्यालय को समर्पित किया आरओ

**श्रीनगर।** राजकीय इंटर कालेज हिसरियाखाल में छात्रों की सुविधा को देखते हुए स्टाप टीयर्स संस्था ने जीर्णशीर्ण में पड़े 12 शौचालयों सहित स्वच्छ पानी उपलब्ध करने के लिए एक कामर्शियल आरओ विद्यालय को समर्पित किया है। इस मौके पर विद्यालय प्रशासन ने स्टाप टीयर्स संस्था और बहुराष्ट्रीय कंपनी एकाम का आभार व्यक्त किया है। स्टाप टीयर्स संस्था के संस्थापक प्रमोद बमराडा ने बताया कि बहुरास्ट्रीय कंपनी एकाम के सीएसआर के माध्यम से समाजसेवी संस्था स्टॉप टीयर्स के साथ मिलकर पहाड़ी क्षेत्रो में शिक्षा, स्वास्थ्य और जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहें है। बताया कि छात्रों की सुविधा को देखते हुए जीआईसी देहलचौरी स्कूल में 3 नए कक्षाओं को विद्यालय को समर्पित किया गया है। बताया कि इससे पूर्व भी स्टॉप टीयर्स द्वारा एकाम के सहयोग से जीआईसी हिसरियाखाल में 12 शौचालय का निर्माण, पुस्ते के निर्माण, छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए विद्यालय में तारबाड़ सहित विद्यालय के छात्रों को कामर्शियल आरओ उपलब्ध करवाया गया है। इस मौके पर राइंका हिसरियाखाल के प्रधानाचार्य धीराज सिंह बिष्ट ने स्टाप टीयर्स संस्था और एकाम कंपनी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हर्षमणि पांडेय, पुनम जोशी, संजू, शैलेंद्र रतूड़ी सहित स्टाप टीयर्स संस्था के संस्थापक प्रमोद बमराडा, उत्तम सिंह राणा, कुलदीप सिंह, पंकज उनियाल, अनुष्का बिष्ट, सलूनी धनाई, प्रवेश बुटोला सहित आदि मौजूद थे।

# यात्रा में तैनात पुलिस कर्मी सही ढंग से करे अपने कर्तव्यों का निर्वहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था निलेश आनन्द भरणे पुलिस की ओर से की जाने वाली यात्रा तैयारियों का जायजा लेने के लिये केदारनाथ धाम पहुंचे। केदारनाथ धाम में उन्होंने आगामी यात्रा काल में नियुक्त होने वाले पुलिस बल की आवासीय व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मन्दिर दर्शन के लिये पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की प्रभावी सुरक्षा, मन्दिर दर्शन के लिये लाइन प्रबन्धन, भीड़ नियंत्रण के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। केदारनाथ धाम पहुंचने से पूर्व उन्होंने जनपद मुख्यालय से लेकर गौरीकुण्ड तक श्रद्धालुओं की सुरक्षा, पार्किंग स्थलों, हॉल्टिंग प्वाइंट्स, यातायात प्रबंधन तथा यात्रा ड्यूटी के लिये नियुक्त होने वाले पुलिस बल के ठहरने, भोजन व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। गौरीकुण्ड से पैदल चलकर पैदल यात्रा पड़ावों जंगलचट्टी, भीमबली, लिंचोली व केदारनाथ बेसकैम्प पर पुलिस बल के लिये उपलब्ध आवासीय एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने जनपद पुलिस के स्तर से की गयी तैयारियों की जानकारी उन्हें दी। पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था भरणे ने रुद्रप्रयाग से लेकर केदारनाथ धाम तक सभी स्थानों पर वर्तमान समय में नियुक्त पुलिस बल के साथ संवाद स्थापित करते हुए यात्रा काल में सही ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिये। चौकी प्रभारी गौरीकुण्ड सूरज कण्डारी सहित अन्य मौजूद थे।

# आतंकी हमले के विरोध में कोटद्वार बाजार रहा बंद

**कोटद्वार ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। लोग अपने-अपने तरीकों से हमले की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। कोटद्वार के व्यापारियों ने गुरुवार को 11 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। प्रांतीय उद्योग व्यापर मंडल के आह्वान पर कोटद्वार मुख्य बाजार से लेकर भाबर क्षेत्र तक की दुकानें बंद रही। इस दौरान दूरस्थ क्षेत्रों से आए यात्रियों को चाय तक नसीब नहीं हो पाई। हालांकि यातायात पूर्व की तरह चालू रहा। इसके बाद व्यापारी हिंदू पंचायती धर्मशाला में एकत्रित हुए। वहां से वे जुलूस की शक्ल में नारेबा. जी करते हुए झंडाचौक पहुंचे और आतंकवाद का पुतला दहन किया।

# पांच दशक पुरानी सड़क अब भी संकरी हर वक्त बना रहता है हादसे का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जौनपुर विकासखंड के मुख्यालय से अगलाड़ होते हुए थत्यूड़-नैनबाग को जोड़ने वाले 42 किलोमीटर लंबे मोटर मार्ग का निर्माण भले ही करीब पांच दशक पहले हो गया हो, लेकिन आज तक इसका चौड़ीकरण नहीं हो पाया है। संकरी और जोखिम भरी इस सड़क से क्षेत्र के लगभग 50 गांव सीधे जुड़े हुए हैं। ऐसे में स्थानीय लोग लगातार दुर्घटनाओं की आशंका के साए में सफर करने को मजबूर हैं।

इस मोटर मार्ग का निर्माण 1970 के दशक में बिना किसी मशीनरी के श्रमिकों के परिश्रम से पूरा हुआ था और करीब दस वर्षों में यह मार्ग तैयार हो सका। उस समय की परिस्थितियों को देखते हुए यह एक बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन समय के साथ यातायात का दबाव और जनसंख्या में वृद्धि के चलते अब यह मार्ग बेहद संकरा और असुरक्षित हो चुका है।

स्थानीय पूर्व जेष्ठ प्रमुख महिपाल सिंह रावत, सामाजिक कार्यकर्ता रत्नमणि भट्ट, खेमराज भट्ट और सोमवारी लाल नौटियाल ने बताया कि इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग वर्षों से की जा रही है।

क्षेत्र पंचायत के माध्यम से कई बार शासन-प्रशासन को प्रस्ताव भेजे गए, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई है। स्थानीय जनता का कहना है कि जब अन्य क्षेत्रों की सड़कों को चौड़ा किया जा सकता है, तो इस पुराने और प्रमुख मार्ग को क्यों उपेक्षित रखा गया है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग थत्यूड़ के अधिशासी अभियंता सोनू कुमार त्यागी ने बताया कि इस सड़क का चौड़ीकरण केंद्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) के अंतर्गत प्रस्तावित है, लेकिन इसके लिए क्षेत्रीय विधायक या सांसद की ओर से विधिवत प्रस्ताव भेजना आवश्यक है। अब देखना यह है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस गंभीर मांग को प्राथमिकता में शामिल कर मार्ग को सुरक्षित बनाने की दिशा में कब ठोस कदम उठाते हैं। तब तक क्षेत्रीय जनता को इसी संकरे और जोखिमभरे रास्ते से गुजरना मजबूरी बनी रहेगी।

# सार्वजनिक पुस्तकालय खोलने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कोटद्वार ।** बीएड प्रशिक्षित महासंघ प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने नगर निगम परिसर में सार्वजनिक पुस्तकालय और न्यूनतम शुल्क पर वाई फाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को अध्ययन में आसानी होगी। इस संबध में उन्होंने गुरूवार को नगर निगम मेयर शैलेंद्र सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि पूर्व में भी नगरपालिका के समय में निगम भवन में गौरी पुस्तकालय के नाम से सार्वजनिक पुस्तकालय संचालित होता था, जो नगर निगम बनते ही बंद कर दिया गया, जिस कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उन्होंने मेयर से इस संबध में अविलंब कार्रवाई करने की अपील की है।

# चारधाम यात्रा को लेकर माक ड्रिल कर परखी व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर चारधाम यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के नेतृत्व में राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित की गई। श्रीनगर के फरासू, चमधार व सैनिक विश्राम गृह जैसे तीन प्रमुख स्थलों पर किया गया। जिसमें वाहन दुर्घटना, भूस्खलन और अग्निकांड जैसी आपदाओं के दौरान राहत व बचाव कार्यों की प्रभावशीलता का आकलन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान जिला मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने पूरे अभियान की बारीकी से निगरानी की।

फरासू के पास बस दुर्घटना की स्थिति को दर्शाया गया, जिसमें वाहन में सवार 4 गंभीर घायल, 6 सामान्य घायल और 2 लोगों की नदी में डूबने से मृत्यु होना दर्शाया गया। घायलों को 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से तत्काल श्रीनगर अस्पताल पहुंचाया गया। घटनास्थल पर पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मुस्तैद रहीं। वहीं चमधार में भूस्खलन के चलते यातायात बाधित होने की स्थिति उत्पन्न की गई। इस बीच वाहनों को वैकल्पिक मार्गों कीर्तिनगरखतीलवाड़ा और बुघाणी से भेजा गया। इसी दौरान तत्काल जेसीबी मशीनों से मलबा हटाकर कुछ ही देर में मार्ग को यातायात योग्य बनाया गया, वहीं श्रीनगर के सैनिक विश्राम गृह में आग लगने की मॉक घटना में दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर समय रहते काबू पाया। आग से फर्नीचर को नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

इस मौके पर जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने कहा कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित, समन्वित और प्रभावी कार्रवाई की क्षमता को परखना है। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच तालमेल और तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी इस ड्रिल का अहम हिस्सा रहा। मॉक ड्रिल के दौरान एसएसपी लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, एएसपी अनूप काला, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद, एआरटीओ एनके ओझा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डेंगू की रोकथाम के लिये दिये आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विगत वर्षों से डेंगू रोग राज्य में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में परिलक्षित हो रहा है। प्रशासनिक स्तर पर डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग की रोकथाम एवं इसके नियंत्रण के लिये विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने संबंधी विषय को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि उत्तराखंड शासन द्वारा डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग की रोकथाम तथा इसके नियंत्रण को लेकर तैयारियों के लिये आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय संबंधित विभागीय अधिकारियों को डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग की रोकथाम के लिए शासन द्वारा जारी गाइडलाइन व दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इस संबंध में विभागीय स्तर पर की जा रही गति. विधियों की आख्या उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया गया है।

### कांग्रेसियों ने हमले को केंद्र सरकार की नाकामी बताया

श्रीनगर। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में नगर कांग्रेसियों ने गुरुवार को स्थानीय गोला पार्क में पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने हमले को केंद्र सरकार की नाकामी बताकर पुतला दहन किया। नगर अध्यक्ष कांग्रेस सूरज घिल्डियाल ने कहा कि आतंकवादी देश के भीतर घुसकर हमला कर रहे हैं और केंद्र सरकार को जानकारी तक ही नहीं है।बहुत सारी खामियों के कारण ही यह घटना हुई है।

# अधिवक्ताओं ने जताया आतंकवाद के खिलाफ रोष

**कोटद्वार ।** बार एसोसिएशन कोटद्वार ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले पर रोष व्यक्त किया है। हमले के विरोधस्वरूप गुरुवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे और उन्होंने सिमलचौड़ स्थित कोर्ट परिसर में एकत्रित होकर आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आतंकियों की कायराना हरकत पर पूरे देश में रोष पनप रहा है। अब केंद्र सरकार को आतंकवादियों पर हमला कर उनके ठिकानों को पूर्ण रूप से नष्ट कर देना चाहिए। मौके पर हमले में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय पंत, प्रवेश रावत, रश्मि चंदोला जोशी, इंद्रेश भाटिया, अविरल पंत और सुनील डोबरियाल सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अव्यवस्थाओं के कारण रेफर सेंटर बना बेस अस्पताल

**कोटद्वार ।** एकजुट संगठन ने राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि राजकीय बेस चिकित्सालय केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में लोगों की जानें जा रह हैं। जनवरी-2023 से अब तक 538 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि, 2960 मरीजों को रेफर किया गया।बुधवार को हिंदू पंचायती धर्मशाला में संगठन के संयोजक राम कंडवाल ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होनें कहा कि कोटद्वार बेस अस्पताल पर पहाड़ के साथ ही मैदान की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं टिकी हैं। लेकिन, अस्पताल में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। अस्पताल में फिजीशियन तक नहीं है। हड्डी रोग चिकित्सक भी संविदा पर सेवाएं दे रहे हैं। बेहोशी का चिकित्सक भी दूसरे चिकित्सालय से संबद्ध है। चिकित्सालय में चर्मरोग, मनोरोग विशेषज्ञ नहीं है। कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण समुचित इलाज न मिलने से लगातार मरीजों की मौत हो रही है। सूचना अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के अनुसार बेस चिकित्सालय में जनवरी 2023 से अब तक 538 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि अभी तक 2960 मरीजों को बाहर रेफर कर दिया गया है। कहा कि यदि जल्द से जल्द व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो जनता आंदोलन को मजबूर होगी।

# जिला योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 7420.10 लाख की धनराशि का अनुमोदन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**रूद्रपुर ।** कृषि एवं कृषक कल्याण तथा जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा जिला योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये 7420.10 लाख रूपए की धनराशि का अनुमोदन किया गया। ऊधमसिंहनगर जनपद की यह बैठक प्रदेश की पहली जिला योजना की बैठक है।



जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के आधार पर कार्य कर रही है और नि:स्वार्थभाव व निष्पक्षता से सभी जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को योजना में शामिल किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जिला योजना जनपद के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण होती है। जनपद की अतिआवश्यक कार्यों के सम्पादन एवं जनपद की छोटे-छोटे विकास कार्यों मे होने वाले धन की कमी को पूरा करती है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के द्वारा चुने गये प्रतिनिधि है जोकि जनता के प्रति जबावदेय है इसलिये जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेकर कार्ययोजना बनायी जाये। मंत्री जोशी ने कहा कि जो कार्य अतिआवश्यक है उसे प्राथमिता से कार्ययोजना में शामिल किया जाये। उन्होने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ भी भेद-भाव नही किया जायेगा, सभी सदस्यों के प्रस्ताव जिला योजना में शामिल किये जायेगें। उन्होने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी हो इसके लिए जनप्रतिनिधियों के साथ एक कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को दिये। उन्होने जिला योजना की बैठक शीघ्रता से कराने के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य स्तर पर जो भी विकास कार्यों के प्रस्ताव लम्बित है उनमें शीघ्र धनराशि उपलब्ध कराने हेतु शासन स्तर पर वार्ता की जायेगी। उन्होने जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सीएसआर मद के माध्यम से भी जनपद में अतिआवश्यक विकास कार्य करायें जाये। उन्होने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाये ताकि वे और अधिक ऊर्जा से कार्यों को सम्पादित कर सकें।

■ **रुद्रपुर में जनपद प्रभारी एवं कृषि मंत्री जोशी ने की जिला योजना समिति की बैठक**

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7420.10 लाख रूपये का अनुमोदन किया गया है। उन्होने बताया कि जिला योजना में स्वरोजगार, आजिविका परख योजनाओं के साथ ही शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य व नवाचार प्रस्तावों को प्राथमिकता से सम्मिलि किया गया है। उन्होने कहा कि आज मा0 मंत्री जी द्वारा जो दिशा-निर्देश दिये गये है उसको पुरा किया जायेगा।

बैठक में मेयर विकास शर्मा, विधायक आदेश सिंह चौहान, तिल. कराज बेहड़, भूवन कापड़ी, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिन्दल, विधायक गदरपुर प्रतिनिधि अन्जु भुड्डी, बाजपुर प्रतिनिधि डीके जोशी, जिला योजना समिति सदस्य अमित नारंग, अनिमा, चन्द्र शेखर मुडेला, हरविन्दर कौर, कमला देवी, अमिता विश्वास, अजीत पाल सिंह, सूरज पाल सिंह, विपिन कुमार, हरदेव सिंह, सुरजीत सिंह, सतीश कुमार, श्रीमती अफरोज जहां, रंजीत सिंह, जिला योजना समिति सदस्य सचिव एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, संयुक्त सचिव एवं अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कृषि अधिकारी अभय सक्सेना, डीएफओ यूसी तिवारी, एमएनए नरेश चन्द्र दुर्गापाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ केके अग्रवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी व समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# आपदा में अवसर देखने वाले तत्व अफवाह फैला रहे: शुक्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अखिल भारतीय कांग्रेस के विचार विभाग की वरिष्ठ उपाध्यक्षा डॉ. जया शुक्ला ने विभाग की ओर से पहलगाम में हुए बेहद कायराना नरसंहार के मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुये और उनके परिवारजनों के लिये सहनशक्ति, तथा घायलों के स्वास्थ्य लाभ के लिये प्रार्थना करते हुए कहा कि यह पुलवामा के बाद सबसे बड़ा नरसंहार है।

डॉ.शुक्ला ने कहा कि निहित स्वार्थों वाला समूह, जिसे देशद्रोही गैंग मानना चाहिये, जो पहले भी लगातार हिन्दू-मुस्लिम दंगे की चेष्टा में अनेक प्रकार से लगा रहा है, लगातार इसे हिन्दू-मुस्लिम दिखा रहा है, जबकि यह केवल पाकिस्तान-हिन्दुस्तान है। उन्होंने आग्रह किया कि देश को और हानि न पहुँचायें, झगड़ों को पैदा करने. की चेष्टा न करें। डॉ.शुक्ला ने आरोप लगाया कि आपदा में अवसर देखने वाले तत्व अफवाह फैला रहें हैं कि आतंकी धर्म पूछकर गोली मार रहे थे, जबकि टूरिस्टों का वीडियो यह नकारते हुए वायरल है, जो कह रहे हैं कि आतंकी छिपकर गोली चला रहे थे। कुछ मीडिया इसे सिक्योरिटी व खुफिया तंत्र की चूक बताते हैं, जैसे पुलवामा के समय कहते थे, मगर राजनीति से अलग हटके आम नागरिक पुलवामा को भी सिक्योरिटी की चूक नहें मानते। तब का वहाँ का जो पुलिस अधिकारी आतंकवादी को अपनी गाड़ी में सुरक्षित जगह ले जाता पकड़ा गया और फिर भी बचा रहा, वही इस बात का सबूत है। डॉ. शुक्ला ने बताया कि वर्तमान की इस घटना के बारेमें भी कई प्रश्न हैं। जम्मू-काश्मीर केन्द्र शासित प्रदेश है, सुरक्षा की जिम्मेदारी सीधे केन्द्रीय गृह मंत्रालय पर है। क्या कारण है कि जहाँ 2,000 टूरिस्ट जमा थे, वहाँ एक भी सुरक्षा कर्मी नहीं था? एक टीवी चैनल के लाइव प्रसारण में यह बात उसके जर्नलिस्ट ने कही तो तुरन्त लाइव प्रसारण बन्द कर दिया। दोषियों को सामने लाया जाना चाहिये और ऐसे कड़े कदम उठाये जाने चाहियें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाऐं न हों, साथ ही, देश को पूर्णकालिक गृह मंत्री चाहिये, वर्तमान गृह मंत्री शायद चुनावी गठजोड़ों में अघिक व्यस्त रहते हैं।

# अंशुल भट्ट ने दिया सिविल सेवा परीक्षा को क्रैक करने का मंत्र

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के बेटे अंशुल भट्ट (आई.ए.एस.) गुरुवार को श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2023 में अखिल भारतीय स्तर पर 22वीं रैंक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ अपने अनुभव सांझा किए और उन्हें सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने से सम्बन्धित सफलता के मंत्र दिए। छात्र-छात्राएं युवा आईएएस को अपने बीच पाकर बेहद खुश हुए।



■ **लक्ष्य निर्धारित कर आप भी बन सकते हैं आईएएस ,सिविल सेवा परीक्षा 2023 में अखिल भारतीय स्तर पर प्राप्त की 22वीं रैंक , एसजीआरआरयू में अंशुल भट्ट को सुनकर विद्यार्थियों में जगा आईएएस बनने का आत्मविश्वास**

गुरुवार को श्री गुरु राम राय विश्व. विद्यालय के पटेल नगर ऑडिटोरियम में प्रेरक वार्ता का आयोजन किया गया। एसजीआरआर विश्वविद्यालय की कुलपति (प्रो.) डॉ कुमुद सकलानी ने मुख्य वक्ता के रूप में पधारे अंशुल भट्ट का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हर माता पिता का यह सपना होता है कि उनका बेटा आई.ए.एस. बने। अंशुल भट्ट की सफलता यह बताती है कि उनके अथक प्रयासों ने उन्हें यह मुकाम हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंशुल भट्ट के जैसे होनहार छात्र आज के युवाओं के लिए रोल मॉडल हैं।

काबिलेगौर है कि अंशुल भट्ट की यह यात्रा प्रेरणादायक रही है। वे अब तक पौड़ी, हरिद्वार, रुड़की, अल्मोड़ा, हल्द्वानी, काशीपुर और रुद्रपुर जैसे विभिन्न शहरों के 10 अलग-अलग स्कूलों में पढ़ चुके हैं। 12वीं कक्षा में उन्होंने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। स्नातक उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से किया, जहाँ वे कई छात्र प्रतिनिधित्व पदों पर रहे। अंशुल भट्ट ने छात्र-छात्राओं के साथ सीधा संवाद किया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ अपने अनुभव सांझा किए और उन्हें सिविल सेवा परीक्षा में सफलता के टिप्स शेयर किए। उन्होंने पौड़ी कंडोलिया में अपने स्कूल के दिनों के संस्मरण भी साझा किए।

उन्होंने कहा कि सिवल सेवा में आना एक बड़ी जिम्मेदारी है। अब उनका कर्तव्य कि वह अपने प्रदेश व देश के लिए कुछ बेहतर से बेहतर कार्य कर सकें।उन्होंने कहा कि सीमित संसाधन सफलता में बाधक नहीं होते हैं। सीमित संसाधनों को बेहतर उपयोग कर श्रेष्ठ लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा की यह धारणा सही नहीं है कि केवल दिल्ली व देहरादून या मैट्रो शहर ही सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए उपयुक्त स्थान हैं। दूर दराज के गांव में भी निर्धारित लक्ष्य बनाकर यह मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अकांक्षी होने व सफलता प्राप्त होने के बाद के अनुभव को भी समझाया। कहा कि सफलता प्राप्त होने के बाद भी मैं स्वयं को अकांक्षी कहना अधिक पसंद करता हूँ। उन्होंने कहा कि आईएएस की चाह रखने वालों को पाठ्यक्रम की सीमाओं का ध्यान रखना चाहिए। पाठ्यक्रम से सम्बन्धित महत्वपूर्ण टॉपिकों के संक्षिप्त नोट बनाने चाहिएं। तैयारी के दौरान विषय में शॉटकर्ट तैयारी के बजाय विषयवस्तु को विस्तारपूर्वक पढ़ना चाहिए। विभिन्न स्त्रोतों से विषयवस्तु का विश्लेषण कर विषय की समझ को व्यापक बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विवेकानंद के विचार उनके लिए हमेशा प्रेरणा रहे। इस प्रेरणा ने उन्हें हमेशा संबल प्रदान किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कैरियर से जुड़े कई सवाल पूछे, उन्होंने बड़ी सहजता से उनके सवालों का जवाब दिया।

मंच संचालन डॉ श्रेया कोटनाला ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिमरन अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर डॉ जे.पी.पचौरी, सलाहकार प्रेसीडेंट, श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय, डॉ लोकेश गम्भीर, कुलसचिव, डॉ मालविका कांडपाल, डॉ आर.पी.सिंह, (प्रो.) डॉ अरुण कुमार, डॉ द्वारिका प्रसाद मैठाणी सहित सभी विभागों के संकायाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य एवम् छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से संचालित मत्स्य तालाब पर नगर निगम की कार्रवाई

देहरादून शहर के बीचों बीच अवैध रूप से संचालित मछली तालाब पर गुरुवार को नगर निगम की टीम ने छापा मारा। मेयर सौरभ थपलियाल व नगर आयुक्त नमामि बंसल के नेतृव में नगर निगम की टीम ने चंदर नगर क्षेत्र में अवैध रूप से बनाये गए मछली तालाब पर छापा मारा। इस मछली तालाब में प्रतिबंधित प्रजाति की मछली ?? थाई मांगुर ?? का अवैध रूप से पालन किया जा रहा था। अवैध तरीके से संचालित मछली तालाब को तत्काल बंद करवाने के निर्देश दिए गए साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। ज्ञात हो कि ?? थाई मांगुर ?? एक प्रतिबंधित प्रजाति की मछली है और भारत में इसे पालने पर प्रतिबंध है। यह जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाती है। लिहाजा इसे प्रति. बंधित किया गया है। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत चंद्र नगर में अवैध तरीके से इस मछली का पालन किया जा रहा था। गुरुवार को अचानक नगर निगम की टीम मत्स्य पालन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंची और पाया कि अवैध तरीके से इस प्रतिबंधित क्षेत्र की मछली का पालन किया जा रहा है

## एक नजर .......

### पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद पुलिस ने चलाया अभियान

**देहरादून।** पहलगाम में हुई घटना में शामिल आतंकवादियों द्वारा आर्मी की वर्दी पहनकर उक्त घटना को अंजाम दिया गया था, जिसके दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में ऐसी सभी दुकानों, जहां आर्मी-अद्ध सैनिक बलों व अन्य सुरक्षा एजेन्सियों से सम्बन्धित वर्दी सामान की बिक्री की जाती हो, को चिन्हित करते हुए उनकी सूची तैयार करने तथा ऐसे सभी दुकान मालिकों को बिना आई0डी0 लिये किसी भी व्यक्ति को आर्मी/अर्द्ध सैनिक बलों व अन्य सुरक्षा एजेन्सियों से सम्बन्धित वर्दी व अन्य सामान की बिक्री न करने की हिदायत देने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में पुलिस द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रों में ऐसे सभी दुकानों को चिन्हित करते हुए उनके संचालकों को बिना आई0डी0 लिये किसी भी व्यक्ति को आर्मी/अर्द्ध सैनिक बलों व अन्य सुरक्षा एजेन्सियों से सम्बन्धित सामान की बिक्री न करने तथा उक्त निर्देशों का उल्लघंन करने पर उनके विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही किये जाने की हिदायत दी जा रही है।

### मुख्यमंत्री के विकसित उत्तराखंड की संकल्प को साकार कर रही हैं कोरोनेशन में ऑटोमेटेड पार्किंग

**देहरादून।** देहरादून शहर के कोरोनेशन अस्पताल में स्मार्ट ऑटोमेटेड पार्किंग का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश व जिलाधिकारी सविन बंसल के सतत प्रयासों से यह सुविधा जल्द ही आमजन को उपलब्ध होने जा रही है। इस अत्याधुनिक पार्किंग से अस्पताल परिसर में पार्किंग की अव्यवस्था खत्म होगी और मरीजों व तीमारदारों को सुरक्षित व सुविधाजनक वाहन खड़ी करने की सुविधा मिलेगी। डीएम की दृढ़संकल्प अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अब भौतिक ढांचे को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है, जिससे शहर की चिकित्सा व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी।

### सहसपुर पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस द्वारा न्यायालय से प्राप्त वारण्टो की तामील पर 2 वारंटियो हाशिम पुत्र रफीक निवासी ग्राम ढालीपुर थाना विकासनगर, पानो देवी कश्यप पत्नी मामचन्द कश्यप निवासी डांडीपुर सभावाला थाना सहसपुर को घर से दबिश देकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो वारंटियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### सेपियंस विद्यालय के छात्रों ने तपती गर्मी में ठंडा मीठा शर्बत पिलाकर बुझाई प्यास

विकासनगर। सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर में एकादशी के उपलक्ष्य में ठंडा मीठा पानी अर्थात छबील लगाने के कार्यक्रम का विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 12वीं से हर्ष तेगवाल तथा अनन्या सिंह और कक्षा आठवीं से मानस गोयल, प्रतीक, रियांशी, श्रद्धा, माधव शर्मा, हर्ष बिष्ट, अक्षिका, आदात्री, अरनव सुपहिया, विराट, सुप्रज्ञा तथा सांची ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शारीरिक प्रशिक्षक विकास पंवार के नेतृत्व में किया गया जिसमें यश सिंघल तथा अन्य कर्मचारियों ने भी सहयोग किया। विद्यालय प्रधानाचार्या रश्मि गोयल ने इस गतिविधि को करने के पीछे गर्मी के मौसम में राहगीरों को धर्म या जाति से परे जाकर पानी पिलाने के अतिरिक्त विद्यार्थियों में समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना, उन्हें भारतीय त्योहारों, व्रतों और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना, टीम में कार्य करना तथा आपस में सामंजस्य स्थापित करना मुख्य उद्देश्य बताये तथा सभी को एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

### रोटरी दून विकास ने लोगों की सुविधा को शांति धाम में कराया शैड का निर्माण

**विकासनगर।** लोगों की सुविधा के लिए शांति धाम विकासनगर मे एक शैड का निर्माण कराया गया, इस मौके पर रोटरी दून विकास के अध्यक्ष अमित सोनी ने बताया कि शव यात्रा के दौरान लोगों को बारिश, धूप आदि से परेशानी होती थी, जिससे बचने के लिए यह शैड का निर्माण कराया गया है। इस मौके पर शांति धाम के पदाधिकारी में विवेक गर्ग, दीपक जैन आदि उपस्थित रहे व रोटरी दून विकास के सदस्यों में सचिव डा. हिमांक कोहली, मयंक जैन, डॉ. दिनेश भंडारी, सुरेश रावत, प्रदीप पोत्रा, सतीश जायसवाल, अजय धमीजा, दीपक, संजीव, रोहित आदि उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय चकराता में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन, विभागीय परिषद का गठन भी



**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा सोमवार को विभागीय परिषद का गठन किया गया एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिषद के अध्यक्ष पद पर प्रिया, उपाध्यक्ष पद पर माही सेन तथा सचिव पद पर रिया का चयन सर्वसम्मति से किया गया।परिषद गठन के उपरांत छात्राओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें प्रिया ने प्रथम स्थान, रिया ने द्वितीय स्थान तथा मनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पूजा रावत ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमें अपनी छुपी हुई प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें निखारना चाहिए। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. जयश्री थपलियाल एवं डॉ. यशवीर सिंह रावत उपस्थित रहे। आयोजन में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# जीआरडी के विद्यार्थियों ने किया दुबई एवं आबूधाबी का पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणक भ्रमण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। राजधानी के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट एवं इंजीनियरिंग कॉलेज गुरु राम दास इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी देहरादून के मैनेजमेंट छात्र-छात्राओं ने दुबई एवं आबूधाबी का पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण किया।



■ **संस्थान के वाइस चेयरमैन सरदार इंदरजीत सिंह ने किया छात्र दल का स्वागत, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को समय की जरूरत बताया, महानिदेशक डॉ. पंकज चौधरी ने छात्रों से अपने अर्जित ज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए करने को प्रेरित किया**

संस्थान के वाईस चेयरमैन सरदार इंद. रजीत सिंह ने छात्र दल का स्वागत करते हुए नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के क्षेत्र में अपने विचार रखे एवं अनुभव साझा किये । उन्होंने नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को समय की जरूरत बताया । पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय भ्रमण के दौरान छात्र छात्राओं ने मरीना पाम जुमेरा अटलांटिस, बुर्ज अल अरब, जुमेराह बीच, वार्नर ब्रोस वर्ल्ड आबू धाबी का विस्तृत भ्रमण किया ।

छात्र-छात्राओं ने लिगेसी रियल एस्टेट, दुबई के प्रबंधन से बिजनेस टिप्स भी सीखे । एमबीए के छात्र आदित्य सहाय ने सस्थान का धन्यवाद देते हुए बताया कि दुबई और भारत के व्यापारिक मॉडलों में उन्होंने कुछ मुख्य अंतर देखे । दुबई एक मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ, व्यापार, वित्त और पर्यटन के लिए एक वैश्विक केंद्र है। वहीं भारत एक विविध अर्थव्यवस्था के साथ, कृषि और सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करता है।छात्र निगम सैनी ने कहा कि दुबई में ज्यादातर व्यवसाय आयात-निर्यात और पुन:-निर्यात पर आधारित होते हैं, जबकि भारत में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार दोनों महत्वपूर्ण हैं ।मैनजमेंट छात्र प्रशांत ने अंतर्राष्ट्रीय टूर को अपने कैरियर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पहले दुबई की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से तेल उद्योग पर आधारित थी, लेकिन अब पर्यटन, वित्तीय सेवाओं और रियल एस्टेट पर केंद्रित है, जबकि भारत की अर्थव्यवस्था कृषि और सेवा क्षेत्र पर केंद्रित है। दुबई में अन्य उद्योग अपेक्षाकृत कम है, जबकि भारत में कई औद्योगिक क्षेत्र हैं ।

अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण के सफल संचालन पर संस्थान के महा. निदेशक डॉ. पंकज चौधरी ने जीआरडी मैनेजमेंट एवं शिक्षकों को धन्यवाद दिया एवं छात्रों से अपने अर्जित ज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए करने को प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग उत्साह एवं मेधा से परिपूर्ण है और इस तरह के अंतराष्ट्रीय आयोजन उनके लिए सफलता की नयी राहें खोलते हैं एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देते है ।इस अवसर पर संस्थान के वाईस चेयरमैन सरदार इंदरजीत सिंह ओबेराय, सरदार प्रबजी ओबेराय, महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी उपस्थित रहे ।

# डा. अंबेडकर ने हमेशा मानवाधिकारों के लिए उठाई आवाज: विधायक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी सम्मान सभा के निम्मित एनफील्ड लॉन, विकासनगर में आयोजित सभा में सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर सम्मिलित हुए।

इस दौरान विधायक पुंडीर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर न सिर्फ भारत के संविधान निर्माता थे, बल्कि वह एक महान समाज सुधारक, शिक्षाविद, और दलितों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले नायक थे। उनका जीवन संघर्षों से भरा था, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने हमेशा न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए आवाज उठाई।

इस दौरान कार्यक्रम में विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा दीप्ति रावत, राज्यमंत्री गीताराम गौड़ व ज्योति प्रसाद गैरोला, जिलामंत्री नवीन रावत, जिलाध्यक्ष मीता सिंह, नीरू देवी, मंडल अध्यक्ष सुखदेव फर्षवाण, रवि कश्यप, बलबहादुर थापा, हरीश चौहान, पंकज कुमार, महावीर सिंह नेगी समेत पार्टी के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मामूली कहासुनी को लेकर नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती एक व्यक्ति की हत्या, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम से संवाददाता**

**देहरादून** गुरुवार को थाना प्रेमनगरर्मा वेल्फेयर सोसाइटी नाम से मांडोवाला में स्थित नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती युवकों के बीच हुई आपसी मारपीट में दो युवकों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रेमनगर मय पुलिस बल के तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। मौके पर घटना के सम्बन्ध में जानकारी की गई तो पता चला कि नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती हरमनदीप सिंह पुत्र स्व0 जगसीर सिंह द्वारा अपने एक साथी गुरदीप सिंह पुत्र गंडा सिंह के साथ मिलकर एक व्यक्ति अजय कुमार पुत्र बलजीत सिंह निवासी हापुड रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश की किसी नुकीली चीज से वार कर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस द्वारा दोनो अभियुक्तों को मौके से हिरासत में लिया गया।



गुरुवार को अपने कार्यालय में मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया की आरोपियों के सम्बन्ध में जानकारी करने पर पता चला कि हरमनदीप सिंह को विगत: 13-अप्रैल को और अभियुक्त गुरदीप सिह को विगत: 31 मार्च को उनके परि. जनों द्वारा नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती कराया गया था। 02 दिन पूर्व अभियुक्तों का किसी बात को लेकर मृतक अजय कुमार, जिसे उसके परि. जनों द्वारा 8 अप्रैल को शा मुक्ति केन्द्र में भर्ती कराया गया था, से विवाद हुआ था, जिसे नशा मुक्ति केन्द्र संच. ालक व अन्य लोगों द्वारा बीच-बचाव कर सुलझाया गया था।

■ **मृतक द्वारा गाली दिए जाने से क्षुब्ध होकर दिया घटना को अंजाम, चम्मच से मृतक के गले तथा सीने पर वार कर की उसकी हत्या**

हरीश पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए दोनों हत्यारे से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि 02 दिन पूर्व हुए विवाद में मृतक अजय कुमार द्वारा उन्हें गालियां दी गई थी, जिससे क्षुब्ध होकर उनके द्वारा उसे मारने की योजना बनाई गयी थी तथा योजना के मुताबिक आज जब अजय कुमार कमरे पर अपने बिस्तर पर सोया था, इस दौरान उक्त दोनो युवक कमरे पर गये तथा उनमें से एक ने उसका मुहं दबाया तथा दूसरे युवक द्वारा चम्मच से उसके गले व छाती पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के संबंध में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।

# जनशक्ति पार्टी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति ) पार्टी द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अपनी जान गवाएं निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए सहसपुर विधानसभा में कैंडिल मार्च किया गया। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली ने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि जन अधिकार पार्टी इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा करती हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों की हत्या भयावह है। यह नृशंस हमला मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध है, जिसकी जितनी निंदा की जाए, वो कम है। इस मुश्किल वक्त में जन अधिकार पार्टी-जनशक्ति पार्टी की संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ सारा देश एकजुट है। सरकार को जम्मू-कश्मीर में ठोस कदम उठाकर, वहां लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। अब बयानों से काम नहीं चलेगा। हम सरकार को उस क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

इस मौके पर प्रदेश सचिव अमजद इलाही, मौलाना शाहबान, हाफिज जाबिर, अंकित मिगलानी, आदित्य गुप्ता, हर्षित गुप्ता, पप्पू, इस्लाम, इमरान, इकराम, इकबाल, रिजवान, सोएब, साकिब आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## कौशल विकास व उद्यमशीलता मंत्रालय ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ की साझेदारी

**देहरादून।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने 'एआई करियर्स फॉर वीमेन' के लॉन्च के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, इस कौशल पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में महिलाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में करियर बनाने और डिजिटल इकोनोमी में भागीदारी के लिए सक्षम बनाना है। यह साझेदारी महिलाओं को उद्योग जगत के अनुकूल एआई-कौशल के साथ सशक्त बनाकर उभरते टेक सेक्टर में लिंग अंतराल को दूर करेगी। इससे महिलाएं डिजिटल इकोनोमी में शामिल होकर देश के विकास में सक्रिय योगदान दे सकेंगी। जयंत चौधरी, राज्य मंत्री कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय तथा राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय ने कहा, यह पहल दर्शाती ह कि किस तरह सरकार और उद्योग जगत एक साथ मिलकर एक समावेशी एवं भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण कर सकते हैं।

# मुस्लिम समाज ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

## आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे पाकिस्तान को सबक सिखाने की जरूरत : एड. फुरकान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर के मुस्लिम समाज ने सभा का आयोजन कर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार की कड़े शब्दों में निन्दा की और दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पूर्व पार्षद इसरार सलमानी के कार्यालय पर आयोजित सभा की अध्यक्षता करते हुए पूर्व राज्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव फुरकान अली एडवोकेट ने कहा कि केंद्र सरकार पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शामिल आतंकवादियों को ढूंढ कर उन्हें फांसी की सजा दे। उन्होंने कहा कि लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे पाकिस्तान को भी सबक सिखाए जाने की जरूरत है। पाकिस्तान पहले भी भारत में कई बार आतंकवादी हमले कर चुका है। इसलिए उसे कड़ा सबक सिखाया जाए। फुरकान अली एडवोकेट ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम निवासी सैय्यद आदिल हुसैन शाह अपनी जान की परवाह न करते हुए पर्यटकों को बचाने के प्रयास में आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गए। वहां के स्थानीय व्यक्तियों ने भी अपने घोड़े खच्चरों पर लादकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया तथा हिंदू-मुस्लिम एकता का परिचय दिया तथा पाकिस्तान के नापाक मंसूबो पर पानी फेर दिया और धर्म के नाम पर बांटने वालों को आइना दिखाया। पूर्व पार्षद इसरार सलमानी तथा पूर्व सभासद इरफान अंसारी ने संयुक्त रूप से कहा कि पाकिस्तान में इतनी हिम्मत नहीं कि वह हमारी सेना का मुकाबला कर सके। इसलिए चोरी छिपे आतंकवादी भेजकर भारत में हमले कराता है। भारत की सेना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह से सक्षम है। पूर्व पार्षद सुहेल अख्तर, भारतीय किसान मजदूर उत्थान के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष अरबाज अली एडवोकेट तथा पूर्व पार्षद रियाज अंसारी, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि शहाबुद्दीन अंसारी ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बेगुनाह लोगों की हत्या उनकी कायरता का प्रतीक है। हम इस नरसंहार की घोर निंदा करते हैं तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना करते हैं। पार्षद एहसान अंसारी एवं छम्मा ठेकेदार ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आने वाला नहीं है। अब भारत सरकार को चाहिए कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व राज्य मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव फुरकान अली एडवोकेट, रियाज अली एडवोकेट, भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष अरबाज अली एडवोकेट, पार्षद अहसान अंसारी, सोहेल अख्तर, हाजी इरफान अंसारी, रियाज अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, शमीम उर्फ छम्मा ठेकेदार, रियाज उर्फ मन्नू अंसारी मोहम्मद वसी लाला, अदनान अहमद, जावेद सलमानी, आसिफ हुसैन आदि शामिल रहे।



## कबायली हैं निर्दोषों को मारने वाले : मधूसूदन गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल सन्यास मार्ग स्थित बापेश्वर धाम के परमाध्यक्ष श्रीमहंत मधूसूदन गिरी महाराज ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। श्रीमहंत मधूसूदन गिरी महाराज ने कहा कि भारत में प्रतिष्ठित कोई धर्म इस पर की आतंकी करतूत की इजाजत नहीं देता। इतिहास गवाह है कि गीदड़ों की तरह पीठ पीछे से हमला करने वाले लोग कौन हैं। यह कबायली लोग हैं। जिनका धर्म ही निर्दोषों को मारना है। श्रीमहंत मधूसूदन गिरी महराज ने कहा कि भारत में उत्पन्न धर्म जैन, बौद्ध, सिख, वैदिक आदि न्याय संहिता के अनुपालक रहे हैं। इन धर्मो ने कभी भी निर्दोषों को मारने की सीख नहीं दी है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जूनागढ़, हैदराबाद से लेकर देश की 654 रियासतों को एकजुट किया। नेहरू से जम्मू कश्मीर भी नहीं संभल सका। सरदार पटेल के 3 जनवरी 1948 के कोलकाता अभिभाषण को नजरअंदाज करना। कितना नुकसानदायक साबित हो रहा है। यह ध्यान देने योग्य है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में शहर व्यापार मंडल ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर व्यापार मंडल मध्य हरिद्वार के अध्यक्ष मृदुल कौशिक के नेतृत्व में व्यापारियों ने कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा भारतीयों की हत्या किए जाने के विरोध में शंकर आश्रम चौक पर प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंका। इस अवसर पर शहर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि निर्दोष भारतीयों की कश्मीर में जिस प्रकार आतंकवादियों द्वारा हत्या की गई है। वह बहुत ही कष्टदायक है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। आतंकवाद परस्त नीतियों को लेकर दुनिया में अकेला पड़ चुका पाकिस्तान किसी भी सूरत में हिंदुस्तान के अंदर शांति नहीं चाहता है। भारत सरकार इस घटना के विरोध में ठोस कदम उठा रही है और आशा करते हैं जो भी दोषी हैं। उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष मृदुल कौशिक ने कहा कि निर्दोष कश्मीर में भारतीयों की हत्या किया जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी जितनी निंदा की जाएगा कम है। सरकार को इस दिशा में निर्णायक कदम उठाना चाहिए। जिससे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विरोध प्रदर्शन करने वालों में महामंत्री सतीश भाटिया, कोषाध्यक्ष आकाश चौहान, उपाध्यक्ष राजेश कश्यप, संजय पवार, पराग चाकलान, विवेक भूषण, राकेश नौटियाल, शहर मंत्री हैदर नकवी, कार्तिक शर्मा, जगदीश चावला, राजीव गुप्ता, नीरज योगी, ब्रजराज खरे, हिमांशु सैनी, अंकुर अग्रवाल, नवीन जुनेजा, सागर, रविंद्रपाल, मोहित, केशव कुमार, नितीश राजपूत, नवनीत चौहान, अभिषेक, हरिओम, नरेश चौहान, रॉबिन, वंश, पुरुषोत्तम रावत, जगजीवन राम आदि शामिल रहे।



# सर्जिकल स्ट्राइक कर आजाद कश्मीर को कब्जे में ले सरकार : संजय त्रिवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री संजय त्रिवाल के संयोजन तथा संरक्षक तेजप्रकाश साहू के संचालन में व्यापारियों ने अपर रोड़ पर प्रदर्शन किया तथा सरकार से आतंकवाद के जनक पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने की मांग की। जिला महामंत्री संजय त्रिवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए कटिबद्ध है। लेकिन विपक्षी दल इसमें बाधा डालते हैं। अब समय आ गया है कि सीमा पार एक और सर्जिकल स्ट्राइक कर आजाद कश्मीर को तुरंत कब्जे में लिया जाये। सरक्षंक तेजप्रकाश साहू ने कहा कि आज देश उस स्थान पर खड़ा हैं। जहां प्रत्येक नागरिक भारत के प्रत्येक नागरिक को देश के बारे में सोचना होगा। आंतकवाद का कोई धर्म, जाति नहीं होती हैं। निर्दोष लोगों का खून बहाकर महिलाओं के माथे का सिंदूर पोंछने और बच्चों के सिर से मां बाप का साया हटाने वाले कभी भी माफी के हकदार नहीं हो सकते हैं। सभी आतंकवादियों को पकड़ कर बिना मुकद्दमा चलाए चौराहे पर सरेआम मौत की सजा दी जाए। प्रदर्शन करने वालो में अजय रावल, अमन कुमार, सुरेश शाह, संजय प्रजापति, दिनेश कुकरेजा, मन्नू कुमार, गौरव कुमार, विजय शर्मा, राजीव शर्मा आदि शामिल रहे।



## शिवालिक नगर के व्यापारियों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में शिवालिक नगर के व्यापारियों ने शिवालिक नगर कमर्शियल कांपलेक्स में प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंका और आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। व्यापार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र बिश्नोई ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किए गए कायरना हमले का केंद्र सरकार को कड़ा जवाब देना चाहिए। पाकिस्तान से सभी संबंध समाप्त किए जाएं। धर्मेन्द्र विश्नोई ने कहा कि जल सिंधु को समाप्त करना केंद्र सरकार का ऐतिहासिक निर्णय है। आतंकवाद का समूल रूप से खात्मा होना चाहिए। धर्मेन्द्र विश्नोई ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को भारत में बढ़ावा देने का काम करता है। पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाएं। प्रदर्शन ओर पुतला दहन करने वालों में विकास बाली, विवेक चौधरी, अजय अरोड़ा, श्रवण बिश्नोई, राजीव चौहान, हिमांशु चौधरी, नन्हे भारद्वाज, आशीष पाठक, प्रदीप सतीजा, यशपाल गुप्ता, शुभम गुप्ता, सुनील चौधरी आदि व्यापारी शामिल रहे।

# मॉकड्रिल : हरिद्वार में मची भगदड़, एक की मौत, 15 घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार सीसीआर के पीछे शिवपुल पर अत्यधिक भीड़ होने कारण भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। भगदड़ के कारण 15 लोग घायल हो गए, जिसमें 1 की घटनास्थल पर ही मृत्यु तथा 10 लोगों की गंगा नदी में डूबने की सूचना प्राप्त हुई। चार धाम यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यस्थित दंग से संचालित करने के उद्देश्य से एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला आपदा प्रबंधन व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वधान में मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल के लिए आपदा कंट्रोल रूप से प्रातः 9.40 पर सूचना प्राप्त हुए की हरिद्वार में सीसीआर के पीछे शिवपुल पर अत्यधिक भीड़ होने के कारण भगदड़ के स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना प्राप्त होते ही जिलाधिकारी के निर्देशन में 9.45 बजे आइआरएस सिस्टम को एक्टिवेट किया गया तथा जिला प्रशासन द्वारा 9.48 बजे रेस्पॉन्स किया गया। आपदा प्रबंधन टीम राहत एव बचाव कार्य के लिए घटना स्थल के लिए रवाना किया गया जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारी, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आपदा मित्र मेडिकल टीम ओर स्वयंसेवकों की टीम के द्वारा बचाव एवं राहत कार्य किया।



मॉक ड्रिल की घटना के दृष्टिगत राहत एवं बचाव कार्य हेतु स्टेजिंग एरिया ऋषिकुल मैदान में तैयार किया गया, जहां से राहत एवं बचाव कार्य का संचालन किया गया। इस भगदड़ में 15 लोगों के घायल हुए जिसमें से 1 व्यक्ति के घटना स्थल पर मृत्यु होने तथा 4 गंभीर रूप से घायल होने तथा 10 सामान्य रूप से घायल हुए, उनमें से 10 सामान्य घायल को रिलीफ सेंटर ईलाज हेतु भेजा गया 4 गम्भीर रूप से घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया, इस भगदड़ में 10 लोगों के गंगा में डूबने की सूचना प्राप्त हुए जिन्हें जल पुलिस गोताखोरों द्वारा तत्काल रेस्क्यू करते हुए सुरक्षित निकल गया जिसने से 1 गंभीर घायल को चिकित्सालय में तथा 4 लोगों को रिलीफ कैंप में इलाज के लिए भेजा गया , आंशिक रूप से घायल 5 व्यक्तियों का घटना स्थल पर ईलाज कर उनको घर के लिए भेज दिया गया। आगामी चार धाम यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यस्थित दंग से करने के लिए तथा किसी भी आपदा से निपटने के लिए जिला अधिकारी कर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में जनपद में मॉक ड्रिल के आयोजन किया गया,जिसमें विभिन्न विभागों की भागीदारी रही जिसमें कम से कम समय में सभी के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कार्य गया। इस मॉक ड्रिल अभ्यास के संचालन स्ट्रेचिंग एरिया ऋषिकुल मैदान में बनाया गए था, जिसमें ऑपरेशन सैशन की कमान एसपी सिटी पंकज गैरोला, तथा स्ट्रेचिंग एरिया मैनेजर डिप्टी कलेक्टर लक्ष्मी राज चौहान के नेतृत्व में किए गया। डिब्रीफिंग के दौरान जनपद आपततकालीन परिचालन केंद्र में मुख्य विकास अधिकारी एवं इंसिडेंट कमांडर आकांक्षा कोंडे, ऑब्जर्वर लेफ्टिनेंट कर्नल सीजी सिंह, एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर राहुल, असिस्टेंट कमानडेंट राकेश रावत, इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सरिता पवार, जिला पूर्ती अधिकारी तेजबल सिंह, पीडी के एन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, रेड क्रॉस सोसायटी सचिव डॉ. नरेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए निकाला कैंडल मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला हरिद्वार महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती अंजू मिश्रा के नेतृत्व में पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए गोविंद घाट पर कैंडल मार्च निकालकर दो मिनट का मौन धारण कर मृत लोगों की आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष श्रीमती संतोष चौहान और महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू मिश्रा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला निर्दोष लोगों पर हमले के साथ साथ मानवता पर भी हमला है और केंद्र सरकार को बिना किसी देरी के ऐसे दुर्दांत आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर सबक सिखाना चाहिए। जिला महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रचना शर्मा और प्रदेश महासचिव नलिनी दीक्षित ने कहा कि पहलगाम में हुए नरसंहार से हर देशवासी की आंखें नम हैं और इस नरसंहार के प्रति आक्रोश है। महिला कांग्रेस मोदी सरकार से मांग करती हैं कि आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू द्विवेदी और फिशरमैन प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ग्रेस कश्यप ने कहा कि पहलगाम में हुए हमले से साफ है कि केंद्र सरकार की खुफिया एजेंसी एक बार फिर विफल साबित हुई है। इस अवसर पर महिला महानगर अध्यक्ष लता जोशी, उपाध्यक्ष बिंदु शर्मा, तनीषा गुप्ता, बीना जाटव, शालू आहूजा, वेद रानी, रंजना, संजू शर्मा, तेज शर्मा, सौम्या, कमलेश भारद्वाज आदि उपस्थित थी।



# ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और पूजन से भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति : आचार्य रामानंद

## आज होगा पांच दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री शिव मंदिर समिति शिवालिक नगर के तत्वावधान में चल रहे पांच दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अनुष्ठान के मुख्य आचार्य पंडित रामानंद दूबे ने कहा कि शिव पुराण में भगवान शिव के विभिन्न कल्याणकारी अवतारों और उनके 12 ज्योतिर्लिंगों के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया है। शिव पुराण के सभी खण्डों में भगवान शिव के चमत्कारों का भी वर्णन मिलता है, लेकिन भगवान शिव के इन 12 ज्योतिर्लिंगों का वर्णन मुख्य रूप से शिव पुराण के कोटिरुद्र संहिता में मिलता है। द्वादश ज्योतिर्लिंग, भगवान शिव के बारह प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण लिंग हैं। इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और पूजन से भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि और मोक्ष प्राप्त होता है। गुरूवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अनुष्ठान के चौथे दिन नित्य पूजन के उपरांत मुर्ति स्नपन, नगर भ्रमण, श्य्याधिवास, शान्तिक पौष्टिक होम कार्यक्रम संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन शामिल हुए। वहीं शुक्रवार को नित्य पूजन प्राण प्रतिष्ठा महापूजा आरती देव दर्शन उत्तर कर्म, पूर्णाहुति एवं विसर्जन कार्यक्रम संपन्न होगा। आचार्य पंडित रामानंद दूबे ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों की उपासना से भक्तों को अक्षय पुण्य मिलता है। इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और पूजन से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और सुख एवं समृद्धि आती है। व्यक्ति को मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। भक्तों के जन्म-जन्मांतर के पाप मिट जाते हैं। जो भी भक्त इन ज्योतिर्लिंगों का श्रद्धा से दर्शन करता है, उस पर भगवान शिव की कृपा हमेशा बनी रहती है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ (गुजरात), मल्लिकार्जुन (आंध्र प्रदेश), महाकालेश्वर (मध्य प्रदेश), ऊंकारेश्वर (मध्य प्रदेश), केदारनाथ (उत्तराखंड), भीमाशंकर (महाराष्ट्र), विश्वेश्वर (वाराणसी, उत्तर प्रदेश), त्र्यंबकेश्वर (महाराष्ट्र), वैद्यनाथ (झारखण्ड), नागेश्वर (गुजरात), रामेश्वरम (तमिलनाडु) घृष्णेश्वर (महाराष्ट्र) प्रसिद्ध है। तीर्थनगरी हरिद्वार की पावन भूमि पर श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होने जा रहा है।ष् कार्यक्रम में मुख्य यजमान विकास मोहता, अध्यक्ष अनिल कुमार माथुर, उपाध्यक्ष अशोक कुमार मेहता, महा सचिव शशि भूषण पांडेय, सचिव रामव्रत कुशवाहा, सचिव रामकुमार चौहान, कोषाध्यक्ष पवन कुमार सक्सेना संयुक्त सचिव ओंकारनाथ सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# निर्दोष लोगों की जान लेने वाले आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए : ऋषिश्वरानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए भूपतवाला स्थित श्री चेतन ज्योति आश्रम में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। श्री चेतन ज्योति आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद के संयोजन में आयोजित प्रार्थना सभा में सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी गयी और मां गंगा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज ने कहा कि पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पहलगाम में निर्दोष लोगों की जान लेने वाले आतंकवादियों को कतई बख्शा नहीं जाना चाहिए। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को भी कड़ा सबक सिखाया जाना जरूरी है। पूर्व राज्यमंत्री सुखदेव सिंह नामधारी ने कहा कि भारत में आतंक फैलाने की पाकिस्तान की कोशिशों को कतई कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को पूरी ताकत से आतंकवाद के जनक पाकिस्तान का सिर कुचल देना चाहिए। सरकार को पहलगाम आतंकी हमले की गहराई से जांच करनी चाहिए। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए और हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी और पांच करोड़ मुआवजा दिया जाए। स्वामी शिवम महंत, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी दिनेश दास, करणी सेना के शेखर राणा, राजेश रस्तोगी, मनोज महंत, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी ज्योर्तिमयानंद आदि संतों ने भी पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की।



## कार्यक्रम में एचआरडीए उपाध्यक्ष अंशुल सिंह ने दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

# शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र का विकास करना प्राथमिकता : अंशुल सिंह

### प्रेस क्लब ने किया संवाद कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रेस क्लब में बृहस्पतिवार को संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एचआरडीए उपाध्यक्ष अंशुल सिंह ने एचआरडीए की योजनाओं और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी और महामंत्री दीपक मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर अंशुल सिंह का स्वागत किया। एचआरडीए उपाध्यक्ष अंशुल सिंह ने कहा कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

एचआरडीए द्वारा नारसन बॉर्डर पर भव्य स्वागत द्वार बनाया जा रहा है। डेढ़ साल से चल रहा स्वागत द्वार का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। यह प्रयोग सफल रहा तो अन्य बॉर्डर पर भी स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। कांवड़ पटरी पर ग्रीनरी और पेड़ पौधे लगाने के लिए यूपी सिंचाई विभाग को पत्र लिखे गए हैं। डामकोठी का भव्य सौंदर्यकरण किया जाएगा और उसके आसपास पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। बताया कि एचआरडीए द्वारा भल्ला कालेज मैदान पर बनाए गए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम में वेटरन चौंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। बरसात के दौरान स्टेडियम में कई प्रेक्टिस पिच बनाई जाएंगी। स्टेडियम में पवेलियन बनाने के लिए भी भारत सरकार को पत्र लिखा गया है। पवेलियन बनने के बाद रणजी ट्रॉफी जैसे आयोजन भी हरिद्वार में कराए जाएंगे। बताया कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों के लिए विशेष छूट दी जा रही है। आसपास के स्कूलों के 100 बच्चों को नि:शुल्क प्रैक्टिस कराई जाएगी। बच्चों को खेल का सामान और ड्रेस भी दी जाएंगी। इसके अलावा शंकराचार्य चौक पर फ्लाईओवर के नीचे बनाए गए स्पोर्ट्स जोन में बच्चे खेल रहे हैं, जिसे देखकर अच्छा लगता है। भूपतवाला में भी इसी तरह स्पोर्ट्स जोन और पार्किंग डेवलप कराने की योजना गतिमान है। बताया कि एचआरडीए द्वारा रोड़ीबेलवाला पार्किंग बनाकर पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। हरिद्वार मास्टर प्लान में उस क्षेत्र को और भी ज्यादा विकसित किया जाएगा। विकास की योजनाएं स्कूलों में चलाई जाएंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाइट लगाई जा रही हैं और पार्क भी विकसित किए जा रहे है। इस योजना में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों को भी शामिल किया जाएगा। अगले दो महीने में गांवों में भी खेल के मैदान बनाए जाएंगे। जिसमें गांव के युवा खेल के साथ साथ अग्निवीर जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। विभिन्न आवासीय योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। गंगा व्यू और इंद्रलोक लोक आवासीय योजना भी प्रस्तावित है। जिस पर काम किया जा रहा है।



वरिष्ठ पत्रकार संजय आर्य, रामचंद्र कन्नौजिया, प्रो.एसएस जायसवाल, रजनीकांत शुकल, आदेश त्यागी, गुलशन नैय्यर ने स्मृति चिन्ह भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर एचआरडीए उपाध्यक्ष अंशुल सिंह को सम्मानित किया। इस दौरान आदेश त्यागी, शिव शंकर जायसवाल, सुनील दत्त पांडे, संजय आर्य, राहुल वर्मा, ब्रिजेंद्र हर्ष, रामचंद्र कन्नौजिया, काशीराम सैनी, सतीश गुजराल, अविक्षित रमन, बालकृष्ण शास्त्री, विक्रम छाछर, रजनीकांत शुक्ला, हिमांशु द्विवेदी, कुलभूषण शर्मा, राजकुमार, अमित शर्मा, अमित गुप्ता, राजेंद्रनाथ गोस्वामी, रोहित सिखौला, आशु शर्मा, संदीप रावत, संदीप शर्मा, प्रतिभा वर्मा, राधिका नागरथ, प्रशांत शर्मा, बालकृषण शास्त्री, एमएस नवाज, शिवा अग्रवाल, संजय रावल, शिवांग अग्रवाल, अमरीश कुमार, वैभव भाटिया, राजकुमार पाल, सचिन कुमार, हरीश, देवेश, नीरज छाछर, लवकुमार शर्मा, मुदित अग्रवाल, विकास चौहान, जोगेंद्र मावी, गणेश वैद, महेश पारीख, दयाशंकर वर्मा, मनोज खन्ना, सतीश गुजराल, राहुल गुजराल, अमित शर्मा, सुमित यशकल्याण, आशीष मिश्रा, पुलकित शुक्ला आदि सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# शराब पीकर टूव्हीलर दौड़ा रहे 12 लोग गिरफ्तार

### वाहन सीज कर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाते हुए शराब पीकर टूव्हीलर दौड़ा रहे 12 लोगों को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिए। जबकि मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन पर 65 वाहन चालकों का मौके पर ही चालान कर जुर्माना वसूल किया। शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए लोगों के ड्राईविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा रही है। नशे में वाहन चलाना, ओवरस्पीड, नो एंट्री का उल्लंघन, गलत दिशा से वाहन चलाना, रैश ड्राईविंग, स्टैड ड्राईविंग, रेट्रो साईसेंसर, प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध कार्यवाही करने के एसएसपी के निर्देशों का अनुपालन करते हुए बीती रात नगर कोतवाली पुलिस ने चण्डीचौक, तुलसी चौक, ब्रह्मपुरी तिराहा, रोडवेज बस स्टैंड आदि स्थानो पर चौकिंग अभियान चलाया। चौकिंग के दौरान पुलिस ने शराब पीकर वाहन चला रहे 12 व्यक्तियों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया और वाहन सीज कर दिए। चालको के ड्राइविंग लाईसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही हैं। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करते पकड़े गए 65 वाहनों का मौके पर ही चालान कर 32500 रुपये जुर्माना वसूल किया।

**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मेरी पुत्री का नाम समरा (SAMRA) जो जन्मप्रमाण पत्र व आधार कार्ड में भी दर्ज है। मैंने अपनी पुत्री के नाम समरा का सरनेम लगाकर उसका नाम समरा अख्तर रख दिया है, भविष्य में इसे समरा अख्तर (SAMRAAKHTAR) के नाम से जाना व पहचाना जाये। मेहरबान अली पुत्र अख्तर अली, मौहल्ला पांवधोई, ईदगाह रोड़, ज्वालापुर, हरिद्वार ।

# यात्रा से पहले आपदा प्रबंधन ने कराई मॉक ड्रिल

## सुरक्षा व आपदा प्रबंधन को लेकर किए गए पुख्ता इंतजाम

■ सात जनपदों में एकसाथ हुई मॉक ड्रिल, एनडीएमए ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा 2025 के सुचारू और सुरक्षित संचालन के लिए उत्तराखंड सरकार ने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गुरुवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की और से यात्रा से जुड़े सात जनपदों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस मॉक अभ्यास का उद्देश्य यात्रा के दौरान किसी भी आपदा अथवा आकस्मिक स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखना था। मॉक ड्रिल का समन्वय राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से किया गया। मुख्य यात्रा मार्ग के जनपद उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, ट्रांजिट मार्ग के जनपद देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी व टिहरी में मॉक ड्रिल हुई।

आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न विभागों की तैयारियों का भौतिक परीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य था कि सभी रेखीय विभाग एक मंच पर आकर आपस में समन्वय स्थापित करें। इस दिशा में हम सफल रहे हैं।

### एनडीएमए ने दिए ये प्रमुख सुझाव

- यात्रा मार्गों में डेंजर जोन में साइनेज लगाना अनिवार्य किया जाए।
- यात्रियों को चारधाम यात्रा मोबाइल ऐप डाउनलोड कराना सुनिश्चित हो, जिससे मौसम, ट्रैफिक व भूस्खलन की जानकारी मिल सके।
- ट्रैफिक प्रेशर वाले स्थानों पर होल्डिंग एरिया चिन्हित किए जाएं।
- लैंडस्लाइड जोन में श्रब्ठ व अन्य संसाधन स्टैंडबाय रखें।
- नो नेटवर्क जोन में संचार की वैकल्पिक व्यवस्था तैयार हो।
- हेलीकॉप्टर से सीधे धाम पहुंचने वाले यात्रियों के लिए हाई एल्टीट्यूड सिकनेस से निपटने के विशेष इंतजाम हों।
- स्कूलों और अस्पतालों को डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान बनाने और मॉक ड्रिल करने के निर्देश।

### बदरीनाथ में भगदड़ सीन की मॉक ड्रिल, जिलाधिकारी को मिली सराहना

बदरीनाथ धाम में भगदड़ की स्थिति की मॉक ड्रिल कराई गई, जिसमें जिला प्रशासन की और से की गई तैयारियों की एनडीएमए के अधिकारियों ने सराहना की। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने बताया कि मंदिर परिसर में मजबूत रेलिंग, बुजुर्गों के लिए कतारों में बेंच, शौचालयों की संख्या में वृद्धि और मैटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है।

# भारतीय ग्रिड में 250 मेगावाट से फूंकी जान

■ टीएचडीसीआईएल की 1000 मेगावाट की पीएसपी की पहली यूनिट की सफल कमीशनिंग, कामयाबी पर कंपनी के सीएमडी आरके विश्नोई ने बढ़ाया अधिकारियों व कर्मचारियों का हौसला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** देश की पहली एक हजार मेगावाट वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट की प्रथम इकाई को पंप कंडेंसर मोड से जोड़ने में टीएचडीआईएल ने सफलता हासिल की है। उपलब्धि पर कंपनी के सीएमडी आरके विश्नोई ने अधिकारियों और कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया है। कामयाबी से कंपनी में हर्ष की लहर है।

सीएमडी विश्नोई के मुताबिक कंपनी ने टिहरी में देश के प्रथम वेरिएबल स्पीड 1000 मेगावाट पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) के सफल कमीशनिंग की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। प्रथम यूनिट (250 मेगावाट) को पंप कंडेनसर मोड में भारतीय ग्रिड के साथ सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइज किया गया। इससे देश के नवीकरणीय विद्युत बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। उन्होंने बताया कि सिंक्रोनाइजेशन के दौरान यूनिट का प्रचालन बेहतर रहा।

करीब 10 मिनट के भीतर ही लगभग चार मेगावाट व 13.6 एमवीएआर की सफलतापूर्वक खपत की गई। सीएमडी ने इस उपलब्धि के लिए पीएसपी की टीम को प्रोत्साहित किया। बोले, यह एक नया मानक है, जो देश के सबसे बड़े जल विद्युत काम्प्पलेक्ष्स, टिहरी जल विद्युत काम्प्पलेक्ष्स को 2,400 मेगावाट की क्षमता में लाएगा।

निदेशक कार्मिक शैलेंद्र सिंह ने कहा कि देश की नवीकरणीय विद्युत यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जोकि सतत समाधानों को आगे बढ़ाने और देश के स्वच्छ विद्युत वितरण का समर्थन करने में कंपनी की भूमिक को दर्शाता है। निदेशक तकनीकी भूपेंद्र गुप्ता, निदेशक वित्त सिपन कुमार गर्ग ने भी कामयाबी पर खुशी जाहिर की। कार्यपालक निदेशक एलपी जोशी, मुख्य महाप्रबंधक एआर गैरोला, अपर महाप्रबंधक एसके साहू मौजूद रहे।

# एक लाख युवाओं ने ली नो ड्रग्स की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** संख्ययोग फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष व वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ मुकुल शर्मा ने गुरुवार को उत्तराखंड के डीजीपी सीनियर आईपीएस ऑफिसर दीपम सेठ के साथ मुलाकात की और फाउंडेशन की और से किये जा रहे कार्यों के बारे में चर्चा की।

उन्होने बताया कि फाउंडेशन ने पिछले साल एक लाख युवाओं को पूरे उत्तराखंड में 'ना ड्रग्स लेंगे ना ड्रग्स लेने देंगे' अभियान के तहत यह शपथ दिलाई कि वह जीवन में कभी भी नशा नहीं करेंगे। इस बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा युवाओं के अन्य समस्याओं के बारे में भी चर्चा की गई। डीजीपी ने फाउंडेशन के समस्त सदस्यों को इस कार्य के लिए शुभकामनाएं दी और आगे भी इसी तरह से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### आलू फड़ एसोसिएशन के व्यापारियों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**हल्द्वानी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के खिलाफ देशभर में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में नवीन मंडी स्थित आलू फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन ने घटना की तीव्र निंदा करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग की। एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश चंद्र जोशी के नेतृत्व में व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर में एकत्र होकर प्रदर्शन किया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की पहचान कर उन्हें गोली मारने की निर्मम घटना को न केवल आतंकवाद, बल्कि भारत की आत्मा पर हमला बताया। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर और 'भारत माता की जय' व 'आतंकवाद मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# ऋषिकेश की युवती को नशीला पदार्श पिलाकर दुष्कर्म के मामले में महिला आयोग सख्त

■ महिला आयोग की अध्यक्ष ने दिए निर्देश, आरोपी के परिजनों की जांच तथा पनाह देने वालों के विरुद्ध भी हो कड़ी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के ऋषिकेश में एक युवक द्वारा ऋषिकेश की एक लडकी को जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने के बाद दुष्कर्म एवम धर्मान्तरण का दवाब बनाने के मामले में उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने संज्ञान लिया है।

उन्होंने मामले में एसएसपी अजय सिंह, थानाध्यक्ष ऋषिकेश से फोन पर वार्ता के क्रम में जानकारी ली और कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा देवभूमि की युवतियों को लव जिहाद का निशाना बनाया तो खैर नहीं होगी। राज्य सरकार ने सख्त धर्मांतरण कानून बनाये हैं। साथ ही प्रेम के नाम पर जिहाद करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने निर्देश दिए है कि उस आरोपी के परिजनों व उसके नजदीक के सभी लोगों की जांच होनी चाहिए और आरोपी को पनाह देने वाले व धर्मांतरण का दवाब और षडयंत्र बनाने वालों के विरुद्ध हो कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। लव जिहाद के नाम पर हमारी देवभूमि की युवतियों की अस्मिता से खेलने वालों पर सख्ताई से एक्शन होना चाहिए।

महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि बाहर से आये ऐसे व्यक्तियों की जांच की जाए तथा इसके लिए सघन अभियान चलाया जाए कि कही ऐसा आपराधिक मान. सिकता का कोई संदिग्ध तो ऋषिकेश में नही रह रहा है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया आक्रोश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बायसरन घाटी में बीते मंगलवार को हुए आतंकी हमले के विरोध में गुरूवार को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कुंदन नेगी और पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संजय बिष्ट के नेतृत्व में पीलीकोठी चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सरकार को इस हमले का तत्काल जवाब देना चाहिए। आखिर कब तक हमारे निर्दोष लोग आतंकी हमलों का शिक. ार होते रहेंगे, अगर आतंकी सीमा पार कर घटनास्थल तक पहुंच जाते हैं, तो यह देश की सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र की विफलता दर्शाता है। उन्होंने कहा जिस सरकार ने कभी एक सिर के बदले सौ सिर लाने की बात की थी, वह आज मौन क्यों हैं, अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि आतंकवाद के खिलाफ अब सख्त और निर्णायक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों। पुतला दहन करने वालों में पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोलादत्त भट्ट, नीरज तिवारी, पार्षद भागीरथी बिष्ट, पार्षद नीमा भट्ट, योगेश जोशी, नवीन आर्या, हेमू पड़लिया, गोविंद बिष्ट, पुष्कर बिष्ट, अशोक जोशी, मनोज शर्मा, किरण मेहरा, भास्कर पड़लिया, हेम पांडे आदि मौजूद रहे।

# बेहतर नियंत्रण के लिए आधिकारिक प्रबंधन जरूरी: डॉ. एस. फारूक



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** रुड़की इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रुड़की के तीन संकाय सदस्यों के साथ 14 लड़कियों और 25 लड़कों सहित 39 प्रबंधन छात्रों का एक समूह पाठ्यक्रम के भाग के रूप में हिमालय वेलनेस कंपनी देहरादून में औद्योगिक भ्रमण पर था। उन्होंने संग्रहालय, हर्बल गार्डन, विनिर्माण सेवा क्षेत्र आदि देखा, जिससे उन्हें उत्पादन प्रक्रिया और प्रबंधन रणनीतियों की प्रत्यक्ष जानक. ारी मिली, जो उनके भविष्य के कैरियर के लिए अमूल्य साबित होगी।

एच.डब्ल्यू.सी. के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि प्रबंधन निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संगठन की योजना बनाने, व्यवस्थित करने, नेतृत्व करने और नियंत्रित करने की प्रक्रिया है। इन दिनों ए.आई. के माध्यम से इस क्षेत्र में भी बहुत सारे शोध और नवाचार हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रबंधन दो प्रकार का होता है, आधिकारिक और प्रतिनिधि।

यदि स्व-प्रबंधित उद्यमी या प्रतिनियुक्त प्रबंधक के लिए प्रबंधन का चयन अच्छा है तो आधिकारिक प्रबंधन अच्छा है, लेकिन व्यक्ति को सभी के प्रति ईमानदार और सच्चा होना चाहिए।

इसके अलावा, एक प्रबंधक को उच्च स्तर की नैतिकता और अखंडता द्वारा प्रदर्शन की भावना को देखना होता है और अपनी टीम को प्रेरित करना होता है। प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक दुनिया में उत्पादकता के साथ-साथ लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीम को संभालने के लिए बहुत कौशल और अनुभव की आवश्यकता होती है। छात्रों ने वर्तमान में उद्योग के प्रबंधन में विशेष रूप से वैश्विक बाजार में आने वाली चुनौतियों के बारे में प्रश्न पूछे।

अंत में प्रो.नबीला कयूम और उनके सहयोगियों ने आर.आई.टी. की ओर से छात्रों को मिले आजीवन अनुभव के लिए धन्यवाद प्रस्ताव रखा, जो उनके पूरे करियर में उनकी मदद करेगा।

# 18 बीघा नजूल भूमि अतिक्रमण से मुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला प्रशासन और नगर निगम ने संयुक्त अभियान चलाकर बरेली रोड स्थित कब्रिस्तान से सटी

### प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई



करीब 18 बीघा नजूल भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया है। गुरूवार को नजूल भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर एसडीएम राहुल शाह व नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अवैध रूप से कब्जा की गई संरचनाओं को हटाया गया। जबकि कुछ जर्जर एवं असुरक्षित इमारतों को ध्वस्त किया गया, जिन्हें आपराधिक गतिविधियों का केंद्र माना जा रहा था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह भूमि अब नगर निगम द्वारा सार्वजनिक हित में उपयोग की जाएगी। कार्यवाही के दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा निर्माण सामग्री रखकर दोबारा कब्जा करने का प्रयास किया गया, जिन्हें मौके पर ही अपना अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

वहीं कच्चे मकानों में रह रहे लोगों को भी प्रामाणिक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। मुक्त कराई गई भूमि को दोबारा अतिक्रमण से बचाने के लिए नगर निगम द्वारा जियोटैगिंग की जा रही है और नियमित निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी स्थान पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की जानकारी हो तो वे इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस भूमि का उपयोग अब आगामी नगर विकास परियोजनाओं के लिए किया जाएगा। प्रशासन ने इसे सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा बताया है। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाइयाँ जारी रहेंगी और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अभियान के दौरान तहसीलदार मनीषा बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, नगर निगम की टीम और अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# बस अड्डे में मिला मानसिक रोगी का शव

**हल्द्वानी।** सरकारी चिकित्सा व्यवस्थाओं की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक रहस्यमयी ढंग से गायब हो गया, और कुछ दिन बाद उसकी लाश हल्द्वानी बस अड्डे पर लावारिस हालत में मिली। अस्पताल प्रशासन इस पूरी घटना से अनजान बना रहा, जबकि युवक के परिजन उसे ऊधम सिंह नगर से हल्द्वानी तक तलाशते रहे। मृत युवक की पहचान 36 वर्षीय राहुल निवासी धरमपुर छतरपुर ऊधमसिंह नगर के रूप में हुई है। राहुल के पिता प्रहलाद ने बताया कि उनका बेटा मानसिक रूप से बीमार था और उसकी तबीयत बिगड़ने पर बीते 18 अप्रैल को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन किसी निजी कार्य से बाहर गए परिजनों ने लौटकर देखा कि राहुल बेड से गायब है। जब कोई सुराग नहीं मिला तो परिजन राहुल की खोज में ऊधमसिंह नगर से लेकर हल्द्वानी तक भटकते रहे। इसी दौरान एक आशंका के चलते वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां उन्हें एक लावारिस शव के बारे में बताया गया। शव देखने पर यह राहुल निकला।

# आतंकवाद के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

## बुद्ध पार्क में पुतला दहन कर सरकार से की कड़ी कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बायसरन घाटी में हुए हिंदू सैलानियों पर इस्लामिक आतंकवादियों के बर्बर हमले के विरोध में 'एक समाज श्रेष्ठ समाज' संस्था द्वारा बुधवार को तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया।

इसके साथ ही संस्था ने केंद्र सरकार से इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र साहू ने और सदस्य पूर्णिमा रजवार ने संयुक्त रूप से कहा कि पहलगाम में इस्लामिक आतंकियों ने नाम पूछकर और पहचान सुनिश्चित करने के लिए पैंट उतरवाकर, कलमा सुनने के नाम पर हिंदू सैलानियों को बेरहमी से मार डाला। यह कृत्य पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला है। अब समय आ गया है कि भारत सरकार इन मानवता विरोधी आतंकियों को तुरंत मौत के घाट उतारा जाए।

उन्होंने कहा देश को आतंकवाद मुक्त बनाने के लिए अब नरमी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। पुतला दहन करने वालों में संरक्षक हरीश चंद्र पाण्डेय, लोकेश कुमार साहू, नंदकिशोर आर्या, पंकज तिवारी, बिश्नोई गुप्ता, पूर्णिमा रजवार, योगिता बनोला, अलका टंडन, राशि जैन, कुसुम बोरा, खुशी नागर, पूजा जोशी, जया जोशी, प्रियंका देवल, रश्मि शर्मा, मीना पाण्डेय, बरखा शर्मा, सुशील साहू, मुकेश जोशी, संजय सिंह भोजक, अमन कुमार, आकाश गुप्ता, दीपक कुमार, अमित गोस्वामी मौजूद रहे।

### युवती पर छींटाकशी, चालान

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में बीरवार को एक युवक को अपने दोस्त के साथ युवती से छींटाकसी करना पहंगा पड़ गया। युवती के परि. जनों की ओर से शिकायत के बाद युवक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल सात नम्बर क्षेत्र में एक युवक ने अपने साथी के साथ राह चलती युवती से छींटाकशी की। युवती ने परिजनों से शिकायत की तो उन्होंने युवक की खोजबीन की। खोजबीन के बाद उनको युवक मिल गया। जिसके बाद परिजन युवक को उठाकर कोतवाली ले आये। जहां उन्होंने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि सात नंबर निवासी हेमंत के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालान किया है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, थराली

पत्रांक: 43/सिं0ख0थ0/निविदा/थराली दिनांक : 23/04/2025

अति-अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या: 01/अधि0अभि0/2024-25

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से गैरसैंण एवं समीपवर्ती आबादी को पेयजल आपूर्ति के लिये रामगंगा नदी पर प्रस्तावित बांध परियोजना की डी0पी0आर0 अपग्रेडेशन कार्य (1-Upgradation of Weir structure design and Preparation of Report and Drawings, 2 -Upgradation of H&M Design and preparation of report and Drawings, 3- Preparation of Dam Body Stress Analysis Report and Drawings)हेतु पंजीकृत कन्सल्टेन्ट/ ठेकेदारों से दिनाँक 30/04/2025 को 15:00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 15:30 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोलने की तिथि से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | जॉब संख्या | धरोहर धनराशि | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मा0 मुख्यमंत्री मद के अर्न्तगत गैरसैंण एवं समीपवर्ती आबादी को पेयजल आपूर्ति के लिये रामगंगा नदी पर प्रस्तावित बांध परियोजना की डी0पी0आर0 अपग्रेडेशन का कार्य। | 01 | 48600.00 | 01 माह | 2500 + 18% GST |

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है।

(परशुराम चमोली)
अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड थराली

# रानीबाग और गुलाब घाटी के जाम से जल्द मिलेगी राहत

## सड़क चौड़ीकरण और नए पुल के समाधान से निकलेगा 'रास्ता'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्यटन सीजन में हल्द्वानी से कैंचीधाम मार्ग पर लगने वाले भीषण जाम से अब जल्द ही निजात मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा के निर्देश पर रानीबाग और गुलाब घाटी क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण और सुधार कार्य शीघ्र शुरू किए जाएंगे। इसके साथ ही कलसिया नाले पर अधिक भार क्षमता वाला स्थाई मॉडल ब्रिज भी बनाया जाएगा। बुधवार को राज्य मंत्री अजय टम्टा ने सर्किट हाउस में वर्चुअल माध्यम से बैठक कर राज्य और केंद्र के सड़क, लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सड़क से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने मंत्री को



रानीबाग और गुलाब घाटी में ट्रैफिक जाम से उत्पन्न समस्याओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक के बाद एनएच और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने रानीबाग से ज्योलीकोट तक सर्वे और निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय की अगुवाई में टीम ने उन क्षेत्रों की पहचान की जहां तत्काल सुधार किया जा सकता है। एनएच के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार ने जानकारी दी कि रानीबाग में हल्द्वानी- रानीबाग-नैनीताल पुल के आगे करीब 100 मीटर सड़क को दोनों ओर से 3 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। साथ ही भीमताल-भवाली मार्ग के एक हिस्से को मलबा या रबर स्टैंड से भरकर लेवल किया जाएगा, जिससे यातायात में सुगमता आएगी। गुलाब घाटी क्षेत्र में गौला नदी के किनारे रिवर बैक प्रोटेक्शन वॉल के जरिए सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इससे इस क्षेत्र में सड़क की चौड़ाई बढ़ने की बड़ी संभावना जताई गई है। कलसिया नाले पर भारी वाहनों के लिए मॉडल ब्रिज निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्दी सड़क परिवहन मंत्रालय को भेजा जाएगा। एडीजी सुदीप चौधरी और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से इसकी त्वरित स्वीकृति की अपेक्षा जताई गई है। इस निरीक्षण और प्रस्तावना कार्य के दौरान उप जिलाधिकारी नवाजिश खलीक सहित एनएच और प्रशासन की टीम के अधिकारी मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों के लिए मिसाल बना 'सेवालय'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** फतेहपुर क्षेत्र में दिव्यांग बच्चों के लिए एक नई आशा बनकर उभरा है 'सेवालय' केंद्र, जो 'जय शारदा स्वयं सहायता समूह' के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। यह केंद्र न केवल बच्चों को प्रशिक्षण और शिक्षा दे रहा है, बल्कि उन्हें सम्मान, स्वतंत्रता और स्वाभिमान के साथ जीवन जीने का मार्ग भी दिखा रहा है। सरकारी मान्यता प्राप्त यह केंद्र उन दिव्यांग बच्चों के लिए सपनों की पहली सीढ़ी बन चुका है, जो अब सिर्फ सहानुभूति नहीं, बल्कि अधिकार और आत्मविश्वास के साथ समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। केंद्र के संचालक रोहित जोशी ने जानकारी दी कि 'सेवालय' में कुमाऊं क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आए दिव्यांग बच्चे निवासरत हैं। यहां उन्हें इनडोर और आउटडोर खेल, कंप्यूटर शिक्षा, ऐपन कला, क्राफ्ट, नृत्य, और सामाजिक व्यवहार की ट्रेनिंग दी जाती है। प्रत्येक गतिविधि निश्चित समय सारणी के तहत संचालित होती है, जिससे बच्चों में अनुशासन और नियमितता का विकास होता है। यह केंद्र न केवल प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है, बल्कि एक ऐसा सशक्तिकरण मंच बन गया है, जहां से बच्चों को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। 'सेवालय' यह संदेश देता है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति, सकारात्मक सोच, और सरकारी सहयोग हो, तो हर बच्चा चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो समान अवसरों के साथ समाज का सक्रिय हिस्सा बन सकता है।



## ब्यूटी पार्लर से हजारों उड़ाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कठघरिया क्षेत्र में चोरों ने एक ब्यूटी पार्लर को निशाना बनाते हुए दुकान का ताला तोड़कर नकदी और जरूरी दस्तावेज चुरा लिए। घटना की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कठघरिया निवासी गीता रावत ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनका ब्यूटी पार्लर कठघरिया में स्थित है। बीती रात रात वह रोजना की तरह दुकान बंद कर घर चली गई। लेकिन सुबह जब वह दुकान पहुंचीं तो ताला टूटा मिला और अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि चोर पार्लर से लगभग 15 हजार रुपये की नकदी, आधार कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए। पीड़िता ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# मंदिर में मांस फेंकने की घटना के बाद विवाद ने फिर सिर उठाया

## कोतवाली में दो घंटे हंगामा, पुजारी से लिखवाया माफीनामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजपुरा स्थित धोबीघाट शिव मंदिर में मांस का टुकड़ा फेंकने की घटना के बाद उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस मामले में नया मोड़ तब आया जब मंदिर के पुजारी अशोक पांडे के खिलाफ स्थानीय लोगों ने मोर्चा खोल दिया।

गुरुवार को राजपुरा क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग कोतवाली पहुंचकर पुजारी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और कोतवाली का घेराव कर दिया। इस दौरान कोतवाली परिसर में पुजारी और विरोध करने वालों के बीच तीखी नोकझोंक और गाली-गलौज तक हो गई। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस को चार लोगों को हिरासत में लेना पड़ा। करीब दो घंटे तक कोतवाली में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। बता दें कि राजपुरा स्थित धोबीघाट के पास शिवमंदिर है और उसमें ऊंचापुल निवासी अशोक पांडे पुजारी है। बीते 13 अप्रैल की सुबह पुजारी मंदिर पहुंचे तो वहां पर मांस का टुकड़ा पड़ा मिला।

पुजारी अशोक पांडे ने पास ही रहने वाले एक व्यक्ति पर मांस फेंकने का आरोप लगाया और लोगों ने मंदिर के बाहर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। मामला उस समय शांत हुआ जब आरोपी पक्ष ने माफी मांग ली। हालांकि, इसके बाद भी स्थानीय लोगों में रोष बना रहा। बुधवार को फिर से पुजारी और विरोध करने वाले पक्ष के बीच झड़प हुई, जिसके बाद गुरुवार को दोनों पक्ष अपने-अपने समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे। वहां जब आमना-सामना हुआ तो विवाद और बढ़ गया। विरोध कर रहे लोगों की मांग थी कि पुजारी को मंदिर से हटाने की मांग पर अड़ गए। मामला बढ़ता देख पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चार लोगों को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच हुई पंचायत के बाद पुजारी ने माफीनामा लिखवाया गया।

जिसके बाद मामला शांत हुआ। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव के अनुसार बढ़ते विवाद को देखते हुए दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने का प्रयास किया गया। अंततः पुजारी अशोक पांडे से लिखित माफीनामा लिया गया, जिसके बाद मामला शांत कराया गया।

## मोमिन अंसार सभा का भागीदारी सम्मेलन 27 को लखनऊ में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑल इंडिया मोमिन अंसार सभा का 15वां राष्ट्रीय पसमांदा भागीदारी सम्मेलन आगामी 27 अप्रैल को रविंद्रालय, चारबाग, लखनऊ में आयोजित होगा। इस बात की जानकारी सभा के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष जहीर आलम अंसारी ने दी। सम्मेलन में देश के लगभग 15 राज्यों से प्रदेश, जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारी, साथ ही मोमिन डॉक्टर सभा, मोमिन अधिवक्ता सभा, मोमिन साहित्य अदब सभा, मोमिन दिव्यांश सभा, मोमिन पठान सभा और मोमिन महागीर सभा के सदस्य हिस्सा लेंगे। उत्तराखंड से भी कई प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेंगे। यह सम्मेलन पसमांदा मुस्लिम समाज के अधिकार, सुरक्षा, रोजगार और सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी पर केंद्रित होगा। संगठन लंबे समय से बुनकरों, दस्तकारों व वंचित मुस्लिम तबकों के मुद्दे सरकार के समक्ष रखता आया है। मुख्य अतिथि होंगे उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी। अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी करेंगे।


### नाम परिवर्तन सूचना

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम कलीम (KALEEM पुराना नाम) से बदलकर कलीम खान (KALEEM KHAN नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे **कलीम खान पुत्र मौ. इकबाल** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शपथकर्ताः** कलीम खान पुत्र मौ. इकबाल, निवासी- 1/6, मुस्लिम कॉलोनी, रीठा मंडी, जिला देहरादून-248001, उत्तराखंड।

### कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढवाल।

**ई-निविदा सूचना संख्या – 01/अधि0अधि0/न0पा0प0/2024-25**

पत्रांक : 61/ई-निविदा/न0पा0प0/2024-25/नरेन्द्र नगर — दिनांक: 24/04/2025

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर, टिहरी गढवाल द्वारा निम्नांकित कार्य के निर्माण हेतु ई-निविदा के माध्यम से ऑन-लाईन टू-बिड सिस्टम में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम स0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी.एस.टी.(रू.) | निविदा की वैधता अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर टिहरी गढ़वाल द्वारा वाह्य स्रोत से आउटसोर्सिंग पर कर्मचारियों की आपूर्ति। | 2.00 | 5000+18% GST | 120 दिवस |

**तिथि तालिका**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन प्रसारण की तिथि | 28.04.2025 अपराह्न 03:00 बजे से। |
| 2 | प्रपत्र डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 28.04.2025 अपराह्न 04:30 बजे से। |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग | 29.04.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर टिहरी गढवाल में। |
| 4 | बिड जमा करने की प्रारम्भ तिथि (ऑनलाईन) | 30.04.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे से। |
| 5 | बिड जमा करने की अन्तिम तिथि (ऑनलाईन) | 13.05.2025 सायः 5:00 बजे तक। |
| 6 | बिड की जमानत धनराशि, बिडिंग अभिलेखों का मूल्य एवं वांछित एफिडेविट भौतिक रूप से जमा करने की तिथि एंव कार्यालय | 14.05.2025 अपराह्न 02:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्रनगर टिहरी गढवाल में। |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 15.05.2025 अपराह्न 03.00 बजे से। |
| 8 | वित्तीय बिड खोलने की तिथि | घोषित की जायेगी। |

1. उक्त निविदा में यदि भविष्य में आवश्यक होगा तो, शुद्विकरण/निरस्तीकरण की सूचना ऑनलाईन ही प्रसारित की जायेगी।
2. कृपया निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी हेतु उत्तराखण्ड सरकार की वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर लॉगऑन करें।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्,
नरेन्द्र नगर, टि0ग0।

(देवेन्द्र सिंह नेगी)
प्रशासक,
नगर पालिका परिषद्,
नरेन्द्र नगर, टि0ग0।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



### बेदखली सूचना

शपथकर्ता का पुत्र शमीम पुत्र स्व0 मतलूब हसन व पुत्रवधु श्रीमती शमशीदा पत्नी शमीम मेरे कहने सुनने में नहीं है व शपथकर्ता के साथ दुर्व्यहार करते हैं, लिहाजा शपथकर्ता अपने पुत्र शमीम पुत्र स्व0 मतलूब हसन को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती है। भविष्य में इसके द्वारा किए जाने वाले किसी भी कृत्यों के प्रति मेरे और मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**श्रीमती दिलशाना** पत्नी स्व0 मतलूब हसन, निवासी-वार्ड नं0 2, कैनाल रोड, पहाड़ी गली, विकासनगर, जिला देहरादून।

### उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, भगोती रोड़, नारायणबगड़ (चमोली)
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या U40109UR2001SGC025867, दूरभाष : 01363-255215

**विधुत बाधित सूचना**

अधीक्षक अभियन्ता (परियोजना), पावर ट्रासमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 400 के०वी० उपसंस्थान, श्रीनगर खन्दूखाल के कार्यालय पत्रांक- 166/अधी0अभि0(परियोजना)/पिटकुल, दिनांक-21/04/2025 के द्वारा अवगत कराया गया है कि 132 के०वी० श्रीनगर से सिमली लाईन तथा 66 के०वी० श्रीनगर से कर्णप्रयाग लाईन पर 400 के०वी० श्रीनगर से पीपलकोटी लाईन में तार खिचाई कार्य हेतु शटडाउन की आवश्यकता है, अतः विद्युत वितरण खण्ड नारायणबगड़ के सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न दिनांक को पोषक से पोषित उपभोक्ताओं की विधुत आपूर्ति निम्नवत पूर्ण आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

| दिनांक | समय | 33/11 उपसंस्थान का नाम | | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 26/04/2025 से 27/04/2025 तक | प्रातः 07.30 बजे से सांय 14:00 बजे तक | थराली | इन समस्त 11 के0वी0 पोषकों की सप्लाई बन्ध रहेगी। | थराली, बाजार, ग्वालदम, देवाल, इत्यादि। |
| | | नारायणबगड़ | | नारायणबगड़ बाजार, केवर रेंस, चोपता इत्यादि। |
| | | देवाल | | देवाल बाजार इत्यादि। |

अतः सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में कारपोरेशन का सहयोग करें तथा व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था बनायें रखे।

No.: 215/EE(CM)/UPCL/A-2, Dt. 24.04.2025 — अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचानें हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) "विद्युत बिलों के 24X7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या -0135-2760911 पर दें)

### कार्यालय नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल

पत्रांकः- 82/कोटेशन/न0पा0प0/2025-26/नरेन्द्र नगर — दिनाक : 24 अप्रैल, 2025

**।। कोटेशन सूचना ।।**

नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर के द्वारा Uttarakhand Municipal Accounting Manual 2021 में दी गयी धाराओं के अनुसार वित्तीय वर्ष-2024-25 का टैली साफटवेयर में दोहरा लेखा प्रणाली के अनुसार डाटा तैयार एंवम् वित्तीय विवरण (Financial Statements- Balance Sheet, Income & Expenditure, Cash Flow Statement) बनाये जाने हेतु इच्छुक चार्टेड एकाउन्टेंट (सी0ए0) जो उक्त कार्य को करने का अनुभव रखते हो दिनांक 08 मई, 2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कोटेशन नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर के कार्यालय में आंमत्रित किये जाते है, जो उसी दिन सांय 04:00 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा पालिका कार्यालय में खोले जायेगें। निर्धारित तिथी एंव समय के पश्चात् प्राप्त कोटेशनों पर विचार नही किया जायेगा। कोटेशन से सम्बन्धित नियम एंव शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है। कोटेशनों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक, नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर को निहित होगा।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्,
नरेन्द्र नगर, टि0ग0।

(देवेन्द्र सिंह नेगी)
प्रशासक,
नगर पालिका परिषद,
नरेन्द्र नगर, टि0ग0।

### कार्यालय नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर, जनपद-हरिद्वार

पत्रांकः 24/न0प0सु0आ0/2024-25 — दिनांक : 22/04/2025

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर जिला हरिद्वार द्वारा वर्ष 2025-2026 (दिनांक अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक) की अवधि तक के लिए ठेका तहबाजारी एंव पीठ बाजार शुल्क वसूली की नीलामी दिनांक 25.04.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर के कार्यालय में की जायेगी। ठेका तहबाजारी शुल्क वसूली की नीलामी में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों/फर्म/कम्पनी द्वारा अपना मूल निवास प्रमाण पत्र/स्थाई निवास का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बोली में प्रतिभाग करने हेतु बोली की तिथि को दोपहर 2:30 बजे तक जमानत राशि रू0 50,000/-की बैंक द्वारा जारी एफ0डी0आर0 (अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर, हरिद्वार के पदनाम से बन्धक हो ) अथवा नकद कार्यालय में जमा करानी अनिवार्य होगी। इच्छुक फर्म/ठेकेदार व्यक्ति 2000 रू शुल्क जमा कर नीलामी मे प्रतिभाग कर सकते है। उक्त धनराशि वापस नही की जायेगी। उपरोक्त प्रमाण पत्र एंव जमानत राशि जमा न करने वाले तथा नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर के बकायेदार एंव डिफाल्टर नीलामी में प्रतिभाग करने के लिए पात्र नही होंगे। नीलामी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, महोदय नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर हरिद्वार में निहित होगा। नीलामी से सम्बन्धित सूचना/शर्तें तथा जानकारी नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर हरिद्वार के नोटिस बोर्ड अथवा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी/प्राप्त की जा सकती हैं। नीलामी की तिथि को अवकाश होने अथवा अन्य परिस्थितियों की दशा में नीलामी अगले किसी भी कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित नीलामी राशि (रू0 लाख में) | जमानत राशि (रू0 हजार में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | ठेका तहबाजारी शुल्क वसूली (नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर के क्षेत्रान्तर्गत, जिसमें साप्ताहिक पीठ बाजार भी सम्मिलित है) | 5.60 | 50.00 | कार्यदिश की अवधि से 31.03.2026 तक |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर,
हरिद्वार।

अध्यक्ष
नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर,
हरिद्वार।

### कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढवाल।

पत्रांक : 80/ई-निविदा/न0पा0प0/2024-25/नरेन्द्र नगर — दिनांकः 24/04/25

**ई-निविदा सूचना संख्या – 02/अधि0अधि0/न0पा0प0/2024-25**

महामहिम राज्यपाल, उतराखण्ड की ओर से अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर, टिहरी गढवाल द्वारा निम्नांकित कार्य के निर्माण हेतु ई-निविदा के माध्यम से ऑन-लाईन टू-बिड सिस्टम में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम स0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी.एस.टी.(रू.) | निविदा की वैधता अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | घर घर से कूड़ा उठान, परिवहन, सोर्स सेग्रीगेशन, कम्पोस्टिंग, काम्पेक्टिंग एंवम् आर0डी0एफ0 वेस्ट निस्तारण, यूजर चार्ज कलैक्शन, एवंम् कूडा विक्रय शुल्क का कार्य किये जाने | 2.00 | 5000+18% GST | 120 दिवस |

**तिथि तालिका**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन प्रसारण की तिथि | 28.04.2025 अपराह्न 03:00 बजे से। |
| 2 | प्रपत्र डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 28.04.2025 अपराह्न 04:30 बजे से। |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग | 29.04.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर टिहरी गढवाल में। |
| 4 | बिड जमा करने की प्रारम्भ तिथि (ऑनलाईन) | 30.04.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे से। |
| 5 | बिड जमा करने की अन्तिम तिथि (ऑनलाईन) | 13.05.2025 सायः 5:00 बजे तक। |
| 6 | बिड की जमानत धनराशि, बिडिंग अभिलेखों का मूल्य एवं वांछित एफिडेविट भौतिक रूप से जमा करने की तिथि एंव कार्यालय | 14.05.2025 अपराह्न 02:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर टिहरी गढवाल में। |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 15.05.2025 अपराह्न 03:00 बजे से। |
| 8 | वित्तीय बिड खोलने की तिथि | घोषित की जायेगी। |

1. उक्त निविदा में यदि भविष्य में आवश्यक होगा तो, शुद्विकरण/निरस्तीकरण की सूचना ऑनलाईन ही प्रसारित की जायेगी।
2. कृपया निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी हेतु उत्तराखण्ड सरकार की वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर लॉगऑन करें।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्,
नरेन्द्र नगर, टि0ग0।

(देवेन्द्र सिंह नेगी)
प्रशासक,
नगर पालिका परिषद्,
नरेन्द्र नगर, टि0ग0।

CMYK



# नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, व्यापारियों से हुई नोक-झोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम द्वारा बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया इस दौरान कई दुकानों से सामान जप्त किया गया और कुछ लोगों के पांच से दस हजार रुपए के नकद चालान भी काटे गए। सामान उठाने को लेकर व्यापारियों से नगर निगम अधिकारियों की नोकझोंक भी हुई। अभियान के दौरान दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

नगर आयुक्त राकेश तिवारी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान बीटी गंज बाजार से शुरू हुआ जो कि मेन बाजार,चौक बाजार,पहाड़ी बाजार से मच्छी मोहल्ला चौक तक गया। इस दौरान दुकानों से बाहर रखे सामान को टीम ने जप्त किया। कई दुकानदारों ने इसका विरोध किया और नगर निगम अधिकारियों से उनकी नोक झोंक भी हुई। वहीं नगर निगम की टीम ने कई अतिक्रमणकारियों के पांच से दस हजार रुपए के नकद चालान भी किए। अभियान के दौरान व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा दुकानदार अपने सामान को बचाने के लिए दौड़े। नगर आयुक्त ने



कहा कि शहर की सूरत बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

## ऑल इंडिया टेनिस बाल क्रिकेट चैंपियनशिप का आगाज

# नियमित अभ्यास व अनुशासन से खिलाड़ी पहुंच सकते हैं मंजिल तक : अंशुल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की** उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित पांचवीं ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट चौम्पियनशिप आज नेहरू स्टेडियम में उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष देशराज कर्णवाल दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारी के रूप में

**❖उत्तराखंड ने पांडिचेरी को एक रन से हराया, तो कर्नाटक ने पूर्वांचल को 23 रन से दी शिकस्त**

प्रारंभ हुई। हरिद्वार - रुड़की विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अंशुल सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में चौम्पियनशिप का उद्घाटन किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि एकाग्रता के साथ नियमित अभ्यास और अनुशासन ही खिलाड़ियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाते हैं। युवा खिलाड़ियों के लिए जीवन अनेक मौके मिलते हैं। सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता आगे बढ़ने में मददगार होते हैं। श्री अंशुल सिंह जितने कर्मठ और लगनशील हैं, एक खिलाड़ी के रूप में भी वह अपना पूरा योगदान देते हैं। आज खुशी इस बात की है कि इस आयोजन में वह खिलाड़ियों के बीच एक खिलाड़ी के तौर पर ही शामिल हुए हैं। मुख्य अतिथि अंशुल सिंह ने बैटिंग और बॉलिंग कर चौम्पियनशिप का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन अमजद उस्मानी ने किया। इस अवसर पर उत्तराखंड सचिव इमरान सादिक, दिल्ली सचिव उस्मान



सिद्दीकी, पी एस रावत, लक्ष्मीकांत पटेल, असलम वारसी, सोनू बाडुंगर,अनीस गौड़, मनीष सैनी, कमल चावला, अरसलान, भारत भूषण, अनिल भास्कर, शकील अहमद आदि मौजूद रहे। चौम्पियनशिप के उद्घाटन मैच में पूल ए में उत्तराखंड ने पांडिचेरी पर एक रन से सनसनीखेज जीत दर्ज कर विजय अभियान की शुरुआत की। निर्धारित आठ ओवर में उत्तराखंड ने 43 रन बनाए। जवाब में पांडिचेरी की टीम 42 रन ही बना सकी। पूल डी में कर्नाटक ने पुर्वांचल को 23 रनों से पराजित किया। कर्नाटक ने आठ ओवर में 61रन बनाये। जिसके जवाब में पुर्वांचल की पूरी टीम 38 रन बनाकर आउट हो गई। पूल ए के अन्य मैच में सी बी एस ई की टीम ने आठ ओवर में 88 रन बनाए जिसके जवाब में पांडिचेरी टीम 80 रन बनाकर आउट हो गई।

## चुड़ियाला गांव में तहसीलदार ने सुनी समस्याएं

**भगवानपुर।** भगवानपुर तहसील प्रशासन ने सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बनारसी उर्फ बेलेड निकट चुड़ियाला गांव में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई जिसमें 16 शिकायतें दर्ज हुई तथा तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत भगवानपुर तहसील प्रशासन लगातार ग्रामीण क्षेत्र में जाकर लोगों की जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा हैआज भी इसी कार्यक्रम के तहत भगवानपुर तहसील के चुड़ियाला गांव मेंजांच चौपाल लगाई गई जिसमें लोगों की समस्याओं को निस्तारण का प्रयास किया गया। शिकायतें राशन कार्ड शौचालय पानी पाइप जगह-जगह टूटे हुए जमीन की पैमाई आदि से संबंधित रही

# बाबा गुरबचन की स्मृति में मानव एकता दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूड़की।** संत निरंकारी मिशन के तत्वधान मे बी.एस.एम. तिराहे के समीप निरंकारी सत्संग भवन मे मानव एकता दिवस के उपलक्ष मे सत्संग का आयोजन किया गया जिसमे निरंकारी अनुयाईयो एवम श्रधालुओ ने सतगुरु बाबा गुरुबचन की सिक्षाओ को याद किया।

उन्होंने कहा कि प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता 'मानव एकता दिवस', निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। यह दिन केवल पुण्य स्मरण का अवसर नहीं, अपितु मानवता, सौहार्द और एकत्व की भावनाओं का एक आत्मिक संगम है। मानव एकता दिवस के अवसर पर मिशन द्वारा देशभर में रक्तदान की प्रेरक श्रृंखला आरंभ होती है, जो नि:स्वार्थ सेवा भावना की सामूहिक जागृति का स्वरूप बनकर पूरे वर्ष समाज में प्रवाहित होती रहती है। इसके साथ ही सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेम, शांति और समरसता का प्रकाश भी जन-जन तक पहुँचाया जाता है। यह दिन इस बात का परिचायक है कि सेवा केवल एक कार्य नहीं, अपितु निष्काम समर्पण का आत्मिक भाव है।

इस वर्ष भी, संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पूरे भारतवर्ष की लगभग 500 से अधिक ब्रांचों पर भव्य रक्तदान शिविरों की अविरल शृंखला आयोजित की गई। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की करुणा, सेवा और एकत्व के संदेश को जीवन में उतारने का सजीव माध्यम है जो हमें सिखाता है कि मानवता ही सर्वोच्च धर्म है।

# जेके टायर कर्मचारियों की समझौता वार्ता बेनतीजा

## एसडीएम व एसपी देहात ने किया था आपसी समझौते का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर तहसील में आज जेके टायर कंपनी प्रबंधन एवं कर्मचारी के बीच चल रहे। विवाद खास तौर पर तीन कर्मचारियों की टर्मिनेशन के मसले पर एसडीएम सौरव अस्वाल एवं एसपी देहात शेखर सुयाल द्वारा तहसील मुख्यालय पर बुलाई गई। समझौता वार्ता बैठक एक बार फिर बेनतीजा साबित रही।

बैठक में टर्मिनेट कर्मचारी सुनील कुमार एवं निशांत कुमार ने एक बार फिर तीनों कर्मचारियों के टर्मिनेशन को वापस लिए जाने और निलंबित किए गए। कर्मचारियों का निलंबन वापस तथा वेतन वृद्धि की मांग दोहराई।कंपनी प्रबंधन की ओर से एसपी देहात शेखर सुयाल ने स्पष्ट किया कि कंपनी द्वारा टर्मिनेट किए गए।तीनों कर्मचारियों के मामले में कोर्ट का निर्णय मान्य होगा।इसके अलावा बाकी मसलों पर विधिवत आपस मे मिल बेठ कर कंपनी समझोते को तैयार है।बैठक में किसान यूनियन पटेल गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कीरत सिंह ने कहा कि कंपनी तीनों कर्मचारियों.के टर्मिनेट के निर्णय को सस्पेंड में बदले और जब कोर्ट से डिसाइड हो तब



तक उन्हें 70 प्रतिशत वेतन दे अगली बैठक कब होगी इस संबंध में अभी विचार नहीं किया गया है।

# अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूड़की।** अवैध हथियारों के विरुद्ध कोतवाली गंगनहर पुलिस की धरपकड़ लगातार जारी है। इसी के तहत आज दो आरोपियों को अवेध हथियार के साथ पकड लिया गया है। अभियुक्त गण को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार दिनांक 23.04.25 उप निरीक्षक नवीन कुमार मय कांस्टेबल राकेश राणा, कांस्टेबल नितिन के शांति व्यवस्था, देखरेख क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम मय वाहन प्राइवेट के थाना क्षेत्र में रवाना थे। जैसे ही पुलिस कर्मचारी गण ग्रस्त करते हुए ईदगाह चौक होते हुए कब्रिस्तान के निकट ईदगाह के द्वितीय गेट पर पहुंचे तो देखा कि गेट के अंदर दो व्यक्ति बैठे दिखाई दिए जब पुलिस कर्मचारी गण इन व्यक्तियों के पास पहुंचे यह दोनों व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर शकपका गए और फारूक कॉलोनी की ओर भागने का प्रयास करने लगे तो पुलिस पार्टी द्वारा दोनों को एकदम दबिश देकर मौके पर पकड़ लिया नाम पता पूछने पर पहले व्यक्ति ने अपना नाम हर्ष उर्फ यश कश्यप पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी माता वाला बैग पुरानी तहसील कोतवाली गंग नहर उम्र 20 वर्ष जिसकी जामा तलाशी से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम गौरव कुमार पुत्र प्रवीण कुमार निवासी नकली चाय वाली गली पुरानी तहसील कोतवाली गंगनहर जिला हरिद्वार उम्र 19 वर्ष जिसकी जामा तलाशी से एक तमंचा 32 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ उक्त व्यक्तियों से तमंचे रखने का लाइसेंस तलब किया गया दोनों व्यक्ति लाइसेंस दिखने में कासिर रहे। अभियुक्त गण को उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण के विरुद्ध कोतवाली गंग नहर पर अपराध संख्या 169/ 2025 दर्ज किया गया। अभियुक्त गण को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

वहीं कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त गण हर्ष उर्फ यश कश्यप पुत्र प्रहलाद सिंह व गौरव कुमार पुत्र प्रवीण कुमार से बरामद माल में 1-01 अदद तमंचा 315 बोर। 2-02 जिंदा कारतूस 315 बोर।3- 01 अदद तमंचा 32 बोर 4-01 अदद कारतूस 32 बोर आदि बरामद कर लिया है। पुलिस टीम का विवरण 1-उप निरीक्षक नवीन कुमार 2-कांस्टेबल राकेश राणा 3-कांस्टेबल नितिन आदि शामिल रहे।

## कश्मीर में आतंकवादी हमले के खिलाफ वकीलों ने एसडीएम को सोपा ज्ञापन

**शाह टाइम संवाददाता**

**लक्सर।** एसडीएम के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को पत्र भेज कर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की है। एडवोकेट अनिल अग्रवाल ने बताया कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा जिस तरह से हिंदू पर्यटकों की जघन्य व जनघय हत्या की गई है। वह अत्यंत भारतीय विचारक दुखदाई व रोषपूर्ण है जो मानवता पर कड़ा प्रहार करने का अंकित है। भारत सरकार के द्वारा किए गए अथक प्रयास से घाटी में चहुमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है तथा घाटी में शांति का दौर चल निकला था लेकिन कुछ फिरकापरस्त लोगों को यह नागवार गुजर रहा था लिहाजा इन फिरकापरस्तो ने ही वादी में व्याप्त शांति को तारतार कर पुन्य अशांति करते हुए वीभत्स एवं जनघय हरकत को अंजाम देते हुए धर्म विशेष को संबोधित कर उसकी नरसह हत्या की है जिस कारण संपूर्ण मानवता आगंतुक वेदना से कर रही है सभ्य समाज में कटुता में मनुष्यता एवं हिंसा का कोई स्थान नहीं है मर्त आत्माओं के प्रति अपनी श्रद्धा जली एवं उनके परिवार के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करते हैं तथा इस ज्ञापन के माध्यम से यह मांग करते हैं कि आतंकवादियों के प्रति कठोरता कार्रवाई की जाए जिससे वह दोबारा से ऐसी हरकत ना कर सकें ज्ञापन देने वालों में दर्जनों एडवोकेट शामिल रहे

# खेतों से ट्यूबवेल मोटर चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा किसानों के खेतों से टयूवैल मोटर चोरी करने वाले दो सातीर चोरों को गिरफ्तार किया है।

लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में लगातार मोटर चोरियों की घटनाओं का एसएसपी हरिद्वार द्वारा संज्ञान लेते हुए घटना के अनावरण के लिए निर्देशित किया था जिसमें लक्सर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गांव में हो रही मोटर चोरियों की घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने के लिए रात्रि में चेकिंग के लिए पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 24 अप्रैल 2025 को श्री सीमेंट फैक्ट्री के पास से फूलगढ़ को जाने वाले रास्ते पर दो व्यक्तियों को एक बड़ी मोटर व करीब 10 किलोग्राम तांबे के तार सहित गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों ने पूछताछ में बताया कि थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से अलग-अलग तिथियां को किसानों के खेतों से टयूवैल के मोटर निकाल कर उसमें से तांबे का तार निकालकर चोरी करने की घटना को अंजाम दिया करते थे। पूछताछ करने पर दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम रोहित पुत्र राम किशोर निवासी सुखरासा थाना पथरी हरिद्वार योगेश पुत्र मनोज निवासी शुकरासा थाना पथरी उम्र 20 वर्ष बताया पकड़े गए। दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। उन दोनों आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र नेगी हेड कांस्टेबल मनोज मीनान कांस्टेबल अरविंद चौहान हिमांशु चौधरी शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना प्रतियोगिता संपन्न

**नारसन।** राजा महेंद्र प्रताप प्रेम इंटर कॉलेज नारसन के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय नगर पालिकामाननीय मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना बैटरी टेस्ट प्रतियोगिता मे 8 साल से 14 साल तक के प्रतिभावान बालक बालिकाओं ने बैटरी टेस्ट के दौरान अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

बैटरी टेस्ट में मेडिसिन बॉल, 6 गुना 10 मी शटल रन, 600 मी रन, 30 मी फ्लाइंग स्टार्ट, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, फारवर्ड बैंड एंड रीच बैटरी शारीरिक परीक्षण शामिल थे। ब्लॉक खेल समन्वयक पवन राणा ने बताया की ब्लॉक स्तर पर बैटरी टेस्ट के दौरान लगभग 150 प्रतिभागियोंने भाग लिया।जो छात्र चयनित होंगे वह जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के समय संजीव राणा, अरुण खरे, राजीव कुमार, केशव कुमार, परमेंद्र मलिक, कुलदीप कुमार, अनीता सिंह, प्रियंका तोमर, राजकुमार, मनीष काकरान, प्रशांत राठी, पुलकित लोहान, कुशलजीत,अलीशा चौधरी, सोनिया सैनी, ज्ञानेश्वर प्रसाद, दिनेश भल्ला, आलोक द्विवेदी, संदीप भारद्वाज आदि ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।

# हरिद्वार विवि में राज्य स्तरीय कौशल विकास एवं संयुक्त उद्यम की एक बेहतर पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज हरिद्वार विश्वविद्यालय के अन्तर्गत गौरव परियोजना उत्तराखंड में एक राज्य स्तरीय कौशल विकास पहल है, जिसका उद्देश्य वित्तीय सेवा क्षेत्र में क्षेत्र-विशिष्ट प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक विशेषज्ञता दोनों प्राप्त करने के लिए एक संरचित, तीन-स्तरीय दृष्टिकोण का पालन करता है। हरिद्वार विश्वविद्यालय ने लेवल 1 प्रमाणन के लिए 21 अप्रैल से 24 अप्रैल तक प्रबंधन के सभी छात्रों के लिए 4 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। सत्र को डॉ अंकुर भटनागर ने संचालित किया, जो प्रोजेक्ट गौरव के विशेषज्ञ प्रशिक्षक हैं। उन्होंने शानदार तरीके से सत्रों का संचालन किया।

हरिद्वार विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इन 4 दिवसीय ऑफलाइन कार्यशाला में 119 उम्मीदवारों ने भाग लिया। हरिद्वार विश्वविद्यालय की विभागाध्यक्ष डॉ हिमाद्री फुकन ने इस कार्यक्रम के संचालन की पहल की। आयोजित परीक्षा में सफल होने के बाद छात्रों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा प्रमाण पत्र एनएसई द्वारा जारी किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन हरिद्वार विश्वविद्यालय के अध्यक्ष सी0ए0 एस के गुप्ता और अध्यक्ष नमन बंसल ने कहा कि छात्रों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए इस तरह की कार्यशाला बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि छात्र रोजगार के योग्य बन सकें। कार्यक्रम के समापन सत्र में कुलपति डॉ धर्मवीर सिंह और पीवीसी डॉ0 रमा भार्गव, डॉ आदेश आर्य, डायरेक्टर डॉ0 विपिन कुमार सैनी, रजिस्ट्रार सुमित चौहान, ओ0एस0डी0 अभिनव भटनागर, डॉ0 रोहित, डॉ0 सुमित, डॉ0 एकता जैन, प्रो0 सोनिया शर्मा, वर्तिका सिंह डॉ0 रविन्द्र आर्य आदि प्रोफेसर मौजूद थे।

# वन विभाग की टीम ने पिंजरे में बंद बेजुबान पक्षियों को मुक्त कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वन विभाग की टीम ने शहर में बड़ी कार्रवाई करते हुए पिंजरों में बंद बेजुबान पक्षियों कोमुक्त कराया है। शहर के मछली मोहल्ले में इन पक्षियों का कारोबार करने वाले दो लोगों को वन विभाग की टीम अपने साथ ले गई जहां उनसे बंद कमरे में पूछताछ की जा रही है।वन विभाग की टीम को आशंका है कि इस कारोबार में और भी अन्य लोग जुड़े हो सकते हैं। गौरतलब है कि पिछले लंबे समय से रुड़की शहर के मछली मोहल्ले में बेजुबान पक्षी जिनमें अधिकतर तोते थे उनको पिंजरे में बंद करके कड़ाके की धूप में छत पर रखा गया था लेकिन इसी बीच वन विभाग के चर्चित वन दरोगा आशुतोष नीम को सूचना मिली कि बिल्डिंग की छत पर भी छुपा कर बड़ी संख्या में छुपाकर तोते रखे गए हैं जिसके चलते आशुतोष ने छत पर पहुंचकर देखा तो उनके होश उड़ गए और सभी पिंजरों को लेकर वह विभाग के कार्यालय में पहुंच गए जहां हिरासत में लिए गए दोनों युवकों से वन विभाग की टीम पूछताछ करने में जुटी है तोते कहां से आते थे और इनको कहां कहां बेचा जाता था सभी जानकारी जुटाई जा रही है।वन्य जीव पक्षी की धारा के अंतर्गत वन विभाग की टीम कार्रवाई करेगी।इस मौके पर भारी भीड़ मौजूद रही। वहीं वन सुरक्षा बल के कर्मचारी मनोज भारती के अलावा उप प्रभागीय वन अधिकारी डी पी बौड़ाई भी मौजूद रहे।

## सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**रुड़की।** विवाहिता ने विदेश की एक कंपनी में सीनियर सेल्स इंजीनियर के पद पर तैनात अपने पति के खिलाफ उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि तंग आकर पत्नी मायके चली आई। पुलिस ने सीनियर सेल्स इंजीनियर समेत ससुराल के सात लोगों के खिलाफ दहेत उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। रुड़की कोतवाली को जिला मोहाली जीरकपुर सासनगर पंजाब निवासी महिला ने बताया कि पति सीनियर सेल्स इंजीनियर विजय केदार दत्त भट्ट निवासी सेक्टर 17 कलंबोली नवी मुंबई के साथ 23 जनवरी 2021 को विवाह हुआ था। विवाह में करीब चालीस लाख रुपये के आसपास खर्च हुए थे। आरोप है कि पति ने अपनी पहली शादी की बात छिपा कर दूसरा विवाह किया था।

# आतंकी हमले में शहीद पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को यूपी के सह प्रभारी मुनीश सैनी, पूर्व वक्फ बोर्ड अध्यक्ष राव काले खां ,ब्लॉक प्रमुख राव लुबना के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने झंडा चौक कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यूपी के सह प्रभारी मुनीश सैनी ,पूर्व वक्फ बोर्ड अध्यक्ष राव काले खां ,ब्लॉक प्रमुख राव लुबना ने कलियर झंडा चौक पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भजापा कार्यकर्ताओं ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रंद्धाजलि अर्पित की।उसके बाद कलियर झंडा चौक से वीआईपी चौक तक रैली निकालकर आंतकवाद ओर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की।मुनीश सैनी ने कहा कि इस ह्रदय विदारक घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया हैं।निर्दोषों को निशाना बनाना कायराना हरकत हैं।घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण हैं।आतंकी पर सरकार बड़ा एक्शन लेगी। आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा।पूर्व वक्फ बोर्ड अध्यक्ष राव काले खां ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से पूरा देश आक्रोशित हैं। आतंकी हमले ने देशवासियों को झकझोर दिया हैं। जिन परिवारों ने अपने परिवार को खोया हैं उनके दुख में वह शामिल हैं।ऐसे कायराना हमले करने वालों को बख्शा नही जाएगा।मंडल अध्यक्ष गौरव मोहन ,संदीप पूरी ने कहा कि निर्दोष पर्यटकों की हत्या किया जाना बेहद निंदनीय हैं। यह केवल मानवता पर ही नही बल्कि राष्ट्र की आत्मा पर आघात हैं। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राव लुबना, गौरव मोहन संदीप पूरी,राव ईनाम ,राव सदाकत,प्रधान अजहर, उल्फत हुसैन, राव अजमल,पंकज पाल, रहीश,मेहताब त्यागी,बारू मौजूद रहे।

## ज्ञानदीप पब्लिक हाई स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

# जीएसटी डिप्टी कमिश्नर ने छात्रों का बढ़ाया हौसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पनियाला रोड शिवपुरम स्थित ज्ञान दीप पब्लिक हाई स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) में टी. के. मिश्रा (डिप्टी कमिश्नर जी.एस.टी) तथा डॉक्टर संजीत कुमार शर्मा (प्रोफेसर आई.आई. टी रुड़की) ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भेंट की। जिनका प्रबंध क महोदय श्री वासुदेव पंत एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने पुष्प माला भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय के छात्रों और सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं से भेंट की। श्री टी. के.मिश्रा जी ने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देने की बात कही जिससे कि छात्र पढ़ाई को एक बोझ न समझकर सुचारू रूप से अपना मानसिक और शारीरिक विकास कर सकें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर संजीव कुमार शर्मा जी ने छात्रों को हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा के महत्व को बताया उन्होंने छात्रों को भाषा को सीखने के सूत्र बताए तथा यह बताया कि सुचारू रूप से अध्ययन के लिए हमें योग को भी महत्व देना चाहिए जिससे हमारा मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है।

प्रबंधक श्री वासुदेव पंत तथा प्रधानाचार्या रेखा पंत ने विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




इस अवसर पर श्रीमती आरती रावत, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती सुकृति शर्मा , श्रीमती इंदु देवी , श्री आजाद पंवार , श्री अंकित कुमार , श्रीमती प्रीति, गीता, श्रीमती रंजिता शर्मा, श्रीमती पारुल वर्मा, श्रीमती कंचन अग्रवाल ,श्रीमती दीपमाला, मोनिका, लक्की, पूजा सेमवाल आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# बीएसएम बीएड वूमेन कॉलेज में हार्टफुलनेस मेडिटेशन को लेकर वर्कशॉप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बी.एस.एम. बी.एड. कालेज और बी.एस.एम. वूमेन बी.एड. कालेज में हार्टफुलनेस मेडिटेशनऔर लाइफ स्किल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम के तहत मुख्य अतिथियों ने जीवन के कुछ महत्वपूर्ण आधारों के बारे में छात्र-छात्राओं को समझाया।

जानकारी के अनुसार बीएड कॉलेज की प्राचार्य ममता जोशी ने बताया कि हार्टफुलनेस मेडिटेशन संस्था की ओर से हार्टफुलनेस मेडिटेशन एंड स्किल प्रोग्राम पर 3 दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम के तहत मुख्य अतिथियों ने जीवन के कुछ महत्वपूर्ण आधारों के बारे में छात्र-छात्राओं को समझाया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ ममता जोशी, डॉ सुमति श्रीवास्तव, निमिषा सैनी, सोनिया सैनी, डॉ आशीष तोमर, डॉ संगीता सैनी , अमित कुमार, भारत चंद, अविनाश रवि और आदि उपस्थित रहे।



CMYK

# आस्था की डगर पर सुरक्षा का पहरा, पुलिस ने संभाली कमान

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** चारधाम यात्रा-2025 को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनाने के उद्देश्य से उत्तराखंड पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। चारों धामों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सहित यात्रा मार्गों का पुलिस महानि. रीक्षकों की ओर से गहन स्थलीय निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने यात्रा मार्गों, ठहराव स्थलों, पुलिस चौकियों, पार्किंग स्थलों, मंदिर परिसरों एवं सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन करते हुए सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि व्यवस्थाएं समयबद्ध और प्रभावी रूप से पूर्ण की जाएं। चारधाम यात्रा-2025 के दृष्टिगत की जा रही यह तैयारियां यह दर्शाती हैं कि राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन इस बार यात्रा को पूर्णतया सुरक्षित, सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान बेहतर अनुभव देने के लिए प्रत्येक स्तर पर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।



### पुलिस बल के लिए विशेष व्यवस्थाएं

चारधाम यात्रा ड्यूटी में नियुक्त पुलिसकर्मियों के लिए आवास, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य और ब्रीफिंग आदि की व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि ड्यूटी पर तैनात हर कर्मी श्रद्धालुओं की सहायता में तत्पर और विनम्र रहे।

### ताकवाले ने यमुनोत्री धाम में यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) अनन्त शंकर ताकवाले ने यमुनोत्री धाम का निरीक्षण कर जानकीचट्टी, फूलचट्टी और राणाचट्टी तक यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क कराया जाए और अत्यधिक यातायात दबाव की स्थिति में वाहनों को होल्डिंग एरिया में रोका जाए। घोड़ा-खच्चर और डंडी-कंडी सेवाओं का संचालन केवल निर्धारित स्थानों से रोटेशन प्रणाली के तहत किया जाए।

**■ चारधाम के सफर की तैयारी में जुटी उत्तराखण्ड पुलिस, बद्रीनाथ से यमुनोत्री तक पुलिस का ऑन-ग्राउंड एक्शन, धार्मिक यात्रा में चूक नहीं, हर धाम पर सघन सुरक्षा समीक्षा, पुलिस महानिरीक्षकों ने किया मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण**

### सभी बाहरी कर्मचारियों का सत्यापन अनिवार्य: योगेन्द्र रावत

पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) योगेन्द्र रावत ने बद्रीनाथ यात्रा मार्ग का ज्योतिर्मठ से लेकर बद्रीनाथ धाम तक गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पांडुकेश्वर स्थित रजिस्ट्रेशन चेकिंग प्वाइंट, मंदिर परिसर, तप्तकुण्ड, गांधी घाट, ब्रह्मकपाल व कंट्रोल रूम का अवलोकन किया। रावत ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी बाहरी कर्मचारियों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने पुलिस बल की आवासीय सुविधा, भोजन, बिजली-पानी, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बद्रीनाथ थाना को शीघ्र संचालन में लाने का भी आदेश दिया गया। उन्होंने स्थानीय व्यापार संघ व पंडा समाज के प्रतिनिधियों से भी वार्ता कर यात्रा संचालन में सहयोग व सुझाव प्राप्त किए।

### भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत: भरणे

पुलिस महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) नीलेश आनन्द भरणे ने जनपद रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ यात्रा मार्ग और धाम का निरीक्षण किया। उन्होंने गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल यात्रा कर जंगलचट्टी, भीमबली, लिंचोली, और बेस कैंप तक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंदिर परिसर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, लाइन व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने पुलिस जवानों से संवाद भी किया। साथ ही वैकल्पिक मार्गों, चेक पोस्टों, पार्किंग स्थलों, हॉल्टिंग प्वाइंट्स का भी निरीक्षण किया गया।

### संकरे मार्गों पर वाहनों के लिए रोटेशन प्रणाली होगी लागू: नपलच्याल

पुलिस महानिरीक्षक (यातायात) एनएस नपलच्याल ने देहरादून से लेकर नगुण, उत्तरकाशी, हीना बायोमैट्रिक सेंटर होते हुए गंगोत्री यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया।गंगनानी से सोनगाड़ के बीच संकरे मार्गों पर भारी वाहनों के लिए रोटेशन प्रणाली से संचालन के निर्देश दिए गए। गंगनानी, डबरानी, और सोनगाड़ में स्थापित सीजनल पुलिस चौकियों का निरीक्षण करते हुए वहां आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल, स्नान घाटों पर सुरक्षा बढ़ाने, जल पुलिस की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए।

## रुद्रपुर में फॉगिंग अभियान का शुभारंभ जोशी ने दिखाई हरी झंडी



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**रुद्रपुर।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को रुद्रपुर नगर निगम परिसर से फॉगिंग अभियान की शुरुआत की। उन्होंने अभियान में शामिल वाहनों और टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने नगर निगम सभागार में पर्यावरण मित्रों को स्वच्छता का संदेश दिया और सम्मान नागरिक सर्रा. हता के प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम की शुरुआत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले हिंदू पर्यटकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद जोशी ने महापौर और नगर आयुक्त के साथ मिलकर रुद्रा बिल्डिंग के पास बनाए गए वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया और वहां मौजूद दुकानदारों को एप्रन, किट, डस्टबिन और दुकानों के आवंटन पत्र प्रदान किए। उन्होंने वेंडिंग जोन की व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।

इस अवसर पर महापौर रुद्रपुर विकास शर्मा, नगर आयुक्त नरेश दुर्गा पाल, मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, संत कबीर मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, जिला महामंत्री अमित नारंग, राजेश जग्गा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश के सभी विद्यालयों में इसी सत्र से बैगलेस-डे लागू: डॉ. रावत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में इसी शैक्षणिक सत्र से बैगलेस-डे लागू कर दिया गया है। प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को यह दिवस मनाया जायेगा, जिसमें छात्र-छात्राएं बिना स्कूली बस्ते के अपने-अपने विद्यालय जायेंगे तथा पढ़ाई के बजाय अन्य सृजनात्मक गतिविधियों में प्रतिभाग करेंगे। इसके लिये विद्यालयी शिक्षा विभाग की ओर से एससीईआरटी द्वारा 'गतिविधि पुस्तिका' तैयार की गई है। जिसका कार्यशाला में विभागीय मंत्री सहित अन्य अतिथियों द्वारा विधिवत विमा. चन किया गया।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सभागार में गुरुवार को विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में बैगलेस-डे को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य में संचालित विभिन्न विद्यालयी बोर्डों के प्रति. निधियों, विभागीय अधिकारियों एवं निजी स्कूल संचालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति-2020 की अनुशंसा के अनुरूप राज्यभर में संचालित सभी विद्यालयी शिक्षा बोर्डों के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में इसी सत्र से बैगलेस-डे लागू किये जाने की घोषणा की। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश में संचालित समस्त विद्यालयों में प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को बैगलेस-डे रहेगा। इस दिन छात्र-छात्राएं बिना बस्ते के स्कूल जायेंगे तथा पढ़ाई के बदले विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दिन मुख्यत: तीन प्रकार की गतिविधियां संचालित की जायेंगी, जिसमें जैविक, मशीनी व मानवीय गतिविधियां शामिल रहेंगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अंतर्गत एससीईआरटी द्वारा 'गतिविधि पुस्तिका' तैयार की गई है जिसमें बैगलेस-डे पर संचालित गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया गया है। यह पुस्तिका सभी शिक्षा बोर्डो सीबीएसई, आईसीएसई, भारतीय शिक्षा बोर्ड, संस्कृत शिक्षा, मदरसा बोर्ड आदि को ई-फार्मेट सहित उपलब्ध करा दी जायेगी। इसके इतर सभी बोर्ड इस दिवस पर अपने-अपने विद्यालयों में अन्य बेहतर गतिविधियों का भी संचालन कर सकते हैं। इस व्यवस्था को प्रदेश भर में कड़ाई से लागू करने के लिये ब्लॉक स्तर पर खण्ड शिक्षा अधिकार, जिला स्तर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी व राज्य स्तर पर महानिदेशक शिक्षा नोडल अधिकारी रहेंगे। विभागीय मंत्री ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी बैगलेस-डे पर अपने-अपने क्षेत्र में विद्यालयों का औचक निरीक्षण भी करेंगे। इससे पहले विभागीय मंत्री डॉ रावत ने विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के लिये विभिन्न गतिविधियों पर आयोजित पर प्रदर्शनी का भी अवलो. कन किया। जिसमें उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किये गये विभिन्न मॉडलों की खूब सराहना की कार्यशाला में निजी एवं राजकीय विद्यालयों में बस्ते का बोझ कम करने पर भी चर्चा की गई। जिसको आगामी जुलाई माह से लागू करने पर सहमति बनी। विशेषकर सीबीएसई एवं आईसीएसई के स्कूल संचालकों को इस व्यवस्था को लागू करने के लिये आपस में विचार-विमर्श कर ठोस निर्णय लेने को कहा। कार्यशाला में सचिव संस्कृत शिक्षा दीपक गैरोला, सीबीएसई बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. मनोज, निजी विद्यालय संगठन के अध्यक्ष प्रेम कश्यप एवं राकेश ऑबराय ने बैगलेस-डे को छात्रहित में बताते हुये विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के प्रयासों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा नई शिक्षा नीति-2020 के तहत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये पढ़ाई के साथ-साथ सृजनात्मक गति. विधियां का संचालन अतिआवश्यक है, जो बैगलेस-डे के दिन सुगमता के साथ संचालित की जा सकती है।

कार्यशाला में विभागीय सचिव रविनाथ रमन, सचिव संस्कृत शिक्षा दीपक गैरोला, मिशन निदेशक एनएचएम स्वाती एस भदौरिया, महा. निदेशक विद्यालयी शिक्षा झरना कमठान, निदेशक मुकुल सती, अपर निदेशक गढ़वाल कंचन देवराड़ी, अपर निदेशक एससीईआरटी पदमेन्द्र सकलानी, एपीडी समग्र शिक्षा कुलदीप गैरोला, विभिन्न बोर्डों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि, सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारियों के साथ ही निजी विद्यालयों के संचालक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

**राज्यभर के विद्यालयों में संचालित स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी गतिविधियों की दी विस्तृत जानकारी**

देहरादून।शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक स्वाती एस भदौरिया द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राज्यभर के विद्यालयों में संचालित स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएचएम के तहत बाल आरोग्य पोर्टल तैयार किया गया है, जिसमें प्रत्येक छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका हेल्थ रिकॉर्ड दर्ज किया जायेगा। जिसको लॉगइन शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों व महानिदेशक विद्यालय शिक्षा को दिया जायेगा। जो जरूरत पड़ने पर प्रत्येक छात्र-छात्राओं का हेल्थ रिकॉर्ड देख सकता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये 148 टीमों का गठन किया गया है।

# हरदा का तंज: हम सनातनी हैं, भाजपा सिर्फ तनातनी

प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। अपने बेबाक और चुटीले अंदाज के लिए जाने जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा पर जबरदस्त हमला बोला है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'हम सनातनी हैं, भाजपा सिर्फ तनातनी है'। उनके इस बयान ने न केवल राजनैतिक गलियारों में हलचल मचा दी है, बल्कि भाजपा के लिए धर्म और परंपरा की राजनीति पर आत्मचिंतन का संदेश भी छोड़ दिया है। रावत ने बिना लाग-लपेट के कहा कि भाजपा केवल धार्मिक चोला पहनकर दिखावा करती है, जबकि असली परंपरावाद तो वह होता है जो संस्कृति, प्रतीकों और मूल्यों को संरक्षित करे। उन्होंने भाजपा से सीधा सवाल पूछा कि जब उन्होंने खुद इन प्रतीकों को सहेजने के लिए कुछ नहीं किया, तो परंपरा और सनातन की बातें किस मुंह से करते हैं?

पूर्व सीएम ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने इस दिशा में ठोस कार्य किया। अल्मोड़ा के चितई और टिहरी में दो संग्रहालय स्थापित किए, जिनमें उत्तराखंड की विलुप्त होती सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखा गया। वाद्य यंत्रों से लेकर लोक परंपराओं तक हर उस प्रतीक को संरक्षित किया गया जो उत्तराखंड की आत्मा का हिस्सा हैं। रावत ने सामा. जिक कार्यकर्ता यशोधर मटवाल का उल्लेख करते हुए कहा कि वे इस काम को किसी भी सरकार से बेहतर तरीके से अंजाम दे रहे हैं, लेकिन हमने इसे सिर्फ सामाजिक नहीं, शासकीय कर्तव्य भी माना। सनातनी वही जो परंपरा निभाए, सिर्फ भाषण देने से नहीं होता सनातन रावत का बयान सिर्फ राजनीतिक तंज नहीं, बल्कि धर्म और संस्कृति की गहराई में जाकर दिया गया बयान है। उन्होंने स्पष्ट कहा, जो खुद परंपरा नहीं निभा पाते, वे दूसरों को नसीहत कैसे दे सकते हैं?। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को जवाब देना चाहिए कि जिस काम को वो आज तक न कर सके, वह काम कांग्रेस सरकार ने कर दिखाया। इसलिए वे खुद को सनातनी मानते हैं, और भाजपा को तनातनी का प्रतीक।



**■ हरीश के बयान से उत्तराखण्ड की सियासत का पारा चढ़ा कहा, जो अपनी संस्कृति नहीं बचा सकता, वह इतिहास से कट जाता है**

# हेल्थ रिकॉर्ड लिंकेज में उत्तराखंड देशभर में दूसरे स्थान पर

एस. आलम अंसारी

देहरादून। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत हेल्थ रिकॉर्ड लिंकेज में उत्तराखंड देशभर में दूसरे स्थान पर है जबकि पहले स्थान पर उत्तर प्रदेश काबिज है। राज्य में 74 लाख से अधिक हेल्थ रिकॉर्ड आभा आईडी नेटवर्क से लिंक हो चुकी है। इसके अलावा आभा आईडी, अस्पतालों व चिकित्सकों का पंजीकरण, आभा आधारित ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण आदि विभिन्न श्रेणियों में उत्तराखंड ने पांच चरण सफलतापूर्वक पूरे कर लिये हैं। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के नियमित विभागीय समीक्षा व मार्गदर्शन का नतीजा है कि प्रदेश ने यह उपलब्धि हासिल की है।

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत अपेक्षाकृत कम आबादी होने के बावजूद उत्तराखंड देशभर में हेल्थ रिकॉर्ड लिंकेज के मामले में दूसरे पायदान पर है। जबकि पहले स्थान पर उत्तर प्रदेश काबिज है। इसके अलावा तीसरे स्थान पर गुजरात, चौथे पर बिहार और पांचवें स्थान पर महाराष्ट्र है। उत्तराखंड में अबतक 74,14,923 से अधिक हेल्थ रिकॉर्ड आभा आईडी नेटवर्क से लिंक किये जा चुके हैं, जो प्रदेश के लिये बड़ी उपलब्धि है। हेल्थ रिकॉर्ड लिंकेज जिनके माध्यम से तेजी से इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड बनाये जा रहे हैं। यही वजह है कि कम आबादी होने के बाद भी उत्तराखंड हेल्थ रिकॉर्ड लिंकेज में अग्रणी राज्यों में शुमार है।



अपेक्षाकृत कम आबादी होने के बावजूद हेल्थ रिकॉर्ड लिंकेज के मामले में उत्तराखंड ने देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जो लोगों के स्वास्थ्य के प्रति राज्य सरकार की संवद. नशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार ने प्रदेश में शत-प्रतिशत लोगों की आभा आईडी बनाने का लक्ष्य तय किया है ताकि लोगों को डिजिटल माध्यम से भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

**डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड सरकार।**

**■ प्रदेश में अबतक 74 लाख हेल्थ रिकॉर्ड आभा आईडी से किए लिंक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत बोले, 5 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की शत-प्रतिशत बनेगी आभा आईडी**

होने से लाभार्थी को देशभर के किसी भी अस्पताल में चिकित्सक के साथ अपनी हेल्थ रिपोर्ट शेयर कर सकेंगे और अपनी बीमारी के बारे में सलाह ले पाएंगे। इसके साथ ही रोग की जांच, लैब रिपोर्ट, उपचार एवं दवाईयां आदि घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे।

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुताबिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा प्रदेश में आयुष्मान भारत के अंतर्गत चार जनपदों में 7 माइक्रोसाईट चल रही है। जिसमें देहरादून हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जनपद में 2-2 तथा नैनीताल जनपद में एक माइक्रोसाइट चल रही है।

### 8317 हेल्थ केयर प्रोफेशनल पंजीकृत

प्रदेश में आभा आईडी के साथ-साथ डॉक्टर्स, नर्सेज व आशा वर्करों का भी डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। इन्हें डीजी-डॉक्टर के रूप में मिशन में पंजीकृत किया जा रहा है। अभी तक प्रदेश में 8317 हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स रजिस्टर्ड किये जा चुके हैं। इसके अलावा तमाम चिकित्सालयों, क्लीनीक, जांच सेंटर, प्रयोगशालाओं, इमेजिंग सेंटर, फार्मेसी का भी पंजीकरण कराया जा रहा है। जिसके तहत अबतक 7423 हेल्थ फैसलिटी रजिस्टर्ड हो चुकी है।

### प्रदेश में 70 लाख से अधिक बनी आभा आईडी

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अबतक 70,50,119 लोगों की आभा आईडी तैयार की जा चुकी है। जिसमें नैनीताल में 879901, देहरादून 1393101, पौड़ी 501662, बगेश्वर 201714, चम्पावत 189247, चमोली 273103, उत्तरकाशी 225388, पिथौरागढ़ 332858, हरिद्वार 1181607, टिहरी 395329, रूद्रप्रयाग 156641, अल्मोड़ा 387970 तथा ऊधमसिंह नगर में 911668 लोगों की आभा आईडी जनरेट की जा चुकी है। इसके अलावा 19930 आभा आईडी के जनपदों का चिन्हिकरण किया जा रहा है।

### उत्तराखंड में 6 लाख मरीजों का ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण

डिजिटल मिशन के तहत प्रदेश के विभिन्न चिकित्सालयों में स्कैन एंड शेयर सुविधा का लाभ मरीज उठा रहे है। इस सुविधा के तहत अबतक राज्य में 6,72,796 मरीजों ने अपना ओपीडी पंजीकरण कराया। इन मरजों ने बिना लाइन में लगे और बिना अपना विवरण दर्ज कराये अस्पताल में सीधे ओपीडी पंजीकरण प्राप्त किया और चिकित्सक से चिकित्सा परामर्श और उपचार का लाभ उठाया। वर्तमान में यह सुविधा एम्स ऋषिकेश, राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून, श्रीनगर, अल्मोड़ा, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय (कोरोनेशन) देहरादून, पंडित हरगोविंद पंत जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा, एवं उप जिला चिकित्सालय रूड़की में संचालित है।

# डेंगू रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य सचिव ने जारी की एडवाइजरी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राज्य में डेंगू की रोकथाम को लेकर चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग पूरी तरह सक्रिय है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशों के क्रम में सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा डॉ. आर. राजेश कुमार ने डेंगू से बचाव हेतु सभी संबंधित विभागों को एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य सचिव ने स्पष्ट किया है कि डेंगू का मच्छर साफ जमा हुए पानी में पनपता है। यदि समय रहते ऐसे स्थलों की पहचान कर ली जाए जहां पानी एकत्र हो सकता है और उसे हटाया जाए, तो डेंगू को फैलने से रोका जा सकता है। इसी दृष्टिकोण से उन्होंने सभी संबंधित विभागों को एडवाइजरी प्रेषित की है, जिसमें यह कहा गया है कि डेंगू नियंत्रण में सभी विभागों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। एडवाइजरी में अंतरविभागीय समन्वय के साथ समन्वित प्रयास करने पर जोर दिया गया है। एडवाइजरी प्राप्त करने वाले विभागों में शहरी विकास, नगर निगम/नगर पालिकाएं, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, शिक्षा, सूचना, आपदा प्रबंधन, सिंचाई, कृषि, महिला एवं बाल विकास, परिवहन, मौसम विभाग, पर्यटन, वन एवं जलापूर्ति विभाग प्रमुख रूप से शामिल हैं।

उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक में कहा, ष्हमारी प्राथमिकता डेंगू के मामलों को घटाना और नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

डेंगू मच्छर, विशेषकर एडिस एजिप्टी, घरों के आस-पास पानी जमा होने वाली जगहों पर प्रजनन करते हैं, इसलिए इन स्थानों का सफाई और निगरानी करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि यह समय सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का है ताकि राज्य को डेंगू मुक्त बनाया जा सके। सभी विभागों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने स्तर से सतर्कता एवं जागरूकता फैलाएं और संभावित मच्छरजनित स्थलों की नियमित निगरानी करें।स्वास्थ्य सचिव ने विभिन्न विभागों को डेंगू की रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, जल निगम, और अन्य विभागों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मच्छरों के प्रजनन स्थानों की सफाई सुनिश्चित करें और नागरिकों को इस बाबत जागरूक करें।



**■ डेंगू नियंत्रण में सभी विभागों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण ,स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कमार ने की बैठक**

### स्वास्थ्य विभाग चला रहा विशेष स्वास्थ्य अभियान

देहरादून।स्वास्थ्य विभाग की और से अस्पतालों और क्लीनिकों में डेंगू के मामलों की पहचान और उपचार के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। रोगियों को इलाज के साथ-साथ डेंगू के लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम घर-घर जाकर मच्छरों के प्रजनन स्थल की पहचान कर रही है और उन्हें नष्ट कर रही है।

### समूह आधारित स्वच्छता अभियान और निगरानी

देहरादून।उत्तराखंड में डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हर जिले में मच्छरों के उत्पत्ति स्थानों की पहचान कर उन्हें नष्ट कर रहे हैं। इसके अलावा, शहरी विकास विभाग द्वारा निर्माण स्थलों, पुराने टायरों, खाली प्लॉटों और पानी के जमा होने वाले स्थानों की सफाई की जा रही है। नगर निगम और ग्रामीण विकास विभाग के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें घरों और सार्वजनिक स्थानों से पानी के किसी भी प्रकार के संचय को रोकने पर जोर दिया जा रहा है। पानी की टंकियों, कूलरों और बर्तन आदि को सप्ताह में कम से कम एक बार साफ करने की सलाह दी जा रही है

### जन भागीदारी और मीडिया का सहयोग

**देहरादून।**जन जागरूकता अभियान के तहत, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। मच्छरों के प्रजनन स्थानों को नष्ट करने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है और उनका सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जा रहा है।साथ ही, जनप्रतिनिधियों और पंचायतों से भी अपील की गई है कि वे स्थानीय स्तर पर मच्छरों के प्रजनन स्थानों की पहचान करके उनकी सफाई करें और नागरिकों को डेंगू के बारे में जागरूक करें।

### शिक्षा विभाग का योगदान : छात्रों के माध्यम से जागरूकता

**देहरादून।**शिक्षा विभाग ने स्कूलों के माध्यम से छात्रों को डेंगू के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान शुरू किया है। छात्र घर जाकर अपने परिवार को डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देंगे। स्कूलों में विशेष रूप से सेहत और स्वच्छता पर आधारित पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि बच्चों के माध्यम से गांव और शहरों में व्यापक जागरूकता फैलाई जा सके।

### जल निकासी और कचरा प्रबंधन

देहरादून।सिंचाई और जल निगम विभाग द्वारा जल निकासी की प्रक्रिया को दुरुस्त किया जा रहा है ताकि वर्षा के पानी के जमा होने से मच्छरों के प्रजनन स्थल न बनें। कचरा प्रबंधन में भी सुधार किया जा रहा है ताकि मच्छरजनित बीमारियों से निपटा जा सके। इसके तहत कचरे के उचित निस्तारण और खुले स्थानों पर जल भराव की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# केंद्र सरकार के पाक पर लिए कदमों से टूटेगी देश के दुश्मनों की कमर: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा ने आतंकी हमले के बाद सरकार के पाक पर लिए कड़े कदमों का पुरजोर स्वागत किया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि देवभूमि और देश की जनता, आतंकियों और उनके आकाओं के खिलाफ हर कार्यवाही में पीएम मोदी के साथ खड़ी है। अब जो कुछ होगा उससे देश के दुश्मनों की कमर का हमेशा के लिए टूटना निश्चित है।

मीडिया से हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि इस वीभत्स आतंकी हमले के बाद शुरुआती तौर पर जो कदम भारत सरकार द्वारा उठाए गए हैं उनका पार्टी पूरी तरह से समर्थन करती है। चाहे सिंधु जल समझौते को रद्द करना हो, चाहे अटारी बाघा बॉर्डर बंद करना हो, चाहे वीजा समाप्त करना हो या अन्य कदम हों। मानवता को शर्मशार करने वाली इस घटना से पाक पोषित आतंकवाद ने अब सभी हदों को पार कर दिया है।दरअसल धारा 370 और 35ए हटाए जाने के बाद जम्मू कश्मीर लगातार तरक्की की तरफ बढ़ रहा है। जिसे देश के दुश्मन विशेषकर पाकिस्तान को हजम नहीं हो रहा है। अपने कर्मों से कंगाल पाक द्वारा यह सब घाटी में हो रहे विकास कार्य और व्यवसाय को डिरेल करने के लिए करवाया गया है।उन्होंने कहा कि पहले बालाकोट और स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक के बाद देश के दुश्मनों को समझ आ गया था कि भारत अब बदल गया है। ऐसी गतिविधियों पर मोदी सरकार द्वारा लगातार ईंट का जवाब पत्थर से दिया जा रहा है।140 करोड़ देशवासी, मोदी सरकार की ऐसी सभी निर्णायक कार्यवाही में पूरी तरह साथ हैं। वहीं विश्वास दिलाया कि मोदी देश के सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान और जनभावनाओं के अनुसार कठोरतम कार्यवाही करेंगे। जिससे हमेशा के लिए आतंकवाद और उनके आकाओं की कमर का टूटना निश्चित है।



शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

## एकजुट भारत

केंद्र सरकार की तरफ से गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले से किस तरह निपटा जाए। इस पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में मौजूद तमाम नेताओं ने एक स्वर में राजनीति को परे रखते हुए देश हित में सरकार जो भी कदम उठाएगी। उसके साथ रहने की बात कही है। यह बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई जो लगभग दो घंटे तक चली। इस बैठक के बादकांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी दलों ने घटना की निंदा की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी यह कहते नजर आए कि सरकार के किसी भी एक्शन का समर्थन करेंगे। इस बैठक में अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी रामगोपाल यादव, सुप्रीया सुले, श्रीकांत शिंदे, प्रफुल्ल पटेल मिथुन रेड्डी आदि विपक्ष के नेता थे। सर्वदलीय बैठक में जिस तरह का नजारा था उससे साफ है भले ही हमारी राजनीतिक विचारधारा एक-दूसरे से कितनी भी अलग हो लेकिन जब देश के ऊपर किसी संकट की बात आती है तो फिर आपसी राजनीतिक अदावत का कोई मतलब नहीं रह जाता। निश्चित रूप से इस समय दक्षिण एशिया के दो देशों में भारत व पाकिस्तान के बीच जबरदस्त तनाव है जोकि स्वभाविक भी है कोई भी संप्रभुता सम्पन देश यह किसी भी सुरत में स्वीकार नहीं कर सकता कि उसके निर्दोष निहत्ते नागरिकों को इस तरह मार दिया जाए जिस तरह पुलवामा में पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 28 भारतीयों की जान ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो टूक कह चुके है कि निर्दोष भारतीयों की मौतों को ऐसे जाने नहीं दिया जाएगा। जिन आतंकवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है उन्हे तो उनके अंजाम तक पहुंचाया ही जाएगा। साथ ही उन लोगों को भी कठघरे में खड़ा किया जाएगा जो इन आतंकवादियों के पीछे काम कर रहे है। भारत ने जिस तरह के अब तक कदम उठाए है वह बेहद महत्वपूर्ण है और बिलकुल उपयुक्त है। भारत में पाकिस्तान के तमाम नागरिकों को तुरंत भारत छोड़ने के लिए कहा है अटारी बॉर्डर बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान से तमाम व्यापारिक रिश्ते खत्म कर दिए है इसके साथ-साथ भारत में सैन्य विकल्प भी खुला छोड़ा है। जाहिर है भारत के इस कड़े रुख से पाकिस्तान में खलबली है। वहां की सेना भी अलर्ट पर है। पाकिस्तान ने भी पलटवार करते हुए ठीक ऐसे ही कदम उठाए है, लेकिन यह कदम पलटवार कम उसके डर जाने का अधिक संकेत दे रहे है। जाहिर है पाक अंदर से घबराया हुआ है। उसे भय है कि जिस तरह भारत के नेता कड़ा रुख दिखा रहे है। उससे वह पाकिस्तान के खिलाफ कुछ बड़ा कर सकता है। पीएम मोदी ने कहा भी है कि भारत इस तरह की कार्रवाई करेगा जो दुनिया के लिए भी एक मिसाल होगी। इस समय भारत एकजुट है ही साथ ही जिस तरह उसे विश्व समुदाय का समर्थन मिल रहा है उससे भी पता चलता है कि भारत के स्टैंड को दुनिया स्वीकार कर रही है।

## आतंकियों व उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द मिलेगी, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचाएगी, पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, बहन-बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# सवाल करती हुई कलम की मौत





**पवन सिंह**

समय को थोड़ा सा पीछे सरकाते हैं और 1980-90 के दशक पर ठहरते हैं। उस दौर की पत्रकारिता में गजब की ठसक और सवालों से भरे इतने तरकश होते थे कि बड़े से बड़ा सियासतदां भी पनाह मांग जाता था। अब पत्रकारिता से चाटुकारिता के इस लिज. लिजे दौर में न वो तेवर हैं, न हिम्मत है, न धार है और सवाल तो है ही नहीं। मौजूदा पत्रकारिता का यह सबसे छिछला और सड़ांध भरा व बदबूदार दौर है। जहां लाइट-कैमरा-एक्शन पर मेकअप आर्टिस्ट द्वारा पुते पूर्व निर्देशित कठपुतलियां हैं, जो अब सवाल नहीं करती हैं। एक वक्त था तब भी आंतकवादी घटनाएं और दंगे होते थे और अगली सुबह का अखबार जब हाथों में होता था तो फर्स्ट लीड भले ही दंगों/आतंकी घटनाओं पर हो लेकिन उस समय ऐसे लोगों को भी भरपूर जगह मिलती थी जो लोगों की जान बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगा देते थे।

ख़बरें बैलेंस थीं। पैनिक क्रियेट नहीं करती थीं। हम लोगों से कहा जाता था कि पाज़िटिव न्यूज भी खोजो। दंगों/आतंकवादी घटनाओं के साथ लोगों के सामाजिक-धार्मिक सरोकारों से जुड़ी ख़बरें तपिश को कम करती थीं। 21 अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है। नोएडा मीडिया 'बदबूदार पत्रकारिता' का झंडा-डंडा लेकर ग्राउंड जीरो से लेकर अपने दड़बे यानी स्टूडियो तक केवल 'सड़ांध चर्चा' करता रहा। कहां गए वो सवाल जो सत्ता की आंख में आंख डाल कर पूछे जाने चाहिए थे? वो लोग क्यों एक सिरे से खारिज कर दिए गए जो अपने टट्टुओं की पीठ पर या अपनी पीठ पर लाद कर लोगों की जान बचा रहे थे? काश्मीर की टैक्सी एसोसिएशन के वह सैकड़ों लोग जिन्होंने तय किया कि वे बिना पैसा लिए पर्यटकों को उनके गंतव्य तक पहुंचायेंगे, ये सब 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' की खबरों से गायब क्यों? उन सैकड़ों काश्मीरियों को क्यों नहीं दिखाया गया जो अस्पतालों में खून देने के लिए लाइन लगाए हुए थे? क्या ये खबर का हिस्सा नहीं थे? किसके कहने से खबरों से ये पक्ष 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' चबा गया? कौन था वो शख्स जो नहीं चाहता था कि ये सब भी खबरों का हिस्सा बने? लेफ्टीनेंट नरवाने कि बहन रो-रोकर कह रही है कि डेढ़ घंटे तक घटना स्थल पर कोई सुरक्षाकर्मी नहीं पहुंचा यह वीडियो खबरों से क्यों गायब रहा? इस बार भी कुंभ की तरह जन पत्रकारिता हुई, और लोगों ने अपने-अपने मोबाइल निकाले। वीडियो सोशल मीडिया पर डाले। ऐसे वीडियो जब तक एक के बाद एक, आना शुरू हुए तब तक चंपूछाप रिमोट कंट्रोल मीडिया पूरे देश में, खासकर गोबरपट्टी में अपने एजेंडा का सीवेज फैला चुका था। 30-32

**21 अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है**

सालों के इतिहास में पहली बार पूरा काश्मीर बंद रहा। पहली बार लोग आंतकवाद के खिलाफ सड़कों पर तिरंगा लेकर निकले। यह एहसास अगर उनको मूल धारा से जोड़ती है तो इसे खबरों में जगह क्यों नहीं दी गई? क्या ये खबर, खबर का हिस्सा नहीं थी? अब सवाल ये बनते हैं कि क्या खुफिया एजेंसियों के हमले के इनपुट्स थे, तो इसकी जवाबदेही किसकी बनती है? जब सरकार को पता है कि 'टयूरिज्म का सीजन' आरंभ हो चुका है और पहलगाम तक यात्री जाते हैं तो इतनी बड़ी चूक हुई तो हुई कैसे? सबसे चौंकाने वाली बात यह है की खुफ़िया एजेंसियों को इस तरह के हमलों की संभावनाओं के बारे में पहले से ही इनपुट मिले थे। अप्रैल, 2025 की शुरुआत में ही खुफिया सूत्रों ने चेता. वनी दी थी की आतंकी संगठन पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। इनपुट्स में यहां तक इंगित किया गया था की आतंकियों ने रेकी कर ली है और कोई बड़ा हमला हो सकता है। विगत 10 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने जम्मू में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी की इसके बाद विगत 6 अप्रैल, 2025 को अमित शाह श्रीनगर में इंटीग्रेटेड कमान की बैठक की अध्यक्षता करते हैं। इसके बावजूद 21 अप्रैल, 2025 को आंतकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देकर निकल जाते हैं और इसके बाद जब भारतीय मीडिया की देश को सबसे ज्यादा जरूरत थी वो सुलगती आग को पेट्रोल से सींच रहा था।

घटना को आधे घंटे के भीतर ही भारतीय मीडिया ने एक बड़ी वारदात को हिन्दू-मुस्लिम का रंग दे दिया। ग्राफिक्स का इस्तेमाल करके पोस्टर जारी हो गए? लेकिन यह सवाल छिपा लिया गया कि चंद रोज पहले ही संघ के मुखपत्र 'पांचजन्य' में काश्मीर को लेकर क्या टिप्पणी की गई थी? प्रधानमंत्री का दौरा रद्द हो जाना। हालांकि, जब सोशल मीडिया पर सवाल उठे तो कहा गया कि मौसम खराब होने की सूचना के कारण ऐसा किया गया। आज भी पुलवामा का सच सामने नहीं आया? ये सवाल आज भी वहीं खड़े हैं कि लंबी छुट्टी से डयूटी पर लौट रहे निहत्थे सीआरपीएफ के जवानों को 'एअर लिफ्ट' क्यों नहीं किया गया? जब यह प्रोटोकॉल है कि अगर कानवाय (सेना का काफिला) चलेगा तो सिविलियन ट्राफ़िक बंद रहेगा, क्यों ऐसा नहीं हुआ? भारी-भरकम आरडीएक्स लेकर कार में आतंकी आराम से घूमते रहे? देवेन्द्र सिंह क्यों छोड़ा गया? उसकी कार में कौन लोग थे? सीआरपीएफ के तत्कालीन डीजी अभय प्रताप सिंह का वह खत (पुलवामा हमले से पहले का) आखिर अचानक कहां गायब हो गया।

किसी दल के आईटी सेल के प्रवाह में बह जाना सबसे आसान बहाव है, लेकिन पाकिस्तानी आर्मी चीफ के दो दिन पूर्व के एक धमकी भरे बयान के बाद यह घटना हुई, लेकिन मीडिया ने यह सब कुछ क्यों दबा दिया। यह खबर 'सीवरेज बहस' का हिस्सा क्यों नहीं बनी? जब-जब कोई अमेरिकी राजनयिक भारत आता है अक्सर इस तरह की आतंकी घटनाएं होती हैं? फिर भी सतर्कता क्यों नहीं बरती गई? सवाल यह भी है कि क्या पाकिस्तान ने बलोच की ट्रेन किडनैपिंग का बदला लिया है? क्योंकि इस घटना पर हमारे बहादुर आईटी सेल ने अपनी मूर्खतापूर्ण बहादुरी दिखाई थी, और इस घटना को 'गंध तरीके से' भारत के दो नेताओं के 'सिर का ताज' बनाया था कि 'वो हैं' तो मुमकिन है? अगर ट्रेन के कब्जे पर कुछ किया भी गया था तो इस तरह की घटना का श्रेय कौन सा बेवकूफ देश लेता है? अगर किया भी था तो चिल्लाने की जरूरत क्या थी। ये सवाल भी बनता है कि सेना में दो लाख से अधिक जवानों की कमी क्यों।

बहुत से प्वाइंट है जिस पर मीडिया को बात करनी थी लेकिन बात और विषय घुमा दिए गए। नोट बंदी के बाद आतंकवाद की कमर ही टूट गई थी, का झंडा लहराने वालों से यह सवाल क्यों नहीं कि फिर भी लगातार आतंकवादी घटनाएं क्यों हो रही हैं? क्या चैनलों और अखबारों को यह टैग लाइन/पंच लाइन दी गई थी कि 'नाम पूछ कर मारा' यही 'फ्रेम' रहेगा और क्या यह सवाल मना थे कि सुरक्षा में चूक कहां और क्यों हुई? मीडिया टैग लाइन/पंचलाइन ओढ़ कर वो सारे सवाल चबा गया जो हमारे-आपके सवाल थे? क्या अगली किसी दुखद घटना के इंतजार में क्योंकि टैग लाइन/पंचलाइन के चक्कर में मीडिया फिर से मूल विषय खा गया।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# सिंधु जल संधि टूटने का खामियाजा...



**अक्षत सरोत्री**

पाकिस्तान प्यास से (**Indus Water**) मर जाएगा। इस गर्मी में पाकिस्तान को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। 'पाकिस्तान को अकेला छोड़ दिया जाएगा-जब भारत ने पहलगाम हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि पर रोक लगाने का फैसला किया, तो इस पर ढेरों पोस्ट लिखे गए कि इसका पाकिस्तान पर क्या असर होगा। हालांकि लंबे समय में पाकिस्तान के लिए इसके बहुत बड़े परिणाम होंगे, लेकिन अभी यह मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति है।



### सिंधु जल संधि को समझिए

कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था। दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। संधि के अनुसार, भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है।

वहीं, पाकिस्तान को 'पश्चिमी नदियों'-सिंधु, झेलम और चिनाब से पानी प्राप्त करने की अनुमति दी गई है। अब, पाकिस्तान, जो कि निचले तटवर्ती देश है, क्योंकि नदियां नीचे की ओर बहती हैं, नुकसान में है। ऊपरी तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां नदी का उद्गम होता है और निचला तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां यह समाप्त होती है। इस प्रकार, चूंकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियां पाकिस्तान से नहीं निकलती हैं, इसलिए देश इस संधि पर बहुत अधिक निर्भर है, क्योंकि उसे इन नदियों से कुल जल प्रवाह का लगभग 80 प्रतिशत प्राप्त होता है। यह पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में कृषि और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। वास्तव में, पंजाब प्रांत देश के 85 प्रतिशत खाद्यान्न का उत्पादन करता है। इसके अलावा, कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण, कृषि क्षेत्र पाकिस्तान के खजाने में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान देता है तथा इसकी 70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी की आय का एकमात्र स्रोत है।

पाकिस्तान पहले से ही भूजल की कमी का सामना कर रहा है और कराची जैसे शहर निजी जल टैंकरों पर निर्भर हैं, सिंधु नदियों से जल प्रवाह में किसी भी प्रकार की बाधा से फसल की पैदावार प्रभावित होगी, जिससे खाद्यान्न की कमी और आर्थिक अस्थिरता की संभावना पैदा होगी।

### पाक पर इसका असर तुरंत क्यों नहीं पड़ेगा?

हालांकि, इसका प्रभाव तुरंत महसूस नहीं किया जाएगा, क्योंकि संधि को स्थगित रखने के भारत के फैसले का मतलब यह नहीं है कि पाकिस्तान को मिलने वाला पानी तुरंत बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत के पास अभी सिंधु नदी से पाकिस्तान में पानी के बहाव को रोकने या उसे अपने इस्तेमाल के लिए मोड़ने के लिए बुनियादी ढांचा नहीं है। भारत ज़्यादा से ज्यादा पानी के बहाव को 5-10 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

संधि भारत को सिंधु, झेलम और चेनाब पर जलाशय बांध बनाने से रोकती है। हालांकि, भारत जलविद्युत 'रन-ऑफ-द-रिवर' परियोजनाएं विक. सित कर सकता है। इसका मतलब है कि परियोजनाएं पानी के प्रवाह को बदल नहीं सकती हैं या इसे बाधित नहीं कर सकती हैं। संधि को निलंबित करने का मतलब है कि भारत इन प्रतिबंधों का पालन नहीं कर सकता है, और जल प्रवाह को रोकने के लिए जलाशय बांधों का निर्माण शुरू कर सकता है। हालांकि, इन नदियों पर बड़े जलाशयों का निर्माण करने में कई साल या एक दशक लग सकते हैं। पारिस्थितिकी प्रभाव को देखते हुए इस तरह की चीज को सफल बनाने के लिए व्यापक सर्वेक्षण और धन की आवश्यकता होगी। इस प्रकार, इस समय, भारत का कदम पाकिस्तान पर आतंकी समूहों पर लगाम लगाने और घुसपैठ को रो. कने के लिए दबाव बनाने की रणनीति है। एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने स्थिति को पूरी तरह से अभिव्यक्त किया। यह कल पानी बंद करने के बारे में नहीं है। नल अभी भी खुला है। लेकिन इसके पीछे का संयम हटा दिया गया है कि उपयोगकर्ता ने ट्वीट किया।

**कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था, दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, संधि के अनुसार भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है**

# हंगामा है क्यों बरपा ?



**रजनीश कपूर**

भारत के संविधान में न्यायपालिका और विधायिका को विशेष अधिकार और शक्तियां प्रदान की गई हैं, जो उनके बीच संतुलन और नियंत्रण बनाए रखने के ज़रूरी हैं। ये दोनों संस्थाएं संविधान के तहत अपने-अपने क्षेत्र में स्वतंत्र और समान रूप से कार्य करती हैं, लेकिन साथ ही एक-दूसरे की शक्तियों पर भी नियंत्रण रखती हैं। हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है। दुबे ने न्यायपालिका पर 'अराजकता' और 'धार्मिक युद्ध' भड़काने का आरोप लगाया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपनी संवैधानिक सीमाओं से आगे बढ़ रहा है, जिससे संसद और विधानसभाओं की भूमिका गौण हो गई है। दुबे की इन टिप्पणियों पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और अवमानना की कार्यवाही की मांग की है।

वहीं भाजपा ने खुद को इन टिप्पणियों से दूर कर लिया है। विपक्षी दलों की नज़र में मौजूदा विवाद एक सोची-समझी रणनीति के तहत जनता का ध्यान वक्फ़ विधेयक से उत्पन्न असहज परिस्थिति से भटकाने के लिए किया गया है। इस विवाद ने न्यायपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों के संतुलन, संविधान में उनके अधिकारों और सीमाओं पर पुरानी बहस को फिर से प्रासंगिक बना दिया है।

भारतीय न्यायपालिका एक एकीकृत प्रणाली है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय शीर्ष पर है, उसके नीचे उच्च न्यायालय और फिर जिला एवं सत्र न्यायालय आते हैं। सर्वोच्च न्यायालय संविधान का संरक्षक है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का 'गारंटर' भी है। सर्वोच्च न्यायालय के पास मूल अधिकार क्षेत्र होता है, जिसमें वह केंद्र और राज्यों के बीच विवादों का निपटारा करता है। इसके अलावा, यह अपीलीय और सलाहकार अधिकार भी रखता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। यह संविधान के सर्वोच्च कानून के रूप में पालन को सुनिश्चित करता है। यदि कार्यपालिका व विधायिका संविधान का उल्लंघन करते हैं तो उनके कार्यों को असंवैधानिक घोषित भी कर सकता है। न्यायपालिका विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों की समीक्षा करती है और अनुच्छेद 13 के तहत असंवैधानिक पाए गए कानूनों को अमान्य भी कर सकती है। यह विधायिका की शक्तियों पर एक महत्वपूर्ण नियंत्रण है।

न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, लेकिन यह 'कॉलेजियम' प्रणाली के माध्यम से होती है, जो न्यायिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करती है। इसके अलावा, न्यायाधीशों पर महाभियोग लगाकर उन्हें हटाने का प्रावधान भी है, जिससे न्यायपालिका की जवाबदेही बनी रहती है। अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय 'पूर्ण न्याय' के लिए आदेश जारी कर सकता है, जिससे उसे कुछ कार्यकारी कार्यों को संचालित करने की अनुम. ति मिलती है, खासकर जब कार्यपालिका विफल होती है। वहीं विधायिका का मुख्य कार्य कानून बनाना है। यह संसद (लोकसभा और राज्यसभा) और राज्य विधानसभाओं के रूप में कार्य करती है। विधायिका के पास कानून बनाने, संशोधित करने और रद्द करने का अधिकार है। यदि न्यायपालिका किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर देती है, तो विधायिका उस कानून को संविधान के अनुरूप संशोधित कर पुन: वैध बना सकती है। विधायिका के सदस्यों को भाषण और मतदान की स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत प्राप्त है, जो उन्हें न्यायालयों के हस्तक्षेप से बचाता है। विधायिका के पास राष्ट्रपति या न्यायाधीशों के खिलाफ महाभियोग चलाने का अधिक. ार भी है, जो संवैधानिक उल्लंघनों के लिए एक नियंत्रण तंत्र है। विधायिका कार्यपालिका को सलाह देती है और उसके कार्यों की निगरानी करती है। कार्यपालिका के पास अध्यादेश जारी करने का अधिकार होता है, जिससे आपातकालीन स्थितियों में विधायिका को दरकिनार किया जा सकता है। भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से शक्ति विभाजन का उल्लेख नहीं है, लेकिन कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच कार्यों का स्पष्ट विभाजन है। अनुच्छेद 50 के तहत न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करने के लिए कदम उठाए गए हैं। अनुच्छेद 121 और 211 विधायिका को न्यायाधीशों के आचरण पर चर्चा करने से रोकते हैं, और अनुच्छेद 122 और 212 न्यायपालिका को विधायिका की कार्यवाही पर निर्णय लेने से रोकते हैं। इससे दोनों के बीच संतुलन बना रहता है। यदि विधायिका संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करती है, तो न्यायपालिका उसे निरस्त कर सकती है, जैसा कि 'केशवानंद भारती' मामले में स्थापित किया गया था। इस प्रकार न्यायपालिका संविधान की सर्वोच्चता सुनिश्चित करती है। संविधान के अनुसार न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में स्वतंत्रता के साथ कार्य करना चाहिए और एक-दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। यह संतुलन लो. कतंत्र के स्वस्थ संचालन के लिए आवश्यक है। सांसद निशिकांत दुबे की टिप्पणियां न्यायपालिका की भूमिका और शक्तियों को चुनौती देने वाली हैं जो भारतीय संविधान में शक्तियों के विभाजन और 'चेक्स एंड बैलेंस' की व्यवस्था पर ग़लत असर डालती हैं। यह सही है कि न्यायपालिका का कार्य केवल कानून की व्याख्या और संविधान की रक्षा करना है, न कि विधायिका की भूमिका का अतिक्रमण करना। पर मौजूदा विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह कोई अतिक्रमण नहीं किया है। किसी भी नए क़ानून की व्याख्या करना और उसकी संवैधानिक स्वीकारिता को परखना अदालत का दायित्व है, जो उसने वक्फ़ क़ानून के मामले में या पहले भी अनेक बार किया है। इसलिए निशिकांत दुबे के बयान ने एक संवैधानिक संकट खड़ा कर दिया है।



**हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है**

# बूढ़ी स्किन को जवां बनाने के लिए ऐसे इस्तेमाल करें मेथीदाना

हर भारतीय किचन में तमाम तरह के मसाले मिल जाते हैं। खाना बनाने के दौरान मेथीदाने का भी इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन मेथीदाना का इस्तेमाल सिर्फ खाने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि यह बालों और स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद मानी जाती है। बढ़ती उम्र के साथ ही हमारे चेहरे पर झुर्रियां आदि नजर आती हैं। ऐसे में आज मेथीदाने को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं। दरअसल, मेथीदाना में एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और स्किन टाइटनिंग गुण पाए जाते हैं। यह आपकी त्वचा को यूथफुल, स्मूथ और ब्राइटन बनाए रखने में मदद करता है। मेथीदाना के इस्तेमाल से झुर्रियों से लेकर फाइन लाइन्स तक को कम करने में सहायता मिलती है। मेथीदाना को आप स्किन केयर के तौर पर कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सामग्री...

एक कप पानी
मुट्ठी भर मेथीदाना

### ऐसे बनाएं

सबसे पहले एक कप पानी में मुट्ठी भर मेथी के बीजों को करीब 10 मिनट तक उबालें।
फिर जब यह ठंडा हो जाए तो छान लें।
इस तरह से आपका टोनर बनकर तैयार हो गया है।
इसमें कॉटन पैड भिगोएं और हर रास इससे अपना चेहरा पोंछें।

### सामग्री...

मेथी पाउडर- 1 चम्मच
एलोवेरा जेल- 2 चम्मच

### ऐसे करें उपयोग

इसके लिए मेथी पाउडर को एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं।
अब रात में सोने से पहले स्किन को साथ करें और इसकी हल्की लेयर लगाएं।
रात भर इसको लगा रहने दें और सुबह चेहरा धो लें।
मेथीदाना और गुलाब जल से बनाएं फेस मिस्ट
बता दें कि यह फेस मिस्ट न सिर्फ स्किन हाइड्रेशन का ख्याल रखता है। बल्कि स्किन को टाइटन भी करता है।

# MANY EDUCATIONAL INSTITUTIONS OF NAINITAL IN THE TOP 10 SCHOOLS IN THE COUNTRY

## एकोर्न स्कूल बना नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद




कक्षा पांचवी तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर में नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद बन गया है। स्कूल का वातावरण बच्चों को खूब भाता है। पढ़ाई का स्तर उच्च स्तरीय है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य आशा आर्या कहती हैं कि उनका जीवन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए समर्पित है।


Acorn
By Oakwood School
English Medium Day Cum Residential School
Class Pre-Nursery to V
ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26
The best school in the town with loving and caring atmosphere
Visit:
HH Apartments, Belvdre Compound, Mallital, Nainital, Uttarakhand
Call to find out more:
+91- 8865928856, +91 9837066353
E-mail:
acornoakwood565@gmail.com



MOHAN LAL SAH BAL VIDYA MANDIR
SR. SECONDARY SCHOOL (Affiliated to CBSE) Delhi
Day-Cum-Boarding School with excellent boarding facilities for Girls


Admission Open for Nursery, LKG, UKG (Boys too) and Class V upwards (Girls Only).
All three streams are available for Class XI (Science, Commerce & Humanities).
Well known for academic excellence and all round development.
For further details please log on to website.
www.mlsbalvidyamandir.com
ADMISSION OPEN 2025-26
Peter's Field, Mallital, Nainital
Phone No. 05942-236189
STRIVE FOR EXCELLENCE





PRINCIPAL
MANAGER




## प्रगति के पथ पर मदर हार्ट स्कूल



नगर के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में सुमार मदर हार्ट पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय पूर्णरूप से शिक्षा के मापदंडों के साथ बच्चों के चहुमुखी विकास करते आ रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन कार्य संचालित किया जाता है। साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नगमा परवेज कहती हैं कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित है। जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।


THE MOTHSER'S HEART SCHOOL
NAINITAL
GOVERNMENT RECOGNISED
A Co-ed English Medium Day/ Residential School
- A reputed school from nursary to V
- Teaching with audio visul play way method
- Preparing children for prestigious Schools in Nainital
- Excellent result since 1999.

Provides day boarding facility also
Shanti Niketan, Near Rikshaw Stand, Mallital, Nainital
Ph.: 9837347989, E-mail: themothersheart123@gamil.com


## छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार



लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर रहा है। निःसंदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल दसवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पाठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।

# वैश्विक स्तर की शिक्षा दे रहा नैनीताल

समय के साथ शैक्षणिक परिवेश में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बदलाव पिछले कुछ वर्षों में देखने को मिला है। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका इंटरनेट की रही है। नैनीताल के शिक्षण संस्थानों (स्कूलों) की बात की जाय तो वह पहले भी वैश्विक स्तर की थी और वर्तमान में भी देश में सर्वोपरि स्थान रखते हैं।

इसका उदाहरण आवासीय विद्यालय हैं, जहां शायद ही देश का कोई प्रान्त हो और विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो। इसके अलावा विदेशों के भी विद्यार्थी इन स्कूलों में अध्ययनरत हैं। नैनीताल की उत्कृष्ट शिक्षा का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सर्वविदित है, नैनीताल का स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना है। इन वर्षों में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में सामिल रही है, जो वर्तमान में भी बरकरार है। यहां शिक्षा का पैर्टन अंतराष्ट्रीय स्तर का है, देश में चुनिंदा विद्यालय हैं, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होते हों। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया के देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना व अपने परिवार के अलावा विद्यालय व नैनीताल का नाम रोशन कर रहे हैं। आईसीएसई व सीबीएसई समेत कई अन्य बोर्ड से राम्बद्ध नगर के कई अन्य विद्यालय बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं। अधिकांश विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किए जाते हैं और आवासीय विद्यालयों का रहन–सहन उच्च कोटि का है, जबकि शैक्षणिक वातावरण दुनिया के सीमित क्षेत्रों में अपनी जगह बनाता है। यही वजह है, दुनिया के अनेक देशों के विद्यार्थी स्कूलिंग के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं। इस नगर से शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में दौलत व शौहरत हासिल करने वाले सख्शियतों की लंबी फेहरिश्त है, जिनका जिक्र इस आलेख में संभव नही है। सिने जगत में विख्यात दर्जनों नामी अभिनेताओं ने नैनीताल से शिक्षा हासिल की है, जबकि सेना के तीनों अंगों में सेवा देने वाले अधिकारियों के दर्जनों विख्यात नाम हैं। आईएएस व पीसीएस अधिकारियों में अपना नाम सुमार करने वालों की बड़ी संख्या है।

राजनैतिक, सामाजिक व व्यापार समेत कई अन्य वर्गों में नाम कमाने वाले अनेकों व्यक्तित्व इसी नगर की देन हैं। यही वजह है कि इस नगर को गुरुकुल के नाम से जोड़ा जाता है।

**अफजल हुसैन फौजी**

### नगर व प्रमुख शिक्षण संस्थान

शेरवुड कॉलेज, ऑल सेंटस कॉलेज, सेंट मेरी कॉलेज, सेंट जोजफ कॉलेज, बिड़ला विद्या मंदिर, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, लौंगव्यु पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, सनवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डॉन बास्को गर्ल्स व बॉयस पब्लिक स्कूल, पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार, नैंसी कान्वेंट, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, पाइन क्रस्ट एलिमेंटरी स्कूल, वृंदावन पब्लिक स्कूल, सेंट जॉन्स स्कूल, रामा मोंटेसरी, एकोर्न पब्लिक स्कूल, वसंत वैली पब्लिक स्कूल, मदर्स हार्ट, अमेरिकन किड्स, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, चेतराम साह ठुलघरिया, राजकीय इंटर कॉलेज, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर व एसडेल कॉलेज के नाम शामिल हैं।

## छात्राओं का भविष्य संवार रहा एमएल साह बाल विद्या मंदिर




अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर के विद्यालयों में खास स्थान रखता है। देश के विभिन्न प्रांतों की छात्राएं इस विद्यालय में शिक्षारत हैं। यह विद्यालय आवासीय के साथ दिवसीय है, जो शिक्षा के तमाम मापदंडों की पूर्ति करता है और कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व निभा रहा है। हजारों छात्राए इस विद्यालय से अध्ययन कर अपना भविष्य संवार चुकी है। यह विद्यालय तमाम सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य अनुपमा साह कहती हैं कि यह विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाता रहेगा। प्रबंधक विनय साह के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।


BIRLA VIDYA MANDIR, NAINITAL
(Sarala Birla Group of Schools) (Estd. 1947)
A Fully Residential English Medium Public School for Boys
Ranked amongst Top - 10 Boys Boarding Schools in India, as per Education World 2024 ranking
Website: birlavidvamandir.com
Phone: 05942 - 238993, 238729, +91 9410338207

Key Features:
- A legacy boarding school campus, founded in 1870.
- 70-acre campus with the greenest environs amongst Indian boarding schools.
- The only school in Nainital with a central heating facility.
- Distinguished old boys include Jim Corbett (Oak Openings High School), Anil Sadgopal (Jamnalal Bajaj awardee), Lt. General J. S. Ahluwalia (PVSM), Dr. Anand Mishra (Professor & Head, Endocrine Surgery, KGMU, Lucknow) and Danny Denzongpa.
- Excellent Board results over the decades, backed by a learning environment which is augmented by an experienced faculty, modern teaching pedagogy, personalised care and well-equipped science, robotics and IT labs.
- A judicious mix of co-scholastic activities through a variety of clubs, societies and hobby centres. Hosts Annual National Inter-School Literary and Sports Conclave, with a wide participation of schools.

Distinguished Knowledge Affiliates






ADMISSIONS OPEN FOR 11TH GRADE
Co-Ed and Senior Secondary school (Nursery to 12th)
Limited seats for Grade 11th in Science, Commerce and Humanities.
REGISTER NOW
Call Us 6397909778 / 9411110395
For more details, visit www.lpsnainital.edu.in


## देश के अग्रणी स्कूलों में सुमार बिड़ला विद्या मंदिर




देश में बिड़ला विद्या मंदिर अग्रणी पब्लिक स्कूलों में अपना अलग नाम व मुकाम हासिल किया है। जिसके फलस्वरूप यह विद्यालय अपना एक अलग स्थान कायम किए हुए है। सीबीएसई से संबंद्ध यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले नैसर्गिक वातावरण में स्थित है। बिड़ला विद्या मंदिर देश के अग्रणी सीबीएसई बोर्ड विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। देश–विदेश के कई हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखकर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास रहता है। जिसे ध्यान में रखकर विद्यालय में अनिवार्य विषयों के अलावा तमाम प्रतिस्पधाओं में भी छात्रों को निपूर्ण बनाया जाता है। विद्यालय का इतिहास है कि बोर्ड परिक्षाफल शत–प्रतिशत रहा है। जिसे भविष्य में भी कायम रखा जायेगा।






## शेरवुड कालेज की देश में अलग पहचान



शेरवुड कालेज शिक्षा के क्षेत्र में नाम देश के नामचिन विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय बच्चों का भविष्य संवारता हुआ आ रहा है। विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है जिसमें बच्चों के भोजन व रहने तथा अन्य समस्त सुविधायें विद्यालय में मौजूद है।

पठन-पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह सभी सुविधायें विद्यालय में मौजूद है जो वर्तमान में जरूरत के हिसाब से आवश्यक होती है। अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। वर्तमान में प्रधनाचार्य अमनदीप संधू विद्यालय का संचालन कर रहे है। वह कहते हैं कि विद्यालय का गौरव बनाये रखने का प्रयास रहेगा।


Estd. 1869
SHERWOOD COLLEGE
NAINITAL
Co-ed from Class 3 to 12



Affiliated to CISCE, New Delhi & IGCSE, AS & A Level Cambridge London U.K.
Amandeep Sandhu
Principal
Mob.: 9456316655, Ph.: 05942-236361
E-mail: adimissions@sherwood.edu.in, Web.: www.sherwood.edu.in


## नगर का अग्रणी स्कूल सनवाल



उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल प्रबंधन के चलते यह विद्यालय कक्षा 12वीं तक जा पहुचा है। वर्ष 1952 में सनवाल स्कूल की स्थापना एंजेलिना ग्रेस सनवाल द्वारा की गई थी। लिहाजा सनवाल स्कूल अपने उद्देश्य की पूर्ति करता हुआ 73 साल का सफर तय करने में न केवल कामयाब हुआ है, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध सनवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रबंध निदेशक गौरव सनवाल विद्यालय का कुशल प्रबंधन का दायित्व निभा रहे हैं, जबकि ए इमेन्युअल प्रधानाचार्य के पद पर बेहतर शिक्षण कार्य रही हैं। वह कहती हैं कि विद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों का भविष्य संवारने हेतु दायित्व निभा रही हैं।


SANWAL SCHOOL
(A Senior Secondary Co-Education School)
Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
From 1 to 9 & 11 And KINDERGARTEN




Gaurav Sanwal
Managing Director
A. Emmanuel
Principal
Offered Streams For Class 11&12: • Science • Commerce
Contact Us: E-mail: sanwal_school@rediffmail.com, Ph.No.: 05942-235747 Mob.: 7579207575
Address: MALLITAL, NAINITAL-263001 UTTARAKHAND